

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





खेल

**भारत के धुरंधर खिलाड़ियों के क्लब में होंगे शामिल, टेस्ट क्रिकेट में स्पेशल सेंचुरी...**

देश

**पीएम ने 17,300 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का किया...**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • गुरूवार • 29 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 80 • पृष्ठ 12

### 9 वर्ष बाद पुनः पीएम रहते नरेंद्र मोदी पहुंच रहे हैं औरंगाबाद, विभिन्न झाकियों से होगा स्वागत

# औरंगाबाद में कई योजनाओं का लोकार्पण-शुभारम्भ करेंगें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर आमजनमानस में अलग सा उत्साह : सांसद
- सभी रैलियों का टूटेगा रिकॉर्ड

कार्यालयसंवाददाता | औरंगाबाद



आगामी दो मार्च को औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक होगी। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर आमजनमानस का उत्साह चरम सीमा पर है। उक्त बातें सांसद सुशील कुमार सिंह ने बुधवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होनें कहा कि हमें विभिन्न जगहों से सूचना मिल रही है कि लोग प्रधानमंत्री का स्वागत अपने-अपने अनोखे अंदाज में करना चाहते हैं। विभिन्न वेशभूषा के माध्यम से देशहित एवं राष्ट्रहित में नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए बड़े फैसलों को दर्शाया जाएगा। झाकियों के माध्यम से मोदी का स्वागत किया जाएगा। राम मंदिर निर्माण, धारा 370 आदि मुद्दों पर मोदी के बेबाक कदमों की झलक इन झाकियों में दिखेगी। जहां-जहां प्रधानमंत्री के आगमन की सूचना जा रही है उन सभी जगहों से बेहद सकारात्मक तथा ऊर्जावान प्रतिक्रिया मिल रही है। पार्टी कार्यकर्ता, नेता से लेकर आम लोग बेहद उत्साहित हैं। सभी अपने जननेता का स्वागत-अभिनंदन करना चाहते हैं। विश्व के सबसे बड़े जनप्रिय नेता का आगमन भगवन भाष्कर की धरती औरंगाबाद जिले में हो रहा है यह हम सभी केलिए गर्व की बात है।


वहीं सांसद ने अहम् जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री यहां से देश की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारम्भ, लोकार्पण, उद्घाटन तो कई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगें। आगामी दो मार्च को देश का केंद्रबिंदु होगा औरंगाबाद जिला। वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे, आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे समेत अन्य बड़ी परियोजना का उदघाटन होगा। इनमे से कई योजना औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र को लाभान्वित करेंगें। साथ ही नरेंद्र मोदी विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगें। हालांकि मोदी कोई भी रोड शो नहीं करेंगें। प्रधानमंत्री का आगमन सुबह 11:30 बजे औरंगाबाद बाईपास किनारे रतनुआ स्थित मैदान में होगा। सभा के लिए बड़े स्थल का चयन करना था। सांसद ने कहा कि अमूमन शहर में गेट स्कूल अथवा गांधी मैदान का उपयोग आम सभाओं क लिए किया जाता है। मगर संभावित भीड़ को देखते हुए उक्त दोनों स्थल छोटे पड़ रहे थे। इसलिए रतनुआ में चयनित सभा स्थल सबसे उपयुक्त दिखा। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी का आगमन 2015 में हुआ था। पुनः वे औरंगाबाद आ रहे हैं। बता दें कि पीएम रहते मोदी ही एकलौते ऐसे नेता हैं जो दूसरी बार औरंगाबाद जिला आ रहे हैं। सांसद ने बताया कि इस मौके पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार, राज्यपाल, उप मुख्यमंत्री सह भाजपा बिहार प्रदेश के अध्यक्ष सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, मंत्री प्रेम कुमार, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद डॉ संजय जायसवाल, मगध तथा शाहबाद के तमाम सांसद समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहेंगें।

#### कई मायनों में महत्वपूर्ण है मोदी की यह जनसभा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र बिहार राज्य में अपना कैम्पेन औरंगाबाद से ही शुरू कर रहे हैं। यह अपने आप में एक बड़ी बात है। साथ ही करोड़ों रुपयों की योजनाओं की शुरुआत भी औरंगाबाद से की जायेगी। औरंगाबाद में पीएम की जनसभा को सफलता दिलाने हेतु सांसद सुशील कुमार सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता-नेता दिन-रात लगे हुए हैं। स्थल निरिक्षण, प्रबंधन, सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम आदि के निषापादन में सांसद पूरी प्रतिबद्धता से लगे हुए हैं।

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 62, 830 | ₹73,900 |



## आज का इतिहास

- 1905 : प्रथम कैबिनेट सचिव एन.आर. पिल्लै को भारत में नियुक्त किया गया
- 1959 : अन्ना चांडी भारत में उच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली पहली महिला न्यायाधीश बनी।

## न्यूज बाइट्स

### ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा 13 व नौवीं की 16 मार्च से शुरू होगी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने ग्यारहवीं और नौवीं की वार्षिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। दोनों परीक्षाओं का शिड्यूल भी जारी कर दिया गया है। पूरी जानकारी सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेज दी गई है। बोर्ड की ओर से जारी शिड्यूल के अनुसार ग्यारहवीं की परीक्षा 13 से 20 मार्च तक होगी, वहीं प्रायोगिक परीक्षा दो दिनों 21 व 22 मार्च को आयोजित होगी। नौवीं की वार्षिक परीक्षा 16 से 20 मार्च तक अलग-अलग पालियों में होगी। इसकी प्रायोगिक परीक्षा 15 मार्च को होगी। सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को चार से आठ मार्च के बीच में प्रश्नपत्र पहुंचा दिया जाएगा। वार्षिक परीक्षा में सभी छात्रों को शामिल होना अनिवार्य है। इस परीक्षा के आधार पर ही छात्र मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

### राज्य में अवैध बालू खनन और इससे जुड़े माफिया को नहीं बख्शा जाएगा

**पटना (नि.सं.)।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में अवैध बालू खनन और इससे जुड़े माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य सरकार द्वारा मुख्यालय स्तर पर बालू खनन और इसके अवैध कारोबार करने वाले माफिया की निगरानी की हाईटेक व्यवस्था की जा रही है। नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से मुख्यालय में कमांड आफिस से राज्य भर में बालू खान और इससे जुड़े माफिया की निगरानी जल्द शुरू होगी। बुधवार को बिहार विधानसभा में विधायक भाई वीरेन्द्र, गोपाल रविदास और राजेश कुमार ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से पटना, भोजपुर और छपरा में बालू का चालान निर्गत करने तथा बालू खनन चालू कराने और नावों का निबंधन कराने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट किया था। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सरकार की ओर से उत्तर देते हुए कहा कि प्रशासन की कार्रवाई में अवैध बालू खनन करने के मामले में पटना जिले में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 40 गैरनिबंधित नावों को जब्त किया गया।

### तीन हजार किलोग्राम मादक पदार्थ की खेप जब्त

**नई दिल्ली (एं.)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशा मुक्त भारत के सरकार के सपने को पूरा करने की दिशा में शानदार सफलता हासिल करते हुए देश में मादक पदार्थों की तीन हजार किलोग्राम की सबसे बड़ी खेप जब्त की है। ब्यूरो, नौसेना और गुजरात पुलिस आतंकवाद रोधी दस्ते ने एक संयुक्त अभियान में हिंद महासागर में लगभग 3300 किलोग्राम ड्रग्स की एक विशाल खेप जब्त की। यह देश में मात्रा के हिसाब से सबसे अधिक अपतटीय जब्ती है और अपने आप में रिकॉर्ड है जिसमें देश में चरस या हशीश की उच्चतम जब्ती शामिल है।

# होली से पहले किसानों को सौगात प्रधानमंत्री ने जारी की 16वीं किस्त

एजेंसी | नई दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी ने देश भर के लाखों गरीब किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की रकम जारी कर दी है। किसान काफी समय से सम्मान निधि की 16वीं किस्त का इंतजार कर रहे थे। पीएम नरेन्द्र मोदी आज यानी बुधवार को देश के करोड़ों किसानों के खाते में 2000 रुपये की रकम ट्रांसफर कर चुके हैं। बता दें कि पीएम मोदी ने आज किसानों ने बैंक खाते में किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त के पैसे ट्रांसफर किये हैं। अगर आप भी पीएम किसान योजना के लाभुक हैं। और आप चेक करना चाहते हैं कि आपके खाते में पैसे ट्रांसफर हो रहा है या नहीं तो आप सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट pmkisan|gov|in पर क्लिक करें। इसके बाद आप 'नो योर स्टेटस' पर क्लिक करें। जो कॉलम आएगा इसमें आपको अपना रजिस्ट्रेशन फोन या मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा, साथ ही कैप्चा कोड भी भर दें। इसके बाद गेट डीटेल के बटन पर क्लिक कर दें। इसके बाद आपके स्क्रीन पर आपका प्रेजेंट स्टेटस आ जाएगा। इसके साथ ही आपको जानकारी मिल जाएगी कि आपको 16वीं किस्त का लाभ मिला है या नहीं। दरअसल कई बार लाभुक किसानों के खाते में तत्काल पैसा ट्रांसफर नहीं होता इस कारण वो बेवजह परेशान होते हैं। केंद्र सरकार साल में तीन बार आर्थिक रूप से कमजोर या सीमांत किसोनों के लिए उनके बैंक खाते में 2000 रुपये की रकम डालती है। इस योजना के तहत अबतक 15वीं किस्त तक के पैसे सरकार ट्रांसफर कर चुकी है। आज पीएम मोदी ने 16वीं किस्त की रकम जारी कर दी है। होली से पहले किसानों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर सरकार ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। इस योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 2|81 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक मदद की गई है। गौरतलब है की केंद्र की मोदी सरकार ने साल 2019 के फरवरी महीने में पीएम किसान योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का मकसद गरीब किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना का लाभ करोड़ों किसान ले रहे हैं। योजना के तहत पीएम मोदी किसानों के बैंक खातों में सीधे रकम ट्रांसफर करते हैं। इस योजना का लाभ पाने के लिए लाभुकों को केवाईसी कराना अनिवार्य है।

#### किसानों के खाते में 21000 करोड़ ट्रांसफर

पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के यवनमाल से किसानों के खाते में पैसे ट्रांसफर किये। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो दिल्ली से एक रुपया निकलता था और गंतव्य तक 15 पैसे पहुंचते थे। उन्होंने कहा कि अगर अभी कांग्रेस की सरकार होती तो जो 21,000 करोड़ रुपये आपके पास हैं उसका तो 18,000 करोड़ रुपये बीच में ही लुट गये होते।

## बिहार में स्कूलों के समय में बदलाव

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में स्कूल के टाइमिंग को लेकर चल रहा विवाद खत्म हो गया है। शिक्षा विभाग ने स्कूलों के टाइमिंग में बदलाव किया है। पहले सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्कूलों की टाइमिंग थी। जिसमें संशोधन किया गया है। इस संबंध में विभाग के अपर मुख्य के.के पाठक के आदेश पर लेटर जारी किया गया है। आईएएस के के पाठक ने अपने पुराने आदेश को रद्द किया है। नए आदेश में कहा गया है कि क्लास सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलेगी। शिक्षकों के स्कूल आने का समय सुबह 9 बजकर 45 मिनट से होगा और स्कूल छोड़ने का समय शाम 4 बजकर 15 मिनट रहेगा। शनिवार को स्कूलों में लंच के बाद छुट्टी हो जाएगी। आदेश के मुताबिक सुबह 10 बजे से 10:30 बजे तक चेतना सत्र चलेगा। 10:30 से 11:20 बजे तक पहली घंटी होगी। इसी में स्टूडेंट्स की हाजिरी लगेगी। दूसरी घंटी 11:20 बजे से 12:00 बजे तक, तीसरी घंटी दोपहर 12 बजे से 12:40 तक, चौथी घंटी 12:40 से 1:20 तक हो जायेगा।

## लैंड फॉर जॉब्स केस : राबड़ी हेमा और मीसा को रेगुलर बेल



निज संवाददाता | पटना

लैंड फॉर जॉब्स मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने राबड़ी देवी, मीसा भारती और हेमा यादव को रेगुलर बेल दे दी है। कोर्ट ने शर्तों के साथ जमानत दी है। हृदयानंद चौधरी को भी रेगुलर बेल मिल गई है। ईडी की दलील पर कोर्ट ने कहा कि जब सीबीआई के केस में सभी आरोपी जमानत पर हैं तो इन्हें जमानत मिलनी चाहिए। आरोप है कि लालू प्रसाद ने रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में नौकरी देने के बदले अपने और अपने परिवार के लोगों के नाम पर जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री कराई थी। पिछली सुनवाई में राबड़ी, मीसा और हेमा तीनों एक साथ कोर्ट पहुंचीं। गाड़ी में उनके वकील भी साथ थे। पिछली सुनवाई में राबड़ी, मीसा और हेमा तीनों एक साथ कोर्ट पहुंचीं। गाड़ी में उनके वकील भी साथ थे। बिहार में सरकार बदलते ही लैंड फॉर जॉब्स मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। ईडी और सीबीआई दोनों जांच एजेंसियों का शिकंजा लालू परिवार पर कसता जा रहा है। ईडी ने 29 जनवरी को लालू प्रसाद यादव से 10 घंटे तक पूछताछ की, तो 30 जनवरी को पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से लगभग 8 घंटे तक सवाल-जवाब किए थे।

## ट्रेन में आग लगने की सूचना पर कूदे यात्री, सामने आ रही थी ट्रेन, 12 की मौत, कई लोग हुए घायल

निज संवाददाता | जामताड़ा(झारखंड)

जामताड़ा-करमाटांड़ के कलझारिया के पास ट्रेन की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई। मिल रही जानकारी के मुताबिक, अंग एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर यात्री ट्रेन से कूद गये। इसी बीच सामने से आ रही झाझा-आसनसोल ट्रेन यात्रियों के ऊपर से गुजर गई। इस हादसे में अबतक कुल 12 लोगों की मौत होने की सूचना है वहीं, कई लोगों के घायल भी हुए। जानकारी के मुताबिक, मौके पर रेलवे प्रशासन, रेल पुलिस और स्थानीय प्रशासन पहुंचे। घायलों को अस्पताल पहुंचाने ले जाया गया। अंग एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना पर ट्रेन को अचानक रोक दिया गया। इस बीच आग लगने की सूचना से डरे-सहमे यात्री ट्रेन से कूद गये। इस बीच सामने से आ रही झाझा-आसनसोल ट्रेन यात्रियों के ऊपर से गुजर गई।

### केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे बिहार

## तीसरे के साथ चौथे कार्यकाल की बात करने आए हैं : राजनाथ

निज संवाददाता | सीतामढ़ी



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे। सबसे पहले वह सीतामढ़ी गए जहां उन्होंने पुनौराधाम में मां जानकी की पूजा की और फिर बौद्धिक संवाद में हिस्सा लिया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने सीवान में बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सीवान के बाद राजनाथ सिंह दरभंगा पहुंचे, जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में रक्षा मंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। दरभंगा में राजनाथ सिंह ने कहा कि हम सत्ता का आनंद लेने के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए तीसरा कार्यकाल मांग रहे हैं। पीएम मोदी से पहले हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी लेकिन हमारी सरकार की नीतियों के कारण देश अब 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि हम यहां तीसरे के साथ-साथ चौथे कार्यकाल की भी बात करने आए हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि कतर की अदालत ने भारतीय पूर्व नौसैनिकों को फांसी की सजा सुनाई थी। हमारे प्रधानमंत्री ने उस समय बात कर फांसी की सजा माफ कारवाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कर्पूरी ठाकुर की उपेक्षा की। हमने उन्हें भारत रत्न दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा और संसद में माताओं और बहनों का आरक्षण लटका रखा था। इस काम को भी भाजपा ने किया।

### देश को नशा मुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता : अमित शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश को नशा मुक्त बनाना सरकार की प्रतिबद्धता है। श्री शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा एक संयुक्त अभियान में तीन हजार किलो मादक पदार्थ जब्त किए जाने पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नशा मुक्त भारत के सपने को आगे बढ़ाते हुए हमारी एजेंसियों ने आज देश में विदेशों से लाई गई मादक पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती करने में बड़ी सफलता हासिल की है। एन सी बी, नौसेना और गुजरात पुलिस के संयुक्त अभियान में 3132 किलोग्राम ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की गई।

## राजेन्द्र प्रसाद के 61वें निर्वाण दिवस के अवसर पर राज्यपाल-सीएम ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | पटना



देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के 61वें निर्वाण दिवस के अवसर पर राष्ट्र ने उन्हें शत-शत नमन किया। साथ ही उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। पटना में इस अवसर पर बांसघाट पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह महाप्रयाण घाट स्थित उनके समाधि के निकट आयोजित की गई। यहां राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देशरत्न की समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। समाधि की परिक्रमा कर उन्हें नमन भी किया।

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से राज्यपाल के परिसहाय, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की ओर से अपर जिला दंडाधिकारी पटना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से पटना के प्रमंडलीय आयुक्त ने समाधि पर पुष्प-चक्र अर्पित की। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री एवं विधायक शीला कुमारी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह ने भी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव डॉ.चन्द्रशेखर सिंह, एसएसपी राजीव मिश्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर बिहार सैन्य पुलिस द्वारा शोक सलामी दी गई तथा दो मिनट का मौन रखकर तमाम उपस्थित लोगों ने देशरत्न को याद किया

### आयुषमान कार्ड के तहत 5 लाख तक मिलेगा निःशुल्क इलाज

# राशन दुकानों पर 2 मार्च से बनेगा आयुष्मान कार्ड

निज संवाददाता | पटना



बिहार में सभी राशन दुकानों पर आगामी 2 मार्च से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। राज्य के राशनकार्ड धारकों का मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इसके तहत 5 लाख रुपये का मुफ्त इलाज मिलेगा। इस योजना के लिए आवेदन की तारीख 2 से 12 मार्च के बीच है। राशनकार्ड धारकों को सभी राशन दुकानें या कॉमन सर्विस सेंटर पर यह सुविधा मिलेगी। राशनकार्ड धारक अपने निकटवर्ती पीडीएस दुकान में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कागजात जमा कर सकते हैं। पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक के निर्देश पर राशनकार्ड धारकों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने की कार्ययोजना बनाई है। अधिकारियों का कहना है कि वैसे सभी राशनकार्ड धारक जिनका नाम प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सूची में नहीं है, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभ दिया जाएगा।आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने टोल फ्री नंबर भी जारी किया है। इच्छुक लाभार्थी किसी भी तरह की दिक्कत आने पर टोल फ्री नंबर 104 पर कॉल कर सकते हैं। बता दें कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हाल ही में मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को कैबिनेट से मंजूरी दी थी। इसके तहत राज्य सरकार अपने स्तर पर जरूरतमंद परिवारों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराएगी। लोगों को फ्री कैशलेस इलाज की सुविधा मिल सकेगी। बिहार के राशनकार्ड धारक परिवार जो केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित रह गए हैं, उन्हें राज्य सरकार की योजना से जोड़ा जा रहा है। 2 मार्च से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

#### ये हैं जरूरी कागजात

आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कुछ जरूरी दस्तावेज जमा कराना आवश्यक है। पारिवारिक पहचान के लिए राशनकार्ड या प्रधानमंत्री का लाभार्थी परिवार के नाम का पत्र होना चाहिए। व्यक्तिगत पहचान के लिए आधारकार्ड या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य फोटो पहचान पत्र होना चाहिए।



## संक्षिप्त समाचार

### कल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने में मेरी पहली प्राथमिकता-सीओ रईस



**नारदीगंज**। अंचल कार्यालय नारदीगंज में मंगलवार को राजस्व कर्मचारियों व कर्मियों की बैठक हुई। नवपदस्थापित सीओ रईस आलम ने योगदान लेने के बाद उन्होंने पहली बैठक की। इस बैठक के दौरान सीओ ने सभी राजस्व कर्मचारियों व कर्मियों से परिचय प्राप्त की,और क्षेत्र की जानकारी ली। तदोपरान्त उन्होंने कहा विभाग से सम्बंधित आमलोगों का समस्या है,और जो भी पेंडिंग कार्य है,उसे ससमय पूरा करें।उन्होंने इसके अलावा कई अन्य दिशा निर्देश भी दिये। इस दौरान प्रखंड के कई वुद्धिजीवियों व जनप्रतिनिधियों ने सीओ से शिष्टाचार मुलाकात कर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। नवपदस्थापित सीओ रईस आलम ने बीते 22 फरवरी 2024 को अंचल कार्यालय में योगदान दिया।कहा कि इसके पूर्व पूर्णिया में पदस्थापित थे।वही पत्रकारों से रूबरू होने और उन्होंने कहा कि क्षेत्र में निष्पक्ष कार्य करना मेरा मुख्य उद्देश्य रहेगा। सरकार के कल्याणकारी योजनाओं में भूमि मामले निपटारे से सम्बंधित समेत अन्य योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने का मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय के माध्यम से लोगों का काम आसानी से और सुगमता पूर्वक होगा। कहा कि किसी भी कीमत पर गलत कार्य और नियम विरुद्ध कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर राजस्व पदाधिकारी अर्चना कुमारी के अलावा अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### मनरेगा योजना में कराये गये कार्य को जांच की मांग

**नारदीगंज**। प्रखंड में मनरेगा योजना मजदूरों के बदले जेसीबी मशीन से कार्य हो रहा है,जबकि इस योजना में मजदूरों से कार्य कराये जाने का प्रावधान है, बावजूद ऐसा नहीं हो पा रहा है। इस प्रकार का ताजा मामला नारदीगंज प्रखंड के पेश पंचायत के बदलू बिगहा गांव में सामने आया है। ग्रामीण पंकज कुमार, सुरेंद्र प्रसाद,साधू प्रसाद यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने डीएम,डीडीसी समेत अन्य पदाधिकारियों को देकर कार्य में अनियमितता की जांच कर कार्रवाई की मांग किया है। आरोप है कि इस गांव में मनरेगा योजना के तहत राजेश यादव के घर से कुअंर स्थान तक अलंग( मेढ़) पर मिट्टी भराई का कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं हुआ है। कार्य में घोर अनियमितता बरती गई है। इतना ही नहीं यह कार्य भी जेसीबी मशीन से हुआ है। साक्ष्य के तौर पर वीडियो क्लिप भी है। इस कार्य को वरीय अधिकारियों के टीम गठित कर जांच करने की मांग की है,ताकि यह कार्य प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण हो सके।इधर,मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी नीतीश कुमार स्पष्ट कहते हैं कि मामला संज्ञान में आया है। जबकि यह कार्य मनरेगा योजना के तहत उक्त स्थल पर नहीं हुआ है, प्राक्कलन भी नहीं बना है, आगे कार्य भी नहीं होगा।

### 13 शस्त्र लाइसेंस का दूसरे दिन हुआ भौतिक सत्यापन

**नारदीगंज**। लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम के निर्देश पर नारदीगंज थाना में लाइसेंसी शस्त्रों का भौतिक सत्यापन दूसरे दिन बुधवार को भी हुआ। मौके पर सीओ रईस आलम व थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद की मौजूदगी में नारदीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 13 लाइसेंसी शस्त्र धारकों के शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया।अधिकारियों ने कहा दूसरे दिन 13 लोगों ने शस्त्रों का सत्यापन कराया है। उन्होंने कहा अभी दो दिन में 32 शस्त्रों का सत्यापन किया गया है। इस थाना क्षेत्र में 48 शस्त्र धारक हैं, गुरुवार को भी थाना में शास्त्रों का भौतिक सत्यापन होगा।

### मूकबधिर युवती के साथ अधेड़ ने किया दुष्कर्म,परिजन युवती के साथ थाना पहुंच लगाई न्याय की गुहार

**रजौली**। थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के खिजुआ गांव के एक मूकबधिर युवती के साथ गांव के ही एक अधेड़ द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है।जिसकी लिखित शिकायत करने पीड़िता के साथ उनके परिजन थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।बताया जाता है कि बीते एक सप्ताह पूर्व खिजुआ गांव के एक मूकबधिर युवती के साथ गांव के ही मरहूम मो जैनुल के 40 वर्षीय पुत्र मो नैय्यर उर्फ पप्पू ने दुष्कर्म किया है।परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी शाम को घर में अकेली थी।जिसका फायदा उठाकर गलत नियत से पड़ोसी ने घर के बगल स्थित बगीचे में लेकर चला गया।इसी बीच देर शाम होने पर परिजनों द्वारा मूकबधिर युवती की खोजबीन होने लगी।किन्तु घर एवं आसपास जब कुछ भी अतापता नहीं चला तो पीड़ित युवती का भतीजा और उसके पिता आपत्तिजनक स्थिति में देख आग बबूला हो गए और अपनी रोती हुई बेटी को चुप कराया।पीड़िता के घर में आने के बाद जब परिजनों द्वारा इशारों में पूछताछ किया गया तो सारा मामला साफ-साफ हो गया।जिसके बाद आसपास के लोग पंचायती कर मामले को सुलझाने की बात कहने लगे।किन्तु एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पंचायती में मामला नहीं सुलझ पाया।साथ ही बताया कि पंचायत की बात मानने को आरोपी तैयार नहीं है एवं पंचायत के दौरान मारपीट करने पर भी उतारू हो जाता है।तब हारकर पिता ने अपनी पीड़ित पुत्री के साथ थाना को आवेदन देने पहुंचे।पीड़िता के पिता ने कहा कि उन्हें पुलिस एवं प्रशासन पर पूरा भरोसा है कि उन्हें न्याय जरूर मिलेगा।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष**- इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मूकबधिर पीड़िता के पिता के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।दिए आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### वांछित महिला शराब धंधेबाज गिरफ्तार,भेजी गई जेल

**रजौली**। थाना क्षेत्र के अमावां गांव से एसआई पिंकी कुमारी ने मंगलवार की शाम को वांछित एक महिला शराब धंधेबाज को गिरफ्तार की।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बिहार मद्दनिषेध को सफल बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से लगातार छापेमारी अभियान किया जा रहा है।वहीं बीते माह में पुलिस ने गुप्त सूचना के आलोक में अमावां गांव निवासी धर्मेंद्र राजवंशी की पत्नी साबो देवी के घर से शराब बरामद किया गया था।जिसको लेकर थाना काण्ड संख्या 58/24 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।इस कांड में आरोपित महिला शराब धंधेबाज साबो देवी फरार चल रही थी।हालांकि पुलिस शराब धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही थी।इसी बीच शराब धंधेबाज के घर में होने की गुप्त सूचना मिली।सूचना के आलोक में थाने में पदस्थापित एसआई पिंकी कुमारी पुलिस बल के सहयोग से वांछित शराब धंधेबाज साबो देवी को गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष ने कहा कि बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में गिरफ्तार महिला का स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### जमाबंदी पर नाम चढ़ाने को लेकर सप्ताह में तीन दिन पंचायतवार शिविर का आयोजन

**रजौली**। जमीन निबन्धन के नए नियम के लागू होने से जमीन बिक्री करने में लोगों को काफी परेशानी हो रही है।जिसको लेकर बिहार सरकार के निर्देशानुसार रजौली अंचल क्षेत्र के सभी पंचायतों में अंचल कर्मचारी के सहयोग से शिविर का आयोजन कर जमाबंदी पर रैयत का नाम चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू की गई है।अंचलाधिकारी मो गुफरान मजहरी ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार मंगलवार,बुधवार एवं गुरुवार को शिविर लगाकर जमीन के जमाबंदी पर रैयत का नाम चढ़ाया जाएगा।इसको लेकर अंचल कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सुनिश्चित समय पर पंचायत भवन में उपस्थित होकर जमाबंदी के रैयत के परिजनों द्वारा स्वयं घोषणा पत्र के आधार पर वंशावली बनाकर उनके नाम को चढ़ाया जाएगा।साथ ही कहा कि वैसे अंचलकर्मी जो दो पंचायतों का कार्यभार सम्भाल रहे हैं।वे एक दिन में आधे-आधे समय दोनों पंचायतों में देकर कार्य का निष्पादन करेंगे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर डीएम ने दिया आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता। **नवादा**



लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के सफल संचालन एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर श्री आशुतोष कुमार वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार श्री दीपक कुमार मिश्रा वरीय प्रभारी पदाधिकारी स्वीप-सह-उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में जिला आईकॉन, एन.जी.ओ. एवं वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के सफल संचालन हेतु जिलावासियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक करना है। स्वीप गतिविधि के अन्तर्गत चुनाव पाठषाला कार्यक्रम को सोषल मीडिया, फेसबुक, ट्वीटर, व्हाट्सऐप के माध्यम से आम मतदाता को वोट के लिए जागरूक करने हेतु निर्देश दिया गया। लोगों के बीच मतदान के महत्व के बारे में बताने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने जिला आईकॉन को निदेश दिया कि सक्षम ऐप के माध्यम से 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले वरिष्ठ नागरिक एवं असमर्थ दिव्यांगजनों को मतदान करने की प्रक्रिया के बारे में बतायें एवं उन्हें जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण कर लिया गया है। बीएलओ, सेविका/सहायिका, किसान सलाहकार एवं जीविका आदि के माध्यम से भी पंचायत स्तर पर मतदान के लिए लोगों को जागरूक कराना सुनिश्चित करेंगे। जहां मतदान प्रतिषत कम है वैसे बूथों को चिन्हित कर मताधिकार का प्रयोग करने हेतु उन क्षेत्रों में जागरूकता फैलायें। चुनाव में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जागरूकता लाने पर भी विषेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधि के तहत जिला आइकॉन राहुल वर्मा, पीडब्लूडी जिला आइकॉन विनय कुमार सिन्हा एवं खुशबू कुमारी के द्वारा लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलायी जाय। आज की बैठक में श्रीमती अर्पणा झा सहायक नोडल पदाधिकारी स्वीप-सह-सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, श्री अबू परवेज हैदर अली अवर निर्वाचन पदाधिकारी, श्रीमती कुमारी रिता सिंहा सहायक नोडल पदाधिकारी स्वीप-सह-डीपीओ आईसीडीएस, जिला आइकॉन राहुल वर्मा, पीडब्लूडी जिला आइकॉन विनय कुमार सिन्हा एवं खुशबू कुमारी, श्री अविश कुमार तकनीकी सहायक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नारायण पासवान नव चेतना विकास केन्द्र नवादा, एन.जी.ओ. श्री बच्चन कुमार पांडेय वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष के साथ अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण



निज संवाददाता। **कौआकोल**

महाराष्ट्र के यावतमल से पीएम किसान सम्मान निधि के सोलहवीं किस्त हस्तांतरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कौआकोल सोखोदेवरा जेपी आश्रम के राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल नवादा के सौजन्य से दिखाया गया। जिसमें जिला के लगभग 500 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किसानों ने पीएम नरेंद्र मोदी के सम्बोधन को सुना। इसके बाद मौजूद कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को खेती एवं पशुपालन के क्षेत्र में कई आवश्यक जानकारी दी गई एवं किसानों से उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान के बारे में बताया गया। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० रंजन कुमार सिंह,वैज्ञानिक सह विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ० धनंजय कुमार,डॉ० जयवंत कुमार सिंह,डॉ० शशांक शेखर सिंह,अनुज्ञा भारती,रविकांत चौबे,रौशन कुमार,सुमिताप रंजन,नीलम कुमारी,सुमित कुमार रंजन,अंगद कुमार,श्रवण रविदास,उदय कुमार,पिंटू पासवान आदि मौजूद थे।

## डीजीपी के आदेशों का होगा अक्षरशः पालन-थानाध्यक्ष

निज संवाददाता। **खोदावंदपुर/ बेगूसराय**

पुलिस महानिदेशक आर एस भट्टी के आदेशों का अक्षरशः पालन किया जायेगा. बिहार दिवस के दूसरे दिन बुधवार को खोदावंदपुर थाना परिसर में आयोजित संकल्प बैठक में यह बातें थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने कहीं. उन्होंने बताया कि थाना में ऑनलाइन एफआईआर की व्यवस्था की गयी है. क्षेत्र में लोगों से मिलकर उनकी समस्या साझा की जा रही है. भूमि विवाद से जुड़े मामले को दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराकर निपटाया जा रहा है. छोटे-छोटे अपराधों का निराकरण सामाजिक स्तर पर पंचायत के माध्यम से करवाया जा रहा है. आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी की जा रही है. ऐसे चिन्हित बदमाशों की हाजरी थाना में लगवायी जा रही है. उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में चौबीस घण्टे शिफ्ट के अनुसार पुलिस बलों की गश्ती की जा रही है. शराब के अवैध धंधे को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. थानाध्यक्ष ने बताया कि लंबित कांडों के निष्पादन कार्य में तेजी लायी जा रही है. थाना आने वाले पीड़ित व्यक्तियों की समस्याएं सुनी जा रही है और उचित कार्रवाई भी की जा रही है. आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के सभी चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति रात्रि के समय अलग-अलग स्थानों पर की गयी है. थानाध्यक्ष ने बताया कि आमजनों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े इसका खास ध्यान रखा जा रहा है. बैठक में अपर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार दिवाकर, एसआई सविता कुमारी, एएसआई मनीर हुसैन, अमरजीत सिंह के अलावे सभी चौकीदार मौजूद थे.

## सदस्य राजेश ने प्रमुख पर योजनाओं में पक्षपात करने का लगाया आरोप

# पंचायत समिति की बैठक में छाये रहे विकास के मुद्दे

निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**



प्रखंड परिसर स्थित किसान भवन में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक हंगामेदार रही. नोक झोक से शुरू हुई इस बैठक को बगैर निर्णय के ही संपन्न करना पड़ा. प्रखंड प्रमुख रवि देवी ने जैसे ही बैठक के संचालन को मुखातिब हुई; कोचगांव पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजेश कुमार ने 15वीं तथा षष्ठी मद से ली जाने वाली योजनाओं में पक्षपात का आरोप लगाया. आरोप प्रत्यारोप के बीच बातें नोक झोक पर आ उतरी. प्रखंड प्रमुख रवि देवी ने इस तरह के आरोप को बेबुनियाद बताते हूये कहा कि उनका उद्देश्य प्रखंड के सभी पंचायतों का विकास करना है.

सभी पंचायत समिति सदस्य हमारे हैं और वे सभी के हित का ख्याल रखती हैं. बीडीओ पंकज कुमार की मध्यस्थता के बाद पंचायती राज पदाधिकारी शकील अहमद ने 15वीं मद में सरकार द्वारा अग्रतर दिए निर्देशों से सदस्यों को अवगत कराते हुए कहा कि इस योजना में छिलका का निर्माण के साथ पंसस सदस्य तालाबों के सौंदरीकरण, मछली पालन तथा चेक डैम के निर्माण से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन कर सकते हैं. BDO पंकज कुमार ने बताया कि आगामी 2 मार्च से प्रखंड क्षेत्र के एक लाख 86 हजार राशन कार्ड धारी को प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. हालांकि बीडीओ ने शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य आदि से संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति नहीं रहने पर बैठक से ही कारण बताओं नोटिस तलब करने का निर्देश दिया.

इस अवसर पर थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा, उप प्रमुख अरुणा देवी, मुखिया राजकुमार सिंह, अजीत यादव, मिथुन कुमार, आसो देवी, पंचायत समिति सदस्य गौरी शंकर कुमार, पारो देवी, नीलम देवी, सिकंदर कुमार, शिव शंकर कुमार, पंकज कुमार, प्रियंका देवी, राहुल कुमार, गुड्डी देवी, रामाशीष प्रसाद, सुनीता देवी, दुलारचंद रविदास, पंचायत सचिव अशोक कुमार, ईश्वरी प्रसाद, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे.

# मजदूरों का शोषण एवं दोहन अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा अध्यक्षः सुनील कुमार

निज संवाददाता। **बरौनी बेगूसराय**



बरौनी ताप विद्युत श्रमिक संघ के तत्वाधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न मांगों के समर्थन में संघर्ष के तीसरे चरण के तहत बरौनी एनटीपीसी के मुख्य द्वार पर हड़ताल किया गया ज्ञात हो कि पत्रांक 377/ 2024 के आलोक में बरौनी ताप विद्युत श्रमिक संघ के माध्यम से एनटीपीसी बरौनी प्रबंधन तथा जिला प्रशासनिक अधिकारियों को भी मजदूरों के विभिन्न मांगों की समर्थन में मांग पत्र सौंपा गया था इसके साथ ही संघ द्वारा मजदूरों के शोषण एवं दोहन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करने की घोषणा की गई थी। इसी कड़ी में 13 फरवरी 2024 को बरौनी एनटीपीसी के मुख्य द्वार पर एक गेट मीटिंग का आयोजन,18 फरवरी 2024 को भ्रष्ट अधिकारियों का पुतला दहन तथा तीसरे चरण में मजदूरों का हड़ताल करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था इसी के तहत आज बरौनी एनटीपीसी के मुख्य द्वार पर मजदूरों के द्वारा हड़ताल का आयोजन सुबह से लेकर अपराहन 4 pm संध्या तक चला। इस क्रम में चकिया थाना अध्यक्ष एन के चौधरी तथा बरौनी एनटीपीसी प्रबंधन की ओर से अर्नब मुखर्जी, मयंक गुप्ता और HOD सरोज कुमार के हस्तक्षेप के उपरांत संघ के द्वारा पदाधिकारी के साथ लिखित समझौता हुआ और कुछ मांग तीन दिनों में पूरी होने की बात कही गई तथा सभी शेष 17 सूत्री मांगों को 10 मार्च तक हर हाल में समाधान करने का लिखित आश्वासन दिया गया उसमें प्रमुख रूप से मजदूरों के साथ नाजायज रुपया हर महीना वसूल नहीं करना, पे स्लिप ESI कार्ड का अति शीघ्र वितरण करना तथा बार-बार अनावश्यक नोटिस कर मजदूरों को प्रताड़ित नहीं करने पर प्रबंधन के द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बरौनी ताप विद्युत श्रमिक संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार ने हड़ताल में शामिल सभी कर्मियों तथा मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि अब शोषण एवं दोहन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी हम सब मजदूर की एकता के बल पर ही शोषण करने वाली सभी शक्तियों को नाकाम कर सकते हैं।इसके लिए हमें गोलबंद होना होगा तभी पूरे जिले के श्रमिकों को शोषण मुक्त बनाने में कामयाब हो सकेंगें। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष लालधारी राय, कुलेश्वर निषाद, जयनंदन निषाद, ललित कुमार, केशव कुमार, विलास यादव, भवन निर्माण मजदूर संघ के मीडिया प्रभारी अभिषेक भारद्वाज जिला उपाध्यक्ष निरंजन कुमार, भारतीय मजदूर संघ के पूर्व संगठन मंत्री डॉ कैलाश प्रसाद पोद्दार संघ के रामबाबू तांती, सौरभ कुमार, रामशरण सिंह तथा कारी सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल बटहा द्वारा चलाया गया सघन स्वच्छता अभियान



निज संवाददाता। **बेगूसराय**

सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल बटहा, समस्तीपुर की पैंतालीस सदस्यीय टीम ने वरिष्ठ आचार्य विजयव्रत कंठ, ड्रिल इंस्ट्रक्टर ललित झा एवं शारीरिक शिक्षिका ऋद्धि पांडेय के संयुक्त नेतृत्व में बिहार के देवघर नाम से मशहूर बेगूसराय जिले के गढ़पुरा स्थित हरगिरि धाम पहुंची, जहां शिव मंदिर परिसर के आस-पास सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया. जिसकी वहां मौजूद लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की. कैडेट्स की टीम ने स्थानीय नमक सत्याग्रह स्मारक स्थल का भी भ्रमण किया. स्थानीय निवासी सह सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल बटहा के पूर्व सचिव डॉ राम प्रकाश महतो ने हरगिरि धाम के धार्मिक महत्व के बारे में बताया तो वहीं डी पी एस नरहन के प्राचार्य राजन कुमार सिंह ने बिहार केसरी डॉ श्रीकृष्ण सिंह द्वारा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बिहार में चलाए गए नमक सत्याग्रह इतिहास से संबंधित कई तथ्यों की जानकारी कैडेटस टीम को दी. बताते चलें कि सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल बटहा के द्वारा भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन सैनिक स्कूल सोसायटी दिल्ली के निर्देशानुसार छात्र- छात्राओं को सहशैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न स्थानीय महत्वपूर्ण स्थलों से परिचित कराने के उद्देश्य से इस तरह का परिभ्रमण अभियान चलाया जा रहा है.

## विद्यालय में पोशाक की राशि नहीं मिलने से नाराज छात्रों ने किया हंगामा, मामला श्रीदुर्गा उच्च विद्यालय मेघौल की

निज संवाददाता। **खोदावंदपुर/ बेगूसराय**

प्रखंड क्षेत्र के श्री दुर्गा उच्च विद्यालय मेघौल में बुधवार को छात्र-छात्राओं ने पोशाक की राशि नहीं मिलने से नाराज होकर जमकर हंगामा किया. आक्रोशित छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाएं भी ड्रेस में विद्यालय नहीं आते हैं और छात्र-छात्राओं को ड्रेस में विद्यालय आने का फरमान जारी करते रहते हैं. उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रधान द्वारा सभी छात्राओं को ड्रेस मद की राशि खाता में नहीं भेजी गयी, उनके परिवार अत्यंत ही गरीब हैं, जिसके कारण वे लोग ड्रेस नहीं सिल्वा सकें. इसी बात को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत अन्य शिक्षकों ने बगैर ड्रेस वाले सभी छात्राओं को विद्यालय परिसर से निकाल दिये जाने का आरोप लगाया और बताया कि तुमलोग घर से अपना- अपना ड्रेस पहनकर आओ, नहीं तो विद्यालय से नाम काट दिया जायेगा. इसी बात को लेकर सभी छात्रों ने विद्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष विद्यालय प्रधान के विरोध में जमकर हंगामा किया. आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने बताया कि घटना की सूचना बीडीओ, बीईओ व डीईओ को भी दूरभाष के जरिए दे दिया गया है. इस संदर्भ में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मधुसूदन पासवान से उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया. रिंग बजती रही, परंतु वे फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझे.

# भाजपा युवा मोर्चा द्वारा चौपाल का आयोजन







निज संवाददाता। **मंसूरचक बेगूसराय**

भाजपा युवा मोर्चा मनसुरचक के द्वारा समसा-1 पंचायत के वार्ड नंबर 15 में शंकर चौधरी के आवास पर युवा चौपाल का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मनसुरचक भाजयुमो अध्यक्ष नीतीश कुमार ईश्वर एंव मंच संचालन अति पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष श्री केदारनाथ दत्त झा जी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश कुमार पोद्दार उर्फ मलिक पोद्दार, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि रंजीत कुमार चौधरी ,संजय कुमार चौधरी सहित भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में विशिष्ट अतिथि के द्वारा मोदी जी के उपलब्धियां और बिभिन्न योजनाओ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया साथ ही भाजयुमो अध्यक्ष मनसुरचक ने उपस्थित नौजवान साथियों से 2 मार्च 2024 को बेगुसराय के उलाव हवाई अड्डा मैदान में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री भाई नरेंद्र मोदी का आगमन की सूचना दी एवं अपील किया कि आप लोग गांव-गली के कोने-कोने से हजारों-हजार की संख्या में जुटे एवं अपने जन-प्रिय नेता का भाषण सुने और लाभ उठाएं ।

रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी में शामिल होकर पटना लौट रहे थे सभी लोग

# डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित कार एक महिला की मौत, तीन घायल



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के कोचस प्रखण्ड में राष्ट्रीय राजमार्ग-319 पर बरहुतीकाला स्टैंड के पास बुधवार शाम सड़क दुर्घटना में कार सवार महिला की मौत हो गई। जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य घायल हो गए। परिवार बनारस में शादी में शामिल होने के बाद पटना वापस लौट रहा था। इसी क्रम में बरहुतीकाला स्टैंड के पास ट्रक के अचानक ब्रेक मारने के कारण ट्रक से बचने के दौरान अनियंत्रित हुई कार सड़क के डिवाइडर में टकरा गई। इससे कार में सवार एक महिला की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मृतक महिला नीतू सिंह(50) पति मुकेश कुमार सिंह बताई जाती है। जबकि साथ में घायल मुकेश कुमार सिंह(55), पूजा देवी(35) पुष्पा देवी(60) पटना निवासी बताई जाती है। सीएचसी में तैनात चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया है। सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी मुन्ना कुमार ने बताया कि एक की मौत हुई है, जबकि तीन लोग घायल है। सभी घायलों को परसथुवा पुलिस ने अपने वाहन में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया है। घायल पूजा देवी ने बताया कि वे लोग अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी में बनारस से शामिल होकर पटना लौट रहे थे। ट्रक से अनियंत्रित होने के बाद गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें सभी घायल हो गए है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने भी दुर्घटना में एक की मौत की पुष्टि की है।

## सड़क हादसे में चार वर्षीय मासूम की मौत



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में सड़क हादसे में एक 4 साल की बच्ची की मौत हो गई। मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में ये हादसा हुआ। घटना नगर थाना क्षेत्र के बभना गांव के पास की है। कोमली कुमारी अपने मामा के साथ जहानाबाद से डॉक्टर से दिखाकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर सुल्तानपुर गांव आ रही थी। जैसे ही बभना गांव के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से ट्रैक्टर आ रही थी। जिसने बाइक में जबरदस्त रूप से टक्कर मार दिया। इसके कारण बच्ची की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीण जहानाबाद-अरवल सड़क को जाम कर दिया। मुआवजे की मांग करने लगे। लगभग आधे घंटे तक सड़क जाम रहा।

इसके कारण वाहन की लंबी कतार लग गई। आसपास के लोगों के सहयोग से ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। लेकिन घटना को अंजाम देने वाला चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना की सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई। मौके पर नगर थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बूझाकर जाम को हटाया गया। आसपास के लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चलाने के कारण यह घटना घटी है। पुलिस का कहना है कि ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। नियमानुसार वाहन चालक और मलिक के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा।

# डेहरी नगर थाना में डीआईजी नवीन चंद्र झा ने पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के डेहरी नगर थाना में शाहाबाद क्षेत्र के DIG नवीन चंद्र झा ने बुधवार को पुलिस पदाधिकारियों को महिला अपराध, रंगदारी, भ्रष्टाचार, अधिकारी पद का दुरुपयोग सहित अनुचित आचरण के लिए जीरो टॉलरेंस की शपथ दिलाई। इसके पूर्व डीआईजी के थाना परिसर में आगमन के उपरांत पुलिस कर्मियों ने गार्ड ऑफ आनर की सलामी दी। इसके उपरांत शपथ कार्यक्रम शुरू हुआ। इस मौके पर एसपी विनीत कुमार, एसडीपीओ शुभांक मिश्रा सहित काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। डीआईजी ने मौके पर कहा कि आधे घंटे में थानों पर समस्या लेकर पहुंचे। नागरिकों को सेवा उपलब्ध कराना और 30 दिनों में जांच को पूर्ण करना और वादी को निशुल्क उसकी कॉपी उपलब्ध कराना, नागरिक सेवाओं जैसे चरित्र सत्यापन के कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करना है।

आपातकालीन स्थितियों में अपने क्षेत्र के हर एक हिस्से में डायल 112 की सुविधा पहुंच रही है। लापता व्यक्तियों की सूचना, घटनास्थल पर 20 मिनट में पहुंचने का लाभ नागरिकों को दिया जा रहा है। बताया कि 20 दिनों में न्यायालय से प्राप्त समन और वारंट के तामिला मामले में कोई कोताही नहीं चलेगी। डीआईजी ने शिकायत और प्राथमिकी दर्ज कर वादी को प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराने, महिला अपराध की सुनवाई से लेकर कार्यवाही महिला पुलिस पदाधिकारी द्वारा करने, गांव मोहल्ला का अपराध सर्वेक्षण करने एवं नागरिकों को वॉट्सऐप ग्रुप से जोड़ने सहित सभी संवेदनशील स्थान का सीसीटीवी से निगरानी और 24 घंटे सक्रिय अपराध कर्मियों की निगरानी को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**NAGAR PANCHAYAT, HUSSAINABAD**

**E-PROCUREMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)**
**Reference No. UDHD/NPH/07/2023-24**

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est.Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15वें वित्त मद | | | | | | | |
| 4 | 03 | UDHD/NPH/07/2023-24/01 | Construction of RCC Drain from Anumandal Gate to Govt Hospital to Navinagar Road Under Nagar Panchayat Hussainabad | 5886600.00 | 117800.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 5 | 01 | UDHD/NPH/07/2023-24/02 | Construction of RCC Guard wall & RCC Footpath Bridge on Main Canal Near Bhuiya Tola Under Nagar Panchayat Hussainabad | 5531400.00 | 110700.00 | 10000.00 | 03 Month |

| | Part-B | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of tender on website | 29.02.2024, 02:00 pm |
| 2 | Date starts of submission of bids | 29.02.2024, 03:00 pm |
| 3 | Last date/time of Online submission of bids | 09.03.2024, 02:00 pm |
| 4 | Date of bid opening | 11.03.2024, 05:00 pm |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | EXECUTIVE OFFICER NAGAR PANCHAYAT HUSSAIN ABAD |
| 6 | Contact no. Of procurement officer | 9798635093 |
| 7 | Helpline number of e- procurement cell | 8409727716 |

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhand tenders.gov.in and Notice Board office of the Nagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 320668 District(23-24)#D


# डकैती की योजना बना रहे पांच अपराधी को हथियार के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



जहानाबाद। जहानाबाद पुलिस ने हथियार के साथ 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि यह सभी लोग डकैती की योजना बना रहे थे। इनके पास से दो पिस्टल, 28 जिंदा कारतूस और एक देसी बंदूक जैसा कुछ बरामद किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि मखदुमपुर थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि पालेया गांव के एक निवासी को गोली लगी है। सूचना पर जब पुलिस पालेया गांव पहुंची तो गोलू कुमार नामक व्यक्ति को गोली लगी थी। इसके बाद जब जांच की गई तो पांच लोग डकैती की योजना बनाते पकड़े गए। पकड़े गए लोगों में लवकुश कुमार, अमन कुमार, संजीवन कुमार, छोटू कुमार और एक व्यक्ति शामिल है। गिरफ्तार लोगों ने पुलिस को बताया कि वह लोग हथियार को चेक कर रहे थे। उस समय एक को गोली लग गई। इसके अलावा सभी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

# अगरेर थाना और धर्मपुरा ओपी प्रभारी निलंबित

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** अगरेर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार को एसपी ने निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी विनीत कुमार ने बताया कि केस दर्ज करने में लापरवाही और टालमटोल करने पर कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी ने धान व्यापारी के चोरी का केस दर्ज हीं किया और एसडीपीओ के निर्देश पर भी टाल मटोल किया। इसके साथ ही हाल में एक गाँव में महिला की हत्या में कोई कार्रवाई नहीं किया। इसके अलावा एसपी ने धर्मपुरा ओपी प्रभारी को बिजली चोरी के मामले में मामला दर्ज करने में देरी करने पर निलंबित करते हुए पुलिस केंद्र में लाइन हाजिर किया। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग ने रेड किया था, इसके बाद प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी।


**कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा**
**Phone no – 06561.222785 खेल शाखा)**
**Email Id – sportsdsogarhwa@gmail.com**

**प्रेष विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सवसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रांची के पत्रांक 81 दिनांक 22.02.2024 के आलोक में गढ़वा जिलान्तर्गत संचालित आवासीय एवं डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु जिला स्तर पर प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता, 2023–24 का आयोजन किया जाना है। उक्त प्रतिभा चयन का कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित है:–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु आयोजन स्थल | प्रतिभाग चयन ट्रायल की आयोजन की तिथि | खेल विधा का नाम, जिसमें वर्ष 2024–25 हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल किया जाना है | संयोजक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरगड़ | परियोजना +2 उच्च विद्यालय, बरगड़, गढ़वा | 04.03.2024 | एथलेटिक्स (बालक) | श्री संदीप गुप्ता मो0 7509185984 |
| 2 | भण्डरिया | राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, भण्डरिया, गढ़वा | | फुटबॉल (बालक) | श्री अमित कुमार मो0 7488776573 |
| 3 | गढ़वा | रामा साहु इण्डोर स्टेडियम गढ़वा | 06.03.2024 | कुश्ती (बालक / बालिका) | श्री शैलेन्द्र कुमार पाठक मो0 7782927711 श्री रामा शंकर सिंह मो0 9122447129 श्री प्रभात रंजन तिवारी मो0 7717796363 |
| 4 | गढ़वा | आउटडोर स्टेडियम रामा साहु गढ़वा | | एथलेटिक्स (बालक / बालिका) आवासीय फुटबॉल (बालक) | |
| 5. | भवनाथपुर | राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, भवनाथपुर, गढ़वा | 04.03.2024 | कब्ड्डी (बालिका वर्ग) | श्री अजय कुमार गुप्ता मो0 8210194248 |

नोटः– विस्तृत जानकारी हेतु मो0– 8210940474 अथवा जिला खेल कार्यालय, गढ़वा में सपर्क किया जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 320694 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs)23-24*D


# 10 दिन स्कूल नहीं आने पर शिक्षक ने छात्र को मार-पीटकर तोड़ा हाथ



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय क्षुनाठी में 10 दिनों तक स्कूल नहीं जाने पर शिक्षक ने छात्र का हाथ तोड़ दिया है। छात्र का नाम सत्यम शर्मा है और वह 5वीं क्लास का छात्र है। उसने बताया कि बुधवार को जब वह विद्यालय गया तो क्लास लेने के लिए चंद्र प्रकाश नामक शिक्षक आए। उन्होंने पहले पूछा कि 10 दिनों तक क्लास क्यों नहीं आ रहे थे। इसके बाद जब उसने कहा कि बाहर गया था, तो शिक्षक ने मारना शुरू कर दिया। इस दौरान हाथ टूट गया और कई जगह गंभीर चोट भी लग गई। परिवार के लोगों ने बच्चे को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

# डीजे बजाने को लेकर मारपीट में तीन घायल

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद टेहटा ओपी क्षेत्र के सरथुआ गांव में डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। मोहन दास ने बताया कि संत रविदास जयंती के अवसर पर हम लोग मूर्ति गांव में मूर्ति पूजा हो रही थी। मूर्ति को विसर्जन करने के लिए डीजे के साथ हम लोग जा रहे थे, तभी गांव के ही दीपक यादव ने हम लोगों को गांव के रास्ते से जाने को मना किया। इसी बात को लेकर दोनों में कहा सुनी होने लगी। फिर दीपक यादव ने लाठी डंडे से मार कर मोहनदास राम गोविंद दास रंजीत दास को घायल कर दिया। स्थानीय अस्पताल में हम लोगों ने इलाज कराया। इस सिलसिले में घायल व्यक्ति द्वारा अनुसूचित जनजाति थाना में घटना को अंजाम देने वाले के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई है। उन लोगों का कहना है कि हम लोग कमजोर जाति से आते हैं और घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति दबंग प्रवृत्ति का है। घटना को अंजाम देने वाला कहना है कि तुम लोग डीजे नहीं बजा सकते हो इसी को लेकर उन लोगों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

# कल्याणपुर रोड स्टेशन पर भागलपुर-मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस का ठहराव

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** मालदा मंडल के कल्याणपुर रोड स्टेशन पर गाड़ी सं. 13419/13420 भागलपुर-मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा एक्सप्रेस का प्रायौगिक तौर पर 01 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। 01 मार्च से गाड़ी संख्या 13419 भागलपुर-मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस 14.54 बजे कल्याणपुर रोड स्टेषन पहुंचेगी तथा यहां से 14.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 02 मार्च से गाड़ी संख्या 13420 मुजफ्फरपुर-भागलपुर जनसेवा 04.51 बजे कल्याणपुर रोड स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 04.52 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी


**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।**
**Email: - nphussainabad@gmail.com**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

ज्ञापांक...................../दिनांक ..............................

**अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन प्रवेश शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से एक वर्ष के लिए 1.04.2024 से बन्दोवस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :–

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए जो अनुमानतः दोपहर 12 बजे से अगला दिन दोपहर 12 बजे तक। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व्यवसायिक वाहन शुल्क | | | | | | | |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हुसैनाबाद का संपूर्ण क्षेत्र) | 2308240 (तेइस लाख आठ हजार दो सौ चालीस रूपए मात्र) | 230824.00 (दो लाख तीस हजार आठ सौ चौबीस रूपए मात्र) | दिनांक–07.03.2024 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–07.03.2024, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 10000 (दस हजार रुपये) | 1. तीन चक्का वाहन – 20 रु 2. कमांडर – 30 रु 3. ट्रेक्टर –30 रू0 4. चार चक्का (407/pick up, आदि के लिए–40 रू0 5. 6 से 10 चक्का तक वाहन के लिए –100 रू0 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए–200 रू0 |
| सैरात बन्दोबस्ती | | | | | | | |
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 700700.00 (सात लाख सात सौ रुपये) | 7070.00(सात हजार सत्तर रुपये) | दिनांक–07.03.2024 समयः पूर्वाहन 11:00बजे से अपराहन 12:15 बजे तक। | दिनांक–07.03.2024, समयः अपराहन 12:30 बजे से स्थानः थाना परिसर हुसैनाबाद | 5000.00 (पॉच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि 1.0–30 वर्ग फीट– 10 रु/दिन 2.30 वर्ग फीट से अधिक– 20रु /दिन (निविदा की शर्तें कंडिका –5 में बोली में न्यूनतम 20000.00रु एवं अधिक्तम 40000.00रु का अंतर की बोली लगानी होगी। ) |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
– विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के संपर्क सूत्र– 9835206770 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 320674 (District) 23-24 (D)


# पुलिस की मुखबिरी के शक में युवक को मारी गोली, घायल

निज संवाददाता



अरवल। अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र के करपी बस स्टैंड के समीप आपसी विवाद में एक युवक को अपराधियों ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद युवक जख्मी हो गया। उसे करपी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना मंगलवार की रात की है। गोली मारकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार करपी निवासी इंद्रदेव राम के पुत्र रोशन कुमार (30) को चौहान शर्मा (36) और अविनाश कुमार (29) नाम के युवक ने गोली मारी जिसके बाद रोशन बुरी तरह जख्मी हो गया। मामले को लेकर थाना अध्यक्ष उमेश राम ने बताया कि पूर्व से चली आ रही आपसी रंजिश को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। आरोपी चौहान शर्मा पहले शराब मामले में जेल जा चुका है। इसी शक में रोशन कुमार को गोली मारी गई। पूर्व में भी आरोपी हमला कर चुका है। इस मामले को लेकर जख्मी युवक ने थाने में मामला दर्ज कराया है। जिसमें चौहान शर्मा और अविनाश कुमार को मुख्य आरोपी बनाया है। इसके अलावा तीन अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज की गई है। चौहान शर्मा को शक है कि घायल पुलिस की मुखबिरी करता हैं। इधर परिजनों ने बताया कि आरोपी बार-बार हमला कर रहा है। कई बार उसके घर पर पुलिस की छापेमारी हुई है। लेकिन बार-बार फरार हो जाता है। शक के आधार पर जान लेने पर तुला हुआ है। बरहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। फिलहाल युवक की स्थिति चिंता जनक बनी हुई है बार-बार घायल युवक बेहोश हो रहा है।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**Website: www.latehar.nic.in**

**Expression of InterestNotice**

**EOIreferenceno.:** **Dated:**

Bids are invited for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning of **20W/30W White LED based Solar Street Lighting Systems (SELSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery**on Turnkey basis at different places of Latehar. The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Nameofthework | Supply, Installation, Testing & Commissioning of **20W/30W White LED based Solar Street Lighting Systems (SELSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery**on Turnkey basis at different places of Latehar. |
| 2 | Contractperiod | 02 Years |
| 3 | Period of Completion | 06 Months |
| 3 | EMD and Tender fee etc. | EMD - 2,00,000 (Two Lakhs Rupees Only/-)Refundable &TenderFeesRs10,000(Ten Thousand Rupees Only/-)(Non-Refundable) Both DD will be infavour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar For MSMEs of Jharkhand EMD is NIL. |
| 4 | Lastdate&timeforEOI Submission along with original copies of Tender fee & EMD | 09/03/2024 05:00 PM |
| 5 | Technical EOI Opening Date | 12/03/2024 03:00 PM |
| 6 | Name & address of office inviting EOI | District Planning Office, Latehar |
| 7 | Place of opening of EOI | District Planning Office, Latehar |

Complete EOI Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district: -https://latehar.nic.in/

District Planning Officer,
Latehar

PR 320627 District(23-24).D

# संक्षिप्त समाचार

## एमयू बीएड ने राजकीय मध्य विद्यालय में की चित्रकला प्रतियोगिता

**बोधगया।** राजकीय मध्य विद्यालय भगवानपुर के प्रांगण में शिक्षा विभाग, मगध विवि बोधगया के बीएड नियमित सत्र -2023-2025 के प्रशिक्षुओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता किया गया। इसका आयोजन पर्यवेक्षिका सुमन जायसवाल और मुनीरा जबीन के कुशल निर्देशन में प्रशिक्षुओं सुजीत, रानी राणा, अमित, रानी, रेखा, चांदनी, प्रियंका, अभिषेक, चितरंजन, भरत, गुंजन आनंद, पूजा के अलावे अन्य मौजूद थे। इसमें विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार सिंह, रवि रौशन, अर्चना, नौशवा, शिलावंती के अलावा अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे चंद्रशेखर आजाद : प्रो. विजय कुमार

**गया।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, लोकप्रिय सेनानी चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मंगलवार को स्थानीय चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में कांग्रेस पार्टी के तत्वावधान में मनाई गई। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से 15 वर्ष की आयु में आजादी की लड़ाई में कूदने वाले चंद्रशेखर आजाद जब पहली बार अंग्रेजी हुकूमत में गिरफ्तार हुए और जज के समक्ष प्रस्तुत किए गए। वहां उनके द्वारा अपना नाम आजाद, पिता का नाम स्वतंत्रता तथा अपना निवास स्थान जेल बताने के बाद जज ने उन्हें 15 कोड़े मारने की सजा दी गई। हर कोड़े के वार के साथ उन्होंने, वंदे मातरम और महात्मा गांधी की जय का स्वर बुलंद किया था। इसके बाद से ही सार्वजनिक रुप से देशवासी उन्हें आजाद कहने लगे थे। कार्यक्रम को पूर्व विधायक मो. खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रद्युम्न दुबे, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, श्रवण पासवान, मो. समद, रुपेश चौधरी, राहुल चंद्रवंशी, सकलदेव यादव सहित अन्य ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि आज जरुरत है देशभर में सभी विद्यालयों के पाठ्य पुस्तकों में इनकी जीवनी को शामिल करने तथा देश के सभी जिला मुख्यालयों में इनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की। ताकि देश के भविष्य छात्र, नौजवान को इनके जीवन से सीख मिल सके।

## सड़क हादसे में पिता-बेटी की मौत

**नालंदा।** नालंदा के बिहार शरीफ-राजगीर मुख्य मार्ग पर मंगलवार को सड़क हादसे में पिता-बेटी की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार महिला जख्मी हो गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसुक पुल के पास का है। मृतक की पहचान भागन वीघा ओपी अंतर्गत मूसेपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामधारी रविदास के बेटे चंद्रशेखर रविदास (35) के रूप में की गई है। वहीं उसकी बेटी सलोनी कुमारी की भी इलाज के दौरान मौत हो गई है, जबकि पत्नी रेखा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। चंद्रशेखर रविदास सिलाव में मिस्त्री का काम करता था। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि बाइक पर सवार होकर चंद्रशेखर रविदास, बेटी का इलाज करवाने बिहार शरीफ आया था। वापस वह सिलाव लौट रहा था। तभी दीपनगर थाना क्षेत्र के कोसुक पुल के पास अनियंत्रित ट्रक रौंदते हुए फरार हो गया। इस घटना में चंद्रशेखर की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां से दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान सलोनी कुमारी की मौत हो गई। पत्नी रेखा कुमारी इलाजरत है। दीपनगर थानाध्यक्ष नाराद मुनि ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं डॉक्टर ने चंद्रशेखर को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से जख्मी महिला और बच्ची को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जहां बच्ची की भी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम कराने में जुट गई है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## अयोध्या में एक से 15 मार्च तक खालसा हेल्पर ट्रस्ट का लंगर, 30 सदस्य देंगे सेवा

**गया।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में खालसा हेल्पर ट्रस्ट के बैनर तले एक मार्च से 15 दिवसीय लंगर शुरू होगा। इस लंगर में 30 वॉलेंटियर लगातार 15 दिनों तक अपनी सेवा देंगे। लंगर की सेवा लता मंगेशकर चौक से दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित हनुमान किला मंदिर परिसर में मिलेगी। इन 15 दिनों तक बिहार से आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए विशेष सहयोग काउंटर भी खुलेगा, ताकि राम भक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह गया गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के उपाध्यक्ष सरदार रौनक सिंह सेठ ने बताया कि बिहार की पहली संस्था खालसा हेल्पर ट्रस्ट है, जो प्रभु श्रीराम जन्म भूमि में राम भक्तों के लिए लंगर सेवा का आयोजन कर रही है। इस पहल से बिहार के साथ ज्ञान व मोक्ष की भूमि गयाजी का मान-सम्मान बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से ही ट्रस्ट द्वारा लंगर चलाने की पहल शुरू हो गई थी। सर्वप्रथम बिहार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में लंगर चलाने के लिए अनुमति पत्र भेजा था, यहां से केन्द्र सरकार के पास गया, फिर श्रीराम जन्म भूमि ट्रस्ट से अनुमति मिली, साथ ही जगह उपलब्ध करायी गई। श्री सेठ ने बताया कि लंगर में प्रतिदिन दस हजार लोगों के लिए भोजन बनेगा। इसमें सर्वप्रथम सुबह में 06 से 08 के बीच चाय-बिस्किट, 08 से 11 बजे तक नास्ता, दोपहर 12 से 03 बजे तक भोजन, शाम 05 से 06 बजे तक चाय और रात्रि 07 बजे के बाद रात्रि का भोजन लंगर में चलेगा। उन्होंने बताया कि मंदिर से लंगर सेवा की दूरी करीब दो से ढ़ाई किलोमीटर है। यहां टेंट का पंडाल बना हुआ है, जहां लंगर की सेवा चलेगी। लंगर सेवा में गया के हलवाई बद्री प्रसाद गुप्ता अपने पांच अन्य साथियों के सहयोग के साथ भोजन तैयार करेंगे। इन्होंने देश से लेकर लंदन तक जाकर राज घराने में भारतीय पकवान बनाकर विदेशियों को खिला चुके है। उन्होंने गया वासियों से कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए इन 15 दिनों में जरूर आए। हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।

## जमीन विवाद में डॉक्टर की मां की हत्या, रिश्तेदार पर दिनदहाड़े घर में घुस चाकू मारने का आरोप

**नालंदा।** नालंदा में दिनदहाड़े संपत्ति विवाद को लेकर पड़ोसी ने घर में घुसकर पति-पत्नी के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मामला गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत निचली बाजार का है। मृतका की पहचान सुरेंद्र चौधरी की पत्नी आशा देवी (62) के रूप में की गई है। चाकू बाजी के इस घटना में सुरेंद्र चौधरी भी गंभीर रूप से जख्मी है। जिनका इलाज पावापुरी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घटना के संबंध में मृतका के बेटे डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि उनकी मां और पिता को रिश्तेदारों ने घर मे घुसकर चाकू मार दिया। उनकी मां को सिर में चाकू मारा गया है, जिसके कारण उनकी मौत हो गई है। उनके पिता को भी सिर और आंख के पास चाकू मारा गया है। वह गंभीर हालत में पावापुरी मेडिकल कॉलेज में इलाजरत है। डॉ संजीत कुमार ने बताया कि वह नवादा के अकबर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत है। उनके माता-पिता घर में अकेले रहते थे। इसी का फायदा उठाकर गोतिया के लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। बेटे ने आरोप लगाया कि 15 बीघा भूमि का विवाद गोतिया के लोगों से पिछले 2 सालों से चल रहा है। इसी विवाद में उन लोगों ने घर में घुसकर हत्या की है। उन्हें मोबाइल पर सूचना मिला कि उनकी मां छत से गिर गई है और जब वह घर पहुंचे तो देखा की सिर में चाकू लगा है जिसके कारण उनकी मां की मौत हुई है। एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि गिरियक थानाध्यक्ष को सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम निकली बाजार गिरियक निवासी सुरेंद्र चौधरी की पत्नी आशा देवी की हत्या कर दी गई है एवं सुरेंद्र चौधरी भी गंभीर रूप से जख्मी है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना अध्यक्ष गिरियक, इंस्पेक्टर गिरीयक एवं डीएसपी राजगीर के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। घटनास्थल पर तकनीकी एवं अन्य साक्ष्य को लेकर एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया है। ताकि घटना के अन्य तकनीकी पहलुओं पर वारिकी से अनुसंधान किया जा सके एवं पुलिस अग्रेतर अनुसंधान में जुटी हुई है।

# परीक्षा के 1 घंटे पूर्व तक मिलेगी एंट्री

## 1 और 2 मार्च को होगी बिहार कृषि सेवा की लिखित परीक्षा, प्रति पाली 14736 परीक्षार्थी होंगे शामिल।

निज संवाददाता। नालंदा



मंजीत कुमार, अपर समाहर्ता ,नालंदा की अध्यक्षता में हरदेव सभागार में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा "बिहार कृषि सेवा" के विभिन्न पदों पर लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा" के सफल संचालन हेतु संबंधित दंडाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों, पुलिस पदाधिकारी के साथ बुधवार को ब्रीफिंग किया गया।

**दो पालियों में होगी परीक्षाः** बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के द्वारा बिहार कृषि सेवा के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित( वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 1 मार्च से 2 मार्च तक दो पालियों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली 2:30 बजे से शाम के 4:30 बजे तक निर्धारित है।

**14736 परीक्षार्थी होंगे शामिलः** जिला मुख्यालय अंतर्गत 12 परीक्षा केन्द्रों पर प्रति पाली में 14736 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

**ऑब्जर्वर के साथ स्टैटिक दंडाधिकारी रहेंगे मौजूदः** प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र ऑब्जर्वर एवं दो-दो स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त वातावरण में आयोजन को लेकर 12 गश्ती दल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। साथ ही 3 वरीय पदाधिकारी उड़नदस्ता दल दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किए गए हैं। जो लगातार विभिन्न सम्बद्ध परीक्षा केंद्रों के बीच भ्रमणशील रहते हुए स्वच्छ परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएंगे।

**1 घंटा पहले पहुंचना होगा सेंटरः** परीक्षा आरंभ होने के 1 घंटा पूर्व तक परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति रहेगी। इसके पश्चात किसी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।किसी भी परीक्षार्थी को बिना चेकिंग के परीक्षा परिसर तथा परीक्षा हॉल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी, पूरी तरह से फ्रीस्किंग के पश्चात ही परीक्षा हॉल में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी ।किसी भी परिस्थिति में परीक्षा हॉल /कक्ष में मोबाइल फोन/ किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गजट के साथ परीक्षार्थियों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

**केंद्रों पर कराई जाएगी वीडियोग्राफीः** परीक्षा के सुगम संचालन हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या-06112-235288 है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को संबंधित परीक्षा केंद्र पर सुबह 8 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। संपूर्ण परीक्षा अवधि में सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी। संपूर्ण परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के 500 गज परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परीक्षा के आयोजन के अवसर पर जिला मुख्यालय में यातायात व्यवस्था सुगम बनाये रखने को लेकर अलग से दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

**ये पदाधिकारी रहें उपस्थितः** इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नालंदा सदर, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ शिक्षा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, सहित संबंधित केंद्राधीक्षक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## 24 कार्टन शराब के साथ तस्कर धराया, भागने की फिराक में था

निज संवाददाता। गया



गया जिले डोभी थाना क्षेत्र के उत्पाद विभाग के डोभी चेक पोस्ट पर एक लग्जरी कार से 24 कार्टन शराब बरामद की गई है। साथ ही में कार का ड्राइवर भी गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग के मुताबिक शराब की खेप झारखण्ड से लाई जा रही थी जिसे गया जिले चाकन्द थाना क्षेत्र में खपाने के लिए ले जाई जा रही थी। उत्पाद विभाग की टीम पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में जुट गई है। शराब तस्करी में इस्तेमाल कार को उत्पाद विभाग ने जब्त कर लिया है। उत्पाद विभाग के दरोगा ने प्राणेश कुमार ने बताया कि रात के समय डोभी चेक पोस्ट के पास विभागीय कर्मी वहानों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान झारखंड की ओर से आ रही कार डोभी चेक पोस्ट पर पहुंची लेकिन कार का ड्राइवर अचानक से टर्न लेने में जुट गया। लेकिन डिवाइडर की वजह से ऐसा नहीं हो सका तो वह बैक गियर में ही भागने की कोशिश में जुट गया। इस पर उत्पाद विभाग के कर्मियों ने उसे घेर कर पकड़ लिया।

**576 बोतलें बरामदः** बावजूद इसके कार का ड्राइवर मोके से भागने लगा लेकिन वह भी पकड़ा गया। कार की तलाशी ली गई तो उसमें से 24 कार्टन शराब बरामद की गई। कार्टून से 375 एमएल के 576 बोतलें बरामद हुईं। सभी झारखण्ड निर्मित हैं। कार का ड्राइवर शुभम कुमार धनबाद के भूली का रहने वाला है। वह शराब की खेप की डिलीवरी करने के लिए गया के चाकन्द थाना क्षेत्र में ले जाई जा रही थी। जब्त की गई कार झारखण्ड की है।

## डंपिंग यार्ड से फिर उठ रहा जहरीला धुंआ, टैंकरों के सहारे आग बुझाने में जुटे कर्मी

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार शरीफ नगर निगम के द्वारा शहर के दक्षिणी छोर स्थित कोसुक में डंपिंग यार्ड बनाया गया है। जहां एक बार फिर से डंपिंग यार्ड से जहरीला धुआं निकल रहा है। जो आसपास के क्षेत्र में फैल कर पूरे वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। बिहार शरीफ नगर निगम के सिटी मैनेजर विनय रंजन ने बताया कि असामाजिक तत्वों की यह करतूत है। मंगलवार को डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया गया था। तब वहां से किसी प्रकार का धुआं नहीं निकल रहा था बुधवार को अचानक सूचना मिली की डंपिंग यार्ड में जगह-जगह आग लगी हुई है। जिससे काफी धुआं निकल रहा है। इसके बाद निगम के कर्मियों को आग बुझाने का निर्देश दिया गया है। पानी का टैंकर लगाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

**समरसेबल की हो गई चोरीः** सिटी मैनेजर ने बताया कि इसके पूर्व दो बोरिंग भी डंपिंग यार्ड वाले जगह में कराया गया था। ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अगलगी की घटना होती है तो उस पर तुरंत काबू पाया जा सके, लेकिन बदमाशों के द्वारा बोरिंग में लगाया गया समरसेबल की भी चोरी कर ली गई है। अज्ञात बदमाशों के खिलाफ निगम प्रशासन की ओर से स्थानीय थाना में मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

**असामाजिक तत्वों पर आग लगाने का आरोप**

हालांकि, आग बुझा रहे निगम कर्मियों का कहना है कि आग बुझने में समय लगेगा। क्योंकि आग अलग-अलग क्षेत्र में फैला हुआ है। बड़े और छोटे टैंकर के सहारे आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। अग्निशमन विभाग के गाड़ियों को भी लगाया गया है।

**रोजाना 2 सौ टन कचरा हो रहा डंपः** नगर निगम के 51 वार्डों से रोजाना तकरीबन 200 टन से अधिक कचरा का उठाव हो रहा है। जिसे कोसुक स्थित डंपिंग यार्ड में डंप किया जा रहा है। पहले आसपास के लोग कचरे से निकलने वाले बदबू से परेशान थे। अब उठ रही धुआं लोगों के स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है।

## एसपी ने पदाधिकारियों को दिलाई पंच प्रण

### पुलिस कर्मियों को उनके व्यवहार और कर्तव्यों का कराया बोध

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार पुलिस सप्ताह दिवस के अंतर्गत नालंदा पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा के द्वारा जिले के सिलाव थाना परिसर में बुधवार को सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को पंच प्रण दिलाया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बिहार पुलिस सप्ताह दिवस मनाई जा रही है, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधि के माध्यम से पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी को पुलिसिंग व्यवहार और उनके कर्तव्य का बोध कराते हुए कहा कि पुलिस की सेवा अन्य सेवाओं से भिन्न है। पुलिस की सेवा में दायित्व सबसे अधिक है, आम लोग अलग होते हैं और हम लोग अलग होते हैं। पुलिस विभाग के कार्य मे भिन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि पंच प्रण का कार्य कोई नया नहीं है। पूर्व से ही हमलोग करते आये हैं। उसे और भी बेहतर तरीके से करना है। जहां जो कमी है उसे पूरा करना है। कोई भी हमारा साथी गलत करता है उसे टोक टाक करना है, ताकि गलत काम को नहीं करें। आम लोगों को पुलिस से काफी अपेक्षा है। इसलिये कोई भी कार्य ईमानदारी के साथ करना होगा। कोई भी खोट यदि मन में होगा तो हमलोग कोई भी सेवा नहीं कर पायेगें। जीरो टॉलरेंस के प्रति किसी भी तरह की भ्रष्टाचार को हम स्वीकार नहीं करेगें। इसका अमल करना जरूरी है। यदि आपका कोई साथी सहयोगी भ्रष्ट आचरण करता है, उसे तुरंत रोकना होगा और दंडित करने की जरूरत है। भ्रष्ट आचरण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस वर्ष हमारी पुलिसिंग और बेहतर होगी और 2024 में एक नई ऊंचाई को प्राप्त करेगा। इस दौरान थाने क्षेत्र के रिटायर्ड पुलिस कर्मियों से भी मुलाकात कर थाना क्षेत्र की गतिविधियों से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि आपलोग ही पुलिस का तंत्र है। कोई भी कार्य बिना सहयोग से नहीं हो सकता है। कोई भी सूचना हो थाने को दें, त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार एवं सिलाव थानाध्यक्ष मो.इरफान खान भी उपस्थित रहे।

## कोचिंग से पढ़कर निकलते ही दो बच्चे लापता

निज संवाददाता। गया



**अनहोनी की आशंका को लेकर थाने में दिया आवेदन, टीचर बोले- घर के लिए निकले थे दोनों**

गया जिले के परैया बजार से दो बच्चे अचानक लापता हो गए हैं। दोनों के परिजन अपने-अपने स्तर से दोनों की तलाश कर थक चूकें हैं। मामले को लेकर दोनों के परिजनों ने परैया थाने की पुलिस को बच्चों के गायब होने को लेकर लिखित आवेदन दिया है। परैया थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल, नगीना सिंह का बेटा सूर्य प्रताप (08) और राजीव कुमार का बेटा उज्ज्वल कुमार (09) साल परैया बाजार में कोचिंग पढ़ने गए थे। कोचिंग के बाद दोनों घर नहीं पहुंचे। कोचिंग संचालक ने परिजनों को बताया कि दोनों कोचिंग से पढ़कर घर जाने के लिए निकल गए थे।

**क्या बोली पुलिसः** घटना को लेकर परैया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार का कहना है कि दो बच्चे परैया बाजार से कहीं लापता हो गए हैं। मामले को लेकर पीड़ित परिजनों ने लिखित आवेदन दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। बच्चों की तलाश जारी है।

## कल महावीर स्वामी के निर्वाण वर्ष पर पावापुरी में शोभायात्रा

निज संवाददाता। नालंदा



जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के 2550 वां महापरिनिर्वाण वर्ष का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। इस महापरिनिर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में महावीर स्वामी की निर्वाणभूमि पावापुरी में गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस शोभायात्रा में जैन संत पंजाब केसरी आचार्य विजय वल्लभ सुरिश्वर जी महाराज के समुदाय के पूज्य गच्छाधिपति श्रुतभास्कर जैन आचार्य श्रीमद् विजय धर्म धुरंधर सुरिश्वर जी महाराज साहब, मुनि श्री महाभाद्र विजय जी महाराज, मुनि श्री तत्व दर्शन विजय जी महाराज अपनी मिश्रा प्रदान करेंगे। इस शोभायात्रा के मुख्य अतिथि नालंदा सांसद कौशलेन्द्र कुमार होंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया, दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि भव्य शोभा यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। गांव मंदिर से यह शोभायात्रा सुबह साढ़े नौ बजे निकल कर जल मंदिर तक पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि तीर्थंकर महावीर स्वामी का 2550 वां निर्वाण वर्ष चल रहा है। उनके निर्वाण भूमि पर बिहार का यह पहला शोभायात्रा गुरुवार को निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में देश के विभिन्न प्रांतों के जैन धर्मावलंबी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस शोभायात्रा में तीर्थंकर महावीर विद्या मंदिर के स्कूली बच्चों के अलावे स्थानीय लोग भी हजारों की संख्या में भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण वर्ष पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल होंगे। शोभा यात्रा के बाद धर्म सभा और स्वामीवात्शल्य का आयोजन किया जाएगा।

## जहर खाकर महिला ने की आत्महत्या, भाई ने कहा- सास से हुआ था विवाद

निज संवाददाता। नालंदा



**बहन ने खा ली सल्फास की गोली**

नालंदा में मंगलवार को महिला ने जहर खा खुदकुशी कर ली। मामला बिन्द थाना क्षेत्र के जखौरा गांव का है। मृतका की पहचान जखौरा गांव निवासी विपिन केवट की (25) वर्षीय पत्नी बेबी देवी के रूप में की गई है। मंगलवार की देर शाम परिजन शव के पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संदर्भ में पटना जिला के बेलछी थाना क्षेत्र अंतर्गत एकडंगा गांव निवासी मृतका का भाई राजू ने बताया कि अक्सर उसकी बहन का सास से झगड़ा होता रहता था। 7 साल पूर्व शादी हुई थी, इसी बीच उसके तीन बच्चे भी हुए। मृतका के भाई ने बताया कि मंगलवार को किसी बात को लेकर सास से कहा सुनी हुई और उसने सल्फास की गोली खा आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त कोई भी सदस्य घर में मौजूद नहीं था।

**पति बाहर मजदूरी का काम करते हैंः** कहा कि फोन से घटना की जानकारी मिली, बहनोई बिहार से बाहर रहकर मजदूरी करने का काम करते हैं। मौत की जानकारी मिलने के बाद वह भी प्रदेश से घर लौट रहे हैं। इस मामले में बिन्द थाना अध्यक्ष नागेंद्र चौधरी ने बताया कि महिला की मौत की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मायके वालों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## निगम के 25 सैरातों में 13 की हुई बंदोबस्ती

**आरा**। नगर निगम के 25 सैरातों में से 13 सैरातों की बंदोबस्ती हो चुकी है। शेष सैरातों की बंदोबस्ती अभी बाकी है। 10 सैरातों की बंदोबस्ती पहले की जा छुई थी, उसके बाद तीन सैरातों की बंदोबस्ती की गई। इनमें बिहारी मिल बस पड़ाव 1492000 रुपये में, जगजीवन मार्किट शुलभ शौचालय 82000 रुपये में व मीरगंज शुलभ शौचालय 345000 रुपये में सैरातों की बंदोबस्ती हुई।

## जन विश्वास संकल्प हमारा, नवीन विजन के अंतर्गत दिए निर्देश

**आरा**। बिहार पुलिस वीक 2024 के अवसर पर बिहार के सभी पुलिस प्रतिष्ठानों में जन विश्वास संकल्प हमारा का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक और अन्य सभी पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों ने वेब कास्टिंग के माध्यम से इस कार्य क्रम से जुड़े। पुलिस मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह तथा पुलिस महानिदेशक बिहार आरएस भट्टी के द्वारा बिहार पुलिस को और बेहतर बनाने के लिए "जन विश्वास संकल्प हमारा" के नवीन विजन के अंतर्गत दिए गए अनेक सलाह और निर्देश को सुना। इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक महोदय के द्वारा पुलिस को और बेहतर छवि प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसमें 2024 के विजन को भी सामने रखा, जिससे जनता के विश्वास को और बेहतर ढंग से प्राप्त किया जा सके तथा बेहतर पुलिसिंग को संपन्न किया जा सके। इसके अतिरिक्त बिहार पुलिस द्वारा किए गए अच्छे कार्यों और शुरू किए गए नए कार्यक्रम तथा कई उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया गया। पुलिस कर्मियों की कल्याण के साथ-साथ बेहतर काम करने वाले पुलिसकर्मियों को और बेहतर ढंग से पुरस्कृत करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

## स्वच्छ मतदान के लिए राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की बैठक

**आरा**। लोक सभा चुनाव को देखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह -जिला पदाधिकारी भोजपुर की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के जिला अध्यक्ष /सचिव के साथ बैठक की गई। जिसमें निर्वाचन विभाग बिहार पटना के निदेशानुसार 29 फरवरी से 195-अगिआंव विधानसभा के उपचुनाव से संबंधित इवीएम, वीवी पैट का प्रथम स्तरीय जाँच किया जाना है। एफएलसी से संबंधित कार्य आरंभ किए जाने की सूचना दी गई। अनुरोध किया गया है कि वह स्वयं या अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि को एफ एलसी के दरम्यान उपस्थित रहें। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अपेक्षित सहयोग करने का अनुरोध किया गया। इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर बीएलए की नियुक्ति करने का अनुरोध किया गया।

## पंकज उधास व छोटू पांडेय के निधन पर जताया शोक

**बक्सर**। भोजपुरी गायक छोटू पांडेय व अन्य कलाकारों की सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत पर जिला कलाकार संघ ने शोक व्यक्त किया है। साथ ही संघ ने गजल गायकी के सम्राट पंकज उधास के निधन पर भी शोक संवेदना व्यक्त की। डिस्ट्रिक्ट आर्टिस्ट एसोसिएशन आफ बक्सर डाब की ओर से स्थानीय रामेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। डाब के अध्यक्ष सुरेश संगम ने अध्यक्षता व संचालन महासचिव हरिशंकर गुप्ता ने की। मौके पर मृतात्मा की शांति व इस दुखद घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करने हेतु दो मिनट मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अध्यक्ष व महासचिव ने संयुक्त रूप से कहा कि भोजपुरी गायक छोटू पांडेय जिले के उभरते हुए लोक कलाकार थे। भोजपुरी इंडस्ट्री में छोटू पांडेय धीरे-धीरे अपनी एक अलग पहचान बना रहे थे।

## स्कूलों में लगाए जाएंगे शिक्षकों के फोटो युक्त बैनर

**बक्सर**। जिले में सभी सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन करा रहे शिक्षकों के फोटो युक्त फ्लैक्स बैनर लगाएं जाएंगे। जिले के प्रारंभिक लेकर उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए नए शैक्षणिक सत्र से यह कदम उठाए जाएंगे। नए सत्र में शिक्षकों की शत-प्रतिशत और बच्चों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिले के सभी प्रारंभिक से लेकर इंटर स्कूलों में शिक्षकों के फोटो युक्त फ्लेकस बैनर लगाए जाएंगे। इससे लाभ यह होगा कि विद्यार्थी व अभिभावक शिक्षकों की पहचान फोटो के आधार पर कर लेंगे। जो शिक्षक बीपीएससी की परीक्षा में सफल होकर बहाल हुए हैं,उनके नाम के साथ ही बीपीएसी शिक्षक भी जोड़ा जाएगा। शिक्षकों के फोटो युक्त फ्लैक्स बैनर में शिक्षकों के नाम भी फोटो के नीचे अंकित रहेगा। इसके साथ हीं जिस विषय के वे शिक्षक हैं। उसका भी उल्लेख फोटो के साथ होगा। फिलहाल स्कूलों में जो बच्चे पढ़ाई में कमजोर हैं। उनकी दक्षता बढ़ाने के लिए 1 घंटे की विशेष कक्षा का संचालन किया जा रहा है। 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। बच्चों की पढ़ाई विद्यालय में निरंतर कराने तथा उनकी वर्ग उम्र सापेक्ष दक्षता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। नए शैक्षणिक सत्र में स्कूलों में पाठन पाठन का माहौल तैयार किया जाएगा। इसकी समुचित तैयारी की जा रही है। जिले के सभी प्रारंभिक, हाई व इंटर स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम बच्चों को दक्ष बनाया जाएगा। स्कूलों में पदस्थापित व कार्यरत सभी शिक्षकों की शत प्रतिशत ससमय उपस्थिति अनिवार्य होगी। कक्षावार विषयवार रूटीन तैयार किया जाएगा।रूटीन का प्रदर्शन स्कूल के नोटिस बोर्ड पर किया जाएगा। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और आदेशों के शत- प्रतिशत पालन कराने के लिए बीईओ, डीपीओ व डीईओ लगातार स्कूलों का औचक निरीक्षण करेंगे। सरकारी विद्यालय, अनुदानित संस्कृत, मदरसा, प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक उच्च माध्यमिक स्कूलों में पदस्थापित सभी शिक्षकों के फोटो युक्त सूची का फ्लैक्स बैनर स्कूलों में प्रदर्शित करने के साथ हीं नए शैक्षणिक सत्र में सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए एचएम सहायक शिक्षकों के सहयोग से विशेष अभियान चलाएंगे। विद्यालय में बच्चों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति कराएंगे। छात्रों की उपस्थिति कक्षावार प्रदर्शित करना अनिर्वाय होगा।

## डॉ. जितेन्द्र शुक्ल ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता




**आरा**। बिहार झारखंड भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी के निर्देश पर बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक भट्ट ने डॉ जितेन्द्र शुक्ल को प्रदेश भाजपा कार्यालय में सदस्यता ग्रहण कराई। इनके साथ मंगल सिंह, उमाशंकर तिवारी व नंदन कुमार ने भी सदस्यता ग्रहण की। डॉ. शुक्ला आरा के रहने वाले हैं। डॉ जितेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस, लोजपा और रा लोसपा के साथ भी जुड़े थे। नगर निगम में पार्षद भी रह चुका हूं। विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ 20 वर्षों से जुड़ा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे बड़े नेता हैं। उनके नेतृत्व में देश की प्रगति वैश्विक पैमाने पर दर्ज हुआ है। भाजपा भारत में एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके पास तेज विकास का प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड और भविष्य के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण है।

# पेट्रोल पंप व्यवसायी के घर पर फायरिंग, शूटर गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर

भास्कर न्यूज। बक्सर शहर के सोहनीपट्टी मोहल्ले में पेट्रोलपंप व्यवसायी पर हुए गोलीकांड के शूटर को टाउन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शूटर के पास से एक देसी कट्टा और दो गोली बरामद किया गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद शूटर को जेल भेज दिया। गोलीकांड के एक अन्य आरोपित के गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि 29 जनवरी की शाम अपराधियों ने पेट्रोलपंप व्यवसायी देवदत्त उपाध्याय को गोली मार दिया। गोली लगने से व्यवसायी जख्मी हो गए थे। जख्मी ने मामले को लेकर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए कुछ आरोपितों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना में आरा शिवगंज के सुनील सिंह के पुत्र शुभम सिंह उर्फ रूखी सिंह का नाम सामने आया था। बताया जाता है कि शुभम को गोली मारने के लिए पैसा मिला था। पुलिस मामले में शुभम की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास कर रही थी। मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि शूटर स्थानीय स्टेशन पर पहुंचा हुआ है। तत्काल एसडीपीओ धीरज कुमार के नेतृत्व



में गठित टीम ने छापेमारी कर स्थानीय स्टेशन के समीप से शूटर को गिरफ्तार कर लिया। शूटर के पास से एक देसी पिस्टल और दो गोली बरामद किया गया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपित को जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में सदर एसडीपीओ के साथ टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, डीआईयू के युसूफ अंसारी, रामकुमार सिंह के साथ पुलिस बल के जवान थे। मैनेजर समेत तीन को पहले ही भेज चुकी है जेलः पेट्रोलपंप व्यवसायी देवदत्त गोलीकांड में पुलिस ने पेट्रोलपंप के मैनेजर तनु चौबे उर्फ भवेश चौबे समेत तीन के पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने 31 जनवरी को ही मैनेजर के साथ सोहनीपट्टी के जतिन चौधरी और ऋषभ शेखर को एक देसी पिस्टल, मैगजीन और गोली के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# जैविक खेती को दें बढ़ावा : डॉ प्रवीण

निज संवाददाता। आरा




श्रीअन्न उत्पादक कृषकों के लिए जैविक कृषि विषय पर कृषि विज्ञान केंद्र, नाबार्ड एवं अंत्योदय चेतन मंडल द्वारा संगोष्ठी कुलहड़िया में हुआ। उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ प्रवीण कुमार द्विवेदी, राष्ट्रपति से पुरस्कृत किसान गिरींद्र नारायण शर्मा, कोसिहान के किसान रविश रंजन, चेतना मंडल के सचिव रामनाथ ठाकुर, सुनील कुमार, भोला सिंह व राणा प्रताप सिंह ने किया। किसान धीरेंद्र ने कहा कि पारंपरिक खेती से हटकर अब खेती में नए सिरे से सोचने की आवश्यकता है और कृषि को ज्यादा लाभकारी बनाने के लिए उसमें कुछ नए पौधे एवं प्र भेदों को लाने की आवश्यकता होगी। पौधे के दस सालों के बाद सुगंधित लड़कियों की कीमत 50000 रुपये से लेकर 70000 रुपए प्रति किलो हो जाती है। साथ में अगर आप चाहते हैं कि ज्यादा लाभ हो तो इसके लिए मसाले की खेती और औषधि पौधों में चिया की खेती काफी लाभदायक है और यहां की जलवायु उसके लिए काफी अनुकूल है। रवीश रंजन ने कहा कि इस विधि से सीधी बुवाई से बाजड़ा सरसों धनिया इन सब की खेती करते हैं तो कम समय में ज्यादा सही उत्पादन होगा। डॉ पीके द्विवेदी ने कहा कि यह योजना जो नाबार्ड और कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा संयुक्त रूप से चलाई जा रही है इसका मूल उद्देश्य केवल जैविक खेती करना नहीं है बल्कि इस क्षेत्र में जहां पर की बाजरे और अन्य इस प्रकार के मोटे अनाजों की बहुतायत से खेती प्रारंभ हो चुकी है, उसके मूल्य संवर्धन पर विचार करना है। मौके पर राणा प्रताप सिंह, विकास पांडेय, समरेंद्र सिंह, महावीर पाठक, सुशील कुमार सिंह व अन्य थे।

# बिहार के 40 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी बीएसपी

**बक्सर से अनिल कुमार होंगे उम्मीदवार, प्रदेश प्रभारी बोले-एक सप्ताह में प्रत्याशियों की घोषणा**



निज संवाददाता। पटना

बहुजन समाज पार्टी बिहार के 40 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीएसपी किसी गठबंधन के साथ नहीं, बल्कि अकेले बिहार के अपनी उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। बक्सर लोकसभा सीट से अनिल कुमार चुनाव लड़ेंगे। इसकी घोषणा प्रदेश प्रभारी रामजी गौतम ने की है। बुधवार को प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 39 सीटों पर एक सप्ताह के भीतर सभी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। बसपा किसी गठबंधन के साथ चुनाव नहीं लड़ेगी। सभी सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ेंगे और मायावती को प्रधानमंत्री बनाएंगे। **दलित वोट बैंक में सेंधमारी करने की तैयारीः** बसपा के चुनावी मैदान में उतरने से महागठबंधन और एनडीए को दलित वोट बैंक का नुकसान पहुंच सकता है। बसपा बड़ी संख्या में दलित वोट बैंक में सेंधमारी करने की तैयारी में जुट गई है।

# चार ओपी थाना में अपग्रेड, एसपी ने किया उद्घाटन



**आरा/बड़हरा**। गृह विभाग से ओपी को थाना में अपग्रेड होने का निर्देश मिलने के बाद बुधवार को भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कृष्णगढ़, सिन्हा, धोबहा व गीधा थाना का फीता काटकर उद्घाटन किया। ओपी से थाना में अपग्रेड के शुभारंभ के मौके पर पुलिस अधीक्षक ने जनप्रतिनिधियों व आम जनों को नवीन थाना के फायदे के बारे में बताया। साथ ही थाना की अवसंरचना तथा सुविधाओं में बढ़ोतरी के प्रावधान के बारे में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा की अपग्रेड थाना मे आगामी एक मार्च से स्वतंत्र रूप से प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। ओपी के अपग्रेड हो जाने से प्राथमिकी दर्ज करने तथा विधि सम्मत कार्रवाई करने समेत कई अन्य कार्य के लिए आम लोगों को काफी लाभ होगा।थाना की प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से उपरोक्त सभी थाना में संपन्न की जाएगी। मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार, कृष्णगढ़ थानाध्यक्ष पवन कुमार, सिन्हा थानाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, मुखिया अनिल कुमार सिंह, राहुल पांडेय, राजेश पांडेय व मुखिया प्रतिनिधि धनजी प्रसाद, श्रीराम प्रसाद, रामावतार सिंह समेत कई सरपंच, मुखिया व स्थानीय लोग उपस्थित थे। उधर, धोबहां थाना के उद्घाटन के मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, मुखिया मिथुन सिंह, थानाध्यक्ष संजीव कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# यात्रियों से वसूली करते सात किन्नर गिरफ्तार


निज संवाददाता। बक्सर

ट्रेनों में यात्रियों से बदसलूकी करने वाले किन्नरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रेलवे सुरक्षा बल बक्सर को यात्रियों द्वारा लगातार मिल रही शिकायत को देखते हुए उक्त कार्रवाई की गई। शिकायत थी कि किन्नरों द्वारा उनसे दुर्व्यवहार कर पैसे लिए जाते हैं। इसी के अनुपालन में एक सघन चेकिंग अभियान चला कर विभिन्न ट्रेनों से कुल 07 किन्नरों को यात्रियों से पैसा मांगते हुए पकड़ा गया। जिन्हें निरीक्षक प्रभारी द्वारा इस प्रकार के कृत्यों को न करने की चेतावनी दी गयी। साथ ही यह भी समझाया गया कि वो रोजगार के दूसरे विकल्पों को भी तलाशे साथ साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही दूसरे योजनाओं से जुड़ कर भी अपना जीविकापर्जन करें। सात व्यक्तियों को महिलाओं के लिए आरक्षित कोच में यात्रा करने पर पकड़ा गया ।

> निरीक्षक प्रभारी द्वारा इस प्रकार के कृत्यों को न करने की चेतावनी दी गयी। साथ ही यह भी समझाया गया कि वो रोजगार के दूसरे विकल्पों को भी तलाशे साथ साथ सरकार द्वारा चलाई जा रही दूसरे योजनाओं से जुड़ कर भी अपना जीविकापर्जन करें।

# बकरी-भेड़ विकास योजनाः ऑनलाइन आवेदन शुरू

निज संवाददाता। बक्सर



जिले में सामेकित बकरी-भेड़ विकास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीपीएल परिवार के आर्थिक विकास को लेकर पशु एवं मत्स्य विभाग ने समेकित बकरी-भेड़ विकास योजना शुरू की है। इस योजना के तहत बीपीएल परिवार के बीच जीविकोपार्जन को लेकर बकरी बांटी जाएगी। जिले के वैसे गरीब परिवार जो बकरी पालने के इच्छुक हैं वे अपने कागजातों के साथ पशु एवं मत्स्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों की जांच के बाद विभाग के अधिकारी बीपीएल परिवार के घर जाकर बकरी पालने संबंधित जानकारी लेंगे। उसके बाद योजना के तहत उसे 3 बकरी या भेड़ उपलब्ध कराया जाएगा। गरीब परिवार के उत्थान को लेकर जिला परियोजना विभाग भी बकरीपालन से संबंधित योजनाओं का संचालन करता रहा है। जिसके तहत जीविका समूह से जुड़े गरीब परिवारों को चिह्नित किया जाता है। उसके बाद उन्हें बकरियों के खरीदारी के लिए रुपए उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## पूर्व रेलवे

**मालदा मंडल के अधीन मछली पकड़ने के अधिकार के लिए ई-निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-I, मालदा, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पो.ऑ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : **कार्य का नामः** मालदा मंडल के अधीन रेलवे टैंकों/बोरो पिट में मछली पकड़ने के अधिकार देने के सम्बन्ध में लाइसेंस। **क्रम संख्या (1)। ई-निविदा संख्याः 3-अर्निंग-23-24, दिनांकः 26.02.2024। लाइसेंस दिए जाने वाले टैंकों/बोरो-पिटों का विवरणः** एईएन/न्यू फरक्का जंक्शन के खंड में सुजनीपाड़ा और निमतीता स्टेशनों के बीच किमी. 225/0 से 227/7 तक दोनों तरफ रेलवे लोको टैंक/बोरो -पिटों में मछली पकड़ने का अधिकार। **क्षेत्रफल :** 9.58 एकड़। **प्रथम वर्ष के लिए विज्ञापित मूल्य/आरक्षित मूल्यः** रु. 33,100/-। **क्रम संख्या (2)। ई-निविदा संख्या : 4-अर्निंग-23-24, दिनांकः 26.02.2024। लाइसेंस दिए जाने वाले टैंकों/बोरो-पिटों का विवरणः** एईएन/न्यू फरक्का जंक्शन के खंड में आहिरन और सुजनीपाड़ा स्टेशनों के बीच किमी. 220/1 से 222/0 तक दोनों तरफ रेलवे लोको टैंक/बोरो-पिटों में मछली पकड़ने का अधिकार। **क्षेत्रफल :** 7.639 एकड़। **प्रथम वर्ष के लिए विज्ञापित मूल्य/आरक्षित मूल्यः** रु. 79,400/-। **क्रम संख्या (3)। ई-निविदा संख्याः 5-अर्निंग-23-24, दिनांकः 26.02.2024। लाइसेंस दिए जाने वाले टैंकों/बोरो-पिटों का विवरणः** एईएन/न्यू फरक्का जंक्शन के खंड में धुलियान गंगा और न्यू फरक्का जंक्शन स्टेशनों के बीच किमी. 245/6 से 257/4 तक दोनों तरफ रेलवे लोको टैंक/बोरो-पिटों में मछली पकड़ने का अधिकार। **क्षेत्रफल :** 3.55 एकड़। **प्रथम वर्ष के लिए विज्ञापित मूल्य/आरक्षित मूल्यः** रु. 1,13,600/-। **क्रम संख्या (4)। ई-निविदा संख्याः 6-अर्निंग-23-24, दिनांकः 26.02.2024। लाइसेंस दिए जाने वाले टैंकों/बोरो-पिटों का विवरणः** एईएन/न्यू फरक्का जंक्शन के खंड में बरहरवा स्टेशन क्षेत्र के लोको टैंक में मछली पकड़ने का अधिकार। **क्षेत्रफल :** 2.754 एकड़। **प्रथम वर्ष के लिए विज्ञापित मूल्य/आरक्षित मूल्यः** रु. 1,31,000/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 22.03.2024 को अपराह्न 3.30 बजे (प्रत्येक क्रम संख्या के लिए)। निविदाओं में भाग लेने से पहले इच्छुक व्यक्तियों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे कृपया निविदा दस्तावेजों में निविदाओं के नियमों और शर्तों को विस्तार से पढ़ें, जो वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन के कार्यालय में उपलब्ध होगा और निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

(MLD-139/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## देवघर–डिब्रुगढ़ उद्घाटन स्पेशल का आरंभिक आवागमन

देवघर और डिब्रुगढ़ के बीच एक नई साप्ताहिक ट्रेन चालू की जाएगी। **माननीय प्रधानमंत्री दिनांक 01.03.2024 (शुक्रवार) को 11.25 बजे** वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सेवा का उद्घाटन करेंगे। इसी अनुसार, एक उद्घाटन स्पेशल अर्थात **03509 देवघर–डिब्रुगढ़ स्पेशल (वन वे) दिनांक 01.03.2024 को 11.25 बजे** मोहनपुर से शुरू होगी और निम्नलिखित समयसूची एवं गठन के अनुसार हरलाटांड़–हंसडीहा (नई लाइन) होकर चलेगी :–

| स्टेशन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| **मोहनपुर** | – | **11.25** | जलपाईगुड़ी रोड | 00.53 | 00.55 |
| हंसडीहा | 12.12 | 12.14 | न्यू कूचबिहार | 02.13 | 02.15 |
| मंदारहिल | 12.36 | 12.38 | कोकराझार | 03.15 | 03.17 |
| भागलपुर | 14.20 | 14.30 | न्यू बंगाईगाँव | 04.25 | 04.30 |
| सुलतानगंज | 14.55 | 14.57 | बरपेटा रोड | 05.08 | 05.10 |
| बरियारपुर | 15.18 | 15.20 | नलबाड़ी | 05.50 | 05.52 |
| मुंगेर | 16.15 | 16.20 | रंगिया | 06.45 | 06.50 |
| खगड़िया | 16.58 | 17.00 | उदालगुड़ी | 07.40 | 07.42 |
| नवगछिया | 18.00 | 18.02 | रंगापाड़ा नार्थ | 08.55 | 09.05 |
| कटिहार | 19.58 | 20.00 | विश्वनाथ चारआली | 09.45 | 09.47 |
| बारसोई | 20.45 | 20.47 | हारमती | 10.58 | 11.00 |
| किशनगंज | 21.50 | 21.52 | उत्तर लखिमपुर | 12.00 | 12.02 |
| अलुआबाड़ी रोड | 22.23 | 22.25 | धेमाजी | 13.20 | 13.22 |
| न्यू जलपाईगुड़ी | 23.45 | 23.55 | **डिब्रुगढ़** | **16.00** | – |

**गठनः** वाता. 2-टीयर-1, वाता. 3-टीयर-6, शयनयान श्रेणी-5, द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस) - 4, एलएसएलआरडी- 1 और पावर कार -1 = 18 कोच

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–72–23–24 एकल पैकेट सिस्टम। कार्य का नाम : Dy.CE/C/डीडीयू के अंतर्गत क्षेत्र में (1) सोननगर–चिरैलापोथु से बाघा बिष्णुपुर तक वाईपास लाइन (10 किमी) के निर्माण, (2) सासाराम में रेल फ्लाई ओवर और (3) अंकोराह में बल्ब लाइन निर्माण कार्य के संबंध में सर्वेक्षण के अनुसार सत्यापन, परिवर्तन, संशोधन और प्रस्तुत भूमि के पुरस्कार को अंतिम रूप देने के लिए सहायता प्रदान करना निजी भूमि/सरकारी भूमि हेतु अधिग्रहण प्रस्ताव, समाधान अद्यतन करना और भूमि योजना का कम्प्यूटरीकरण, वृक्षों की गणना और रेलवे भूमि में पेड़ों को काटने और प्रदान करने के लिए विभाग की अनुमति प्राप्त करना और आरसीसी सीमा स्तंभ की आपूर्ति। अंकलित मूल्य (रू) : ₹65,53,117.35, बोली प्रतिभूति (रू) : ₹1,31,100.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 08 महीने।
2. ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–74–23–24 दो पैकेट सिस्टम। कार्य का नाम : टोरी–शिवपुर तीसरी लाइन के निर्माण के अंतर्गत सीसीएल के मगध–संघमित्रा क्षेत्र के बुकरू, बालूमाथ और फुलबसिया साइडिंग में बाउंड्री वॉल/विंड ब्रेकिंग वॉल का निर्माण, आरओबी में क्रैश बैरियर का निर्माण और अन्य संबंधित कार्य। अंकलित मूल्य (रू) : ₹20,09,66,237.98, बोली प्रतिभूति (रू) : ₹11,54,800.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 19.03.2024, 15.30 बजे।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाईट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/
निर्माण/दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/02403/कॉन/अभि./टी/23–24/60

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: एमसी/ईएनएचएम-एचडब्ल्यूएच/30/24-26/बीडीसी क्लीनिंग. बिड नं. जीईएम/2024/बी/4688487, दिनांक 24.02.2024;** सीनि. डिविजनल एनवायरोमेंट एंड हाउस कीपिंग मैनेजर, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नामः** बैण्डेल स्टेशन का 02 वर्षों की अवधि के लिए यांत्रिक सफाई कार्य (परिणाम आधारित)। **अनुबंध की अवधिः** 02 वर्ष 1 दिन। **अनुबंध का प्रकारः** सेवा। **बोली बंद होने की तारीख/समयः** 16.03.2024 को अपराह्न 05.00 बजे। **बोली खुलने की तारीख/समयः** 16.03.2024 को अपराह्न 5.30 बजे। **बोली प्रस्ताव की वैधता (बंद होने की तारीख से):** 90 दिन। **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक कारोबार (3 वर्षों के लिए):** 189 लाख। **समतुल्य/समान सेवा के लिए अपेक्षित पूर्व अनुभव वर्ष में:** 03 वर्ष। **अनुभव के वर्ष तथा कारोबार के लिए एमएसई छूटः** हाँ। **अनुभव के वर्ष तथा कारोबार के लिए स्टार्टअप छूटः** हाँ। **विक्रेता के लिए वांछित दस्तावेजः** अनुभव पात्रता, बोलीदाता का कारोबार, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 1 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 2 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 3 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 4 (एटीसी में अनुरोध किया गया)। *अगर कोई बोलीदाता अनुभव/कारोबार के पात्रता से छूट चाहते हैं, तो क्रेता द्वारा मूल्यांकन हेतु छूट के लिए उनकी पात्रता के साक्ष्य में समर्थित दस्तावेज अपलोड किए जाने चाहिए। **सक्षम आरए के लिए बोलीः** नहीं। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समयः** 02 दिन। **अनुमानित बोली मूल्यः** रु. 1,26,22,723.18 (लगभग)। **मूल्यांकन की विधिः** कुल मूल्य वार मूल्यांकन। **ईएमडी की रकमः** रु. 2,13,114/-। **सलाहकार बैंकः** भारतीय स्टेट बैंक। **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00; **ईपीबीजी की अपेक्षित अवधि (महीने में):** 26.

(HWH-515/2023-24)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com | ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

दो अन्य युवक का निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

# दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत, दो लोग गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता

**पटना**। फतुहा-दनियावां एनएच 30 ए पर सोनारू आरओबी के पास दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों को गंभीर हालत में पीएमसीएच रेफर कर दिया है। दोनों घायलों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। इसकी पुष्टि फतुहा थाना प्रभारी रूपक कुमार अंबुज ने की है। मृतक की पहचान फतुहा थाना क्षेत्र के टिंकू कुमार के 18 वर्षीय पुत्र रजत कुमार। वहीं, दूसराबलवा गांव निवासी राजकुमार सिंह के 22 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दनियावां की ओर से



एक ही बाइक पर कल्याणपुर के रजत कुमार अपने दो सहयोगियों के साथ आ रहे थे।

जबकि बलवा गांव के अखिलेश कुमार फतुहा अस्पताल की ओर से आ रहा था। इस दौरान दोनों के बीच टक्कर हो गई। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। थानाध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया था कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम को भेजा गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो को पीएमसीएच रेफर किया गया था। दो अन्य युवक का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। अभी किसी भी पक्ष की ओर से आवेदन प्राप्त नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवार व्यक्ति को कुचल, मौत

निज संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवार व्यक्ति को कुचल दिया। इस हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना बलिया थाना क्षेत्र के एनएच 31 के पास की है। मृतक व्यक्ति की पहचान बलिया थाना क्षेत्र के मनसेरपुर गांव के रहने वाले आनंद मोहन के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया है कि आनंद मोहन अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर का गैस सिलेंडर लाने के लिए बजार जा रहें थे। तभी एनएच 31 के पास तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार आनंद मोहन को कुचल दिया। इससे आनंद मोहन की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। वही इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बलिया थाना पुलिस को सूचना दी।मौके पर बलिया थाने के पुलिस पहुंच कर शवको अपनी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है। आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग 15 लाख का कपड़ा जलकर राख

निज संवाददाता

**समस्तीपुर**। समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के मदूदाबाद चौक पर बुधवार एक कपड़ा दुकान में बुधवार दोपहर आग लग गई। जिससे कपड़ा दुकान के अंदर रखा करीब 15 लाख से अधिक रुपए का रेडीमेड कपड़ा आदि जलकर राख हो गया। इस घटना के कारण मधुदाबाद चौक पर अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो गया। बाद में स्थानीय लोग और दमकल की टीम ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के संबंध में बताया गया है कि मदूदाबाद चौक स्थित सुरेश साह रेडीमेड कपड़ा दुकान में लोगों के साथ बैठे हुए थे। इसी दौरान दुकान की वायरिंग से चिंगारी उठने लगी। फिर देखते ही देखते पूरे दुकान में आग फैल गई। इस दौरान दुकानदार और उनके कर्मी बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। बाद में हल्लाह होने पर जुटे आसपास



के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। जिसके बाद मामले की जानकारी पटोरी अनुमंडल स्थित अग्नि सामान टीम को दी गई। मौके पर आसपास के चार थानों से पहुंची।

दमकल टीम ने करीब 2 घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान दुकान के अंदर रखा रेडीमेड कपड़ा आदि जलकर खाक हो गया। लोगों ने बताया कि होली को लेकर दुकानदार द्वारा हाल ही में कपड़ा का बड़ा स्टॉक मंगाया गया था। लोगों ने बताया कि स्थानीय युवक ने आग बुझाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। लोगों ने कहा कि अगर स्थानीय युवा तुरंत आग बुझाने में नहीं जुटते तो आसपास के दुकान में भी आग फैल जाती। युवाओं की तत्परता के कारण आग का फैलाव अधिक नहीं हो पाया। जिससे आसपास की दुकान भी जलने से बच गई। अगलगी की सूचना पर स्थानीय विधायक राजेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीछे दुकानदार से मिलकर घटना के कारणों के बारे में पूछताछ की।

## गैस चूल्हे की आग से दो बच्चियां झुलसी, घायल

निज संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में एक दर्दनाक हादसे में गैस चूल्हे की आग से दो बच्चियां झुलस गई है। दोनों का इलाज बेगूसराय के सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के चट्टी रोड की है। पीड़ित बच्चियों की पहचान चट्टी रोड निवासी पिंटू कुमार की पुत्री कोमल कुमारी एवं नैना कुमारी के रूप में की गई है। लोगों ने बताया कि बीते शाम कोमल कुमारी की मां खाना बना रही थी। और इसी क्रम में वह गैस चूल्हे को बंद कर बर्तन धोने के लिए चली गई। तभी दोनों बच्चि वहां पहुंच गई और माचिस की तीली जला दी।, जिससे



गैस भभक गया और दोनों ही बच्ची झूलस गई।

आग लगती ही घर में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घरवालों ने आग बुझाया। घायल अवस्था में दोनों बच्चियों को इलाज के लिए आनन फानन में स्थानीय लोगों के मदद से उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां सदर अस्पताल के वर्ण वार्ड में इलाज चल रहा है। इस दौरान सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया है कि आज से झुलस कर दो बच्ची घायल हुई है फिलहाल दोनों बच्ची का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया है कि दोनों बच्ची खतरे से बाहर है।

## दुकान का शटर तोड़ कैश और सामान किया गायब


**गोपालगंज (नि.सं.)**। नगर थाना क्षेत्र के करिया जीन बाबा के पास एक कपड़े की दुकान में चोरी होने का मामला सामने आया है। वित्त बेरवा गांव निवासी नारद सिंह के बेटे राहुल कुमार सिंह ने बताया कि उसका राघो सिंह मार्केट में गारमेंट्स की दुकान है। आस पास के दुकानदारों ने उसे बताया कि उसके दुकान का शटर और ताला तोड़ कर देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी किया है। इसके बाद जब वह दुकान पहुंचा और जांच किया तो पता चला कि दुकान में रखे डेढ़ लाख रुपए और कपड़ा चोरी हो गया है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया गया है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने घटना के बाद कार्य में ध्यान न देने पर गश्ती पार्टी को निलंबित कर दिया है।

## हार्डवेयर दुकान से 9 लाख की चोरी मामले में दो गिरफ्तार

निज संवाददाता

**सीवान**। सीवान में एक हार्डवेयर दुकान से 9 लाख की चोरी शुक्रवार को हुई थी। इसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही सारा चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। बता दें कि अज्ञात चोरों ने बीते शुक्रवार की देर रात प्रशासन को चुनौती देते हुए 9 लाख की सरिया की चोरी कर ली थी। घटना दरौंदा थाना क्षेत्र के सीवान-छपरा मुख्य पथ स्थित NH-531 के सटे भारत हार्डवेयर दुकान की थी। इस मामले में पीड़ित दुकानदार ने घटना के बाद एसपी से मिलकर शिकायत की थी। जल्द से जल्द सरिया को बरामद करने की मांग की थी। इसमें सीवान के एसपी अमितेश कुमार के निर्देश पर महाराजगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार रंजन ने एक स्पेशल टीम का गठन किया था। एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने दारौंदा थाना परिसर में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गठित टीम का नेतृत्व कर रहे दारौंदा थाना अध्यक्ष छोटन कुमार सभी संभावित जगहों पर छापेमारी की। जीबी नगर से पुलिस ने चोरी किया गया सरिया, चोरी में संलिप्त ट्रक सहित बरामद कर लिया गया है। चोरी में शामिल दो चोरों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चोर शाहीद राजा, पिता-अली अहमद और अली अहमद उर्फ चुन्नू पिता फजलु रहमान, जो दोनों पिता-बेटा है। दोनों जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के सलाहपुर के रहने वाले हैं। वहीं, एक ट्रक जो चोरी में प्रयोग किया गया था, उसे भी जब्त किया गया है।

## नेपाल से आये हाथियों ने सीमावर्ती गांवों में कई घर तोड़े और फसल किया बरबाद



निज संवाददाता

किशनगंज। नेपाल से आए हाथियों के झुंड ने दिघलबैंक प्रखंड के कई सीमावर्ती गांवों में तांडव मचा दिया है। हाथियों ने कई लोगों के कच्चे-पक्के मकानों और दुकानों को तोड़ दिया है। इसके साथ ही फसलों को भी नष्ट कर दिया है। घटना से लोगों का नुकसान तो हुआ ही है साथ ही लोगो में भय भी हो गया है। वहीं स्थानीय लोग किसी तरह हाथियों को भगाने में जुटे हुए है। वन विभाग को सूचना दी गई है लेकिन मौके पर किसी के भी पहुंचने की कोई खबर नहीं है। पीड़ित मुश्फिक आलम ने बताया कि अक्सर सीमावर्ती गांव में नेपाल से हाथी घुसकर नुकसान करते है। वन विभाग ने अब तक इसकी कोई ठोस व्यवस्था नहीं की है।

## अपराध की साजिश रचते देसी कट्टा के साथ एक अपराधी गिरफ्तार



निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)**। अपराध की साजिश रचते एक अपराधी को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ में बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एएसपी शिखर चौधरी ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हराजपुर गांव में कुछ अपराधी जमा हो कर आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक हैं। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने छापेमारी की, पुलिस को देख एक युवक भागने लगा। जब उसे पकड़ कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ।पूछताछ में बताया की सभी लूट की घटना को अंजाम देने के फिराक में जमा हुए थे।

पुलिस के आने से पहले आरोपी युवक फरार

## 198 ग्राम स्मैक और एक लाख 20 हजार नगद बरामद

निज संवाददाता

**मधेपुरा**। कर्पूरी चौक के पास पुलिस ने छापेमारी कर 198 ग्राम स्मैक और एक लाख 20 हजार 840 रुपए बरामद किया है। एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बुधवार को सदर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि शहर के वार्ड 21 में ललन झा के घर में किराए पर रह रहे रौनक कुमार के पास नशीली पदार्थ होने की सूचना मिली थी।




इसके बाद दरोगा इंद्रजीत तांती ने सशस्त्र बल के साथ ललन झा के किराए के मकान में छापेमारी की। पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी रौनक फरार हो गया। जब उसके कमरे की तलाशी ली गई तो यब सब कुछ बरामद किया गया। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मौके पर सदर थानाध्यक्ष विमलेंदु कुमार समेत अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे। वहीं छापेमारी टीम में दरोगा रवि रंजन, अरुण कुमार सिंह, सोमू कुमार, संतोष कुमार यादव, संतोष कुमार शामिल थे।

## निगरानी टीम ने घूस लेते एजीएम को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**खगड़िया**। निगरानी विभाग की टीम ने छापेमारी कर बुधवार स्टेट फूड कॉर्पोरेशन के एजीएम को 1 लाख 5 हजार रूपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अधिकारी का नाम मो शाहीद रजा है और अलौली प्रखंड के एसएफसी प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। पटना से आई 10 सदस्यीय टीम ने गौशाला रोड स्थित यशोदा नगर में किराए के मकान से उसे गिरफ्तार किया और पटना लेकर गए। निगरानी विभाग के डीएसपी ने बताया कि एजीएम के खिलाफ अलौली के एक राइस मिल संचालक ने रिश्वत मांगने की शिकायत की थी।



शिकायत दर्ज होने के बाद कार्रवाई की गई है। मौके पर आरोपी को एक लाख 5 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा गया। जानकारी के मुताबिक हाईटेक एग्रो उड़ान लिमिटेड नामक राइस मिल के संचालक संतोष कुमार ने शिकायत की थी। एजीएम ने संचालक से एसएफसी को सप्लाई किए जाने वाले चावल के प्रत्येक लॉट पर 30 हजार रुपए की डिमांड की गई थी। बता दे कि पटना लेकर जाने से पहले सैनिक लाइन होटल पर आरोपी सो पूछताछ की गई और गिरफ्तारी को लेकर सारी प्रक्रिया भी पूरी की गई।

## विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

**मुजफ्फरपुर (नि. सं.)**। मुजफ्फरपुर में विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। फंदे से लटका हुआ शव मिला है। ससुराल पक्ष के सभी लोग घर छोड़कर फरार हो गए। परिजन ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मामला जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र का है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरा गांव निवासी नरेश गिरी ने अपनी बेटी अंजली (25) की शादी जैतपुर थाना क्षेत्र के रेपुरा निवासी नरेश गिरी के पुत्र पवन गिरी (28) से 2021 में की थी। शादी के बाद अंजली और पवन काफी खुश रह रहे थें।

## हथियार और गोली के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चल रही छापेमारी

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार, गोली और चोरी की एक बाइक भी बरामद की गई है। उनकी निशानदेही पर अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। मामला जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र का है। मीनापुर थाना अध्यक्ष को सूचना मिली कि थम क्षेत्र के गंज बाजार में कुछ अपराधी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सभी एक जगह एकत्रित हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित की गई। टीम उस जगह पर पहुंची। पुलिस को देखते ही अपराधी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में उनके पास से 1 कट्टा, 1 कारतूस और 1 चोरी की बाइक बरामद की गई। तीनों को थाना लाया गया। सख्ती से पूछताछ में तीनों ने पूर्व के कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के मुस्तफागंज निवासी उमेश प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार, धारपुर निवासी विश्वनाथ सहनी के पुत्र विवेक कुमार और गदाईचक निवासी राकेश प्रसाद के पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। सोनू कुमार पर मीनापुर थाना में



आधा दर्जन आपराधिक मुकदमा दर्ज है। चंदन कुमार के खिलाफ भी जिले के अहियापुर और मीनापुर थाना में मुकदमा दर्ज है। एएसपी पूर्वी सहरियार अख्तर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तीन शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से हथियार और गोली भी जब्त हुए है। इनका पहले से आपराधिक इतिहास है। जिले के कई थाने में आपराधिक मामला दर्ज है। इनके गिरोह के अन्य शातिरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# जमीन के अंदर से शराब बरामद, पुलिस ने खोदकर निकाला



निज संवाददाता

**गोपालगंज**। गोपालगंज के जादोपुर थाना क्षेत्र के चतुर बगहा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। छापामारी के दौरान खेत के अंदर छिपाकर रखी गई शराब की बड़ी खेप को बरामद किया गया। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान कुचायकोट थाना क्षेत्र के खैरटवा गांव निवासी उपेंद्र यादव के रूप में किया गया। पुलिस उस वक्त दंग रह गई जब खेत से एक एक कर 583 लीटर शराब निकलने लगी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की जादोपुर थाना क्षेत्र के चतुर बगहा गांव में शराब की तस्करी के लिए खेत में छिपाकर शराब रखी गई थी। सूचना के आधार पर पुलिस कुदाल लेकर मौके पर पहुंची और खेत की खुदाई की। इसके बाद जमीन के अंदर छिपाकर रखी गई शराब की खेप को बरामद किया।

खेत से निकल रही शराब की सूचना पाकर आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पुलिस को जमीन के अंदर से शराब निकालते देख लोग भी हैरान रह गए। जादोपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार पाण्डेय ने बताया कि सूचना मिली कि यूपी से शराब की खेप लाने के बाद शराब तस्कर उसे चतुर बगहा गांव में खेत के जमीन में छुपा कर रखा है। इस सूचना के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर छापामारी करते हुए खेत में छिपाकर रखे गए 583 लीटर शराब को बरामद बरामद किया गया। साथ ही कुचायकोट थाना क्षेत्र के खैरटवा गांव निवासी उपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार पाण्डेय ने बताया कि यूपी से शराब की खेप लेकर शराब तस्कर उसे खेत में गड्ढा खोद कर छुपा कर रखने के बाद उसकी तस्करी करते थे।

## विदेशी शराब के साथ तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के आहियापुर थाना क्षेत्र के अयाची ग्राम में पुलिस ने छापेमारी कर कार से विदेशी शराब की होम डिलीवरी करने के वाले तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा शराब की बड़ी खेप भी मिली है। तस्करों की पहचान अहियापुर निवासी शिवनाथ कुमार, सिकंदरपुर निवासी मनीष झा और अहियापुर निवासी चंदन कुमार झा के रूप में हुई है। अहियापुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक राजू कुमार ने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लोग इलाके में कार से विदेशी शराब की होम डिलीवरी कर रहे हैं। इनपुट



के आधार पर अहियापुर पुलिस ने आज देर शाम अहियापुर थाना क्षेत्र के अयाची ग्राम में कार्रवाई करते हुए संदिग्ध हालत में खड़ी एक कार को जांच के लिए रोका गया। जिसकी तलाशी के क्रम में कार की डिक्की से विदेशी शराब की एक बड़ी खेप मिली। तीनों युवक लंबे समय से विदेशी शराब की तस्करी में शामिल थे। जब्त कार से कई फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद हुए है। ये लोग नंबर प्लेट को बदल-बदलकर शराब की तस्करी कर रहे थे। शराब तस्करों के पास से कार के अलावा विभिन्न ब्रांड की करीब 117 लीटर विदेशी शराब भी बरामद की गई है।

## भूमि विवाद को लेकर एक महिला घायल

**सहरसा (नि.सं.)**। सदर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक महिला के घायल होने का मामला सामने आया है। मामला सदर थाना क्षेत्र के गेरुआहा वार्ड नंबर 13 की बताई जा रही है और महिला का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार फूल कुमारी नामक महिला ने पड़ोस के रहने वाले जय प्रकाश यादव उर्फ राजा और चार-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ 21 फरवरी को थाना में आवेदन दिया था। महिला ने आरोप लगाया था कि दोपहर में आरोपी ने जबरन उसके घर के आगे की जमीन को ट्रेक्टर से जोत दिया था। जब इसका विरोध किया गया तो आरोपी ने भला बुरा कहकर उससे मारपीट की और घायल कर दिया। इसके साथ ही धमकी भी दिया कि विरोध किया तो ट्रैक्टर के नीचे दबाकर मार देंगे। महिला ने आगे बताया कि बुधवार को आरोपी ने जमीन पर दिवाल बनाने का काम शुरू कर दिया। जब विरोध करने गई तो उसे गोली मारने की धमकी दी गई। इसके बाद महिला ने पुलिस को सूचना दी।

## चौकीदार पर हमला कर पुलिस कस्टडी से दो अपराधी फरार



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में टॉप-10 की सूची में शामिल 2 अपराधी पुलिस की गिरफ्त से भाग गए। दोनों को चौकीदार शौचालय के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान चौकीदार पर हमला कर दोनों फरार हो गए। चौकीदार घायल हो हए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दोनों अपराधियों को बिहार एसटीएफ की टीम ने साहेबगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। दोनों की गिरफ्तारी मंगलवार को हुई थी। उसे साहेबगंज थाने को सौंप दिया गया था। आज दोनों चकमा देकर फरार हो गए।

एसडीपीओ कुमार चंदन ने बताया कि मंगलवार को टॉप-10 की लिस्ट में शामिल कुख्यात अपराधी विक्की और विवेक को गिरफ्तार किया गया था। दोनों को चौकीदार शौच के लिए ले गए थे। इस दौरान दोनों अपराधी चौकीदार पर हमला कर मौके से फरार हो गए है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। विवेक कुमार साहेबगंज थाना क्षेत्र के ईशा छपरा का रहने वाला है। वहीं, विक्की साहेबगंज थाना क्षेत्र के मोरहर का रहने वाला है। इन दोनों के पास से 1 पिस्टल, 1 मैगजीन, 2 कारतूस, 2 मोबाइल और 1 बिना नंबर प्लेट की बाइक भी जब्त की गई थी। दोनों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में लूट और डकैती के मामला दर्ज हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# खसरे का खतरा

भारत से ब्रिटेन तक खसरे के प्रकोप का बढ़ना बहुत दुखद और चिंताजनक है। वैसे तो पूरे देश में ही खसरे का संक्रमण दिख रहा है, पर आंकड़े बहुत स्पष्ट नहीं हैं और आज भी अपने देश में ज्यादातर जगहों पर लोग घरेलू इलाज से ही काम चलाते हैं। इसे चेचक या शीतला रोग या माता आने का रोग भी कहा जाता है। इस रोग के कारण स्पष्ट रूप से वैज्ञानिक हैं और इसका संक्रमण वायरल श्रेणी में आता है। इसे गंभीरता से न लेने से कई बार जान पर भी बन आती है, जैसे मध्य प्रदेश के मैहर में खसरे से दो बच्चों की जान चली गई और 17 से ज्यादा लोगों में इस वायरल संक्रमण का पता चला है। वहां उचित ही ज्यादा सतर्कता बरती जा रही है, ताकि इस बीमारी का बड़े पैमाने पर प्रकोप न हो। खसरे को लेकर भारत ही नहीं, यूरोप और अमेरिका में भी चिंता फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चेतावनी जारी करके सावधान किया है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है?

ध्यान देने की बात है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्ष 2022 में अनुमानित रूप से 11 लाख बच्चे भारत में खसरे के टीके की पहली खुराक लेने से चूक गए थे, जिससे देश उन दस देशों में शामिल



हो गया, जहां महामारी के बाद भी खसरे के टीकाकरण में सबसे ज्यादा कमी आई है। अत~ इसके प्रसार और भविष्य में होने वाले प्रकोप को रोकने के लिए इसके लक्षणों के बारे में जागरूकता, उचित सहायक देखभाल और टीकाकरण को बढ़ावा देना बहुत आवश्यक हो गया है। खसरे का विशिष्ट लक्षण लाल, धब्बेदार दाने का विकास है, जो चेहरे पर शुरू होता है और फिर शरीर के बाकी हिस्सों में भी फैल जाता है। बहरहाल, टीकाकरण ही खसरे को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है। खसरा और रूबेला का टीका आम तौर पर दो खुराक में दिया जाता है, पहली खुराक 12-15 महीने की उम्र में और दूसरी खुराक 4-6 साल की उम्र में दी जाती है। ज्यादातर लोग शायद भूल गए हैं कि खसरा गंभीर जटिलताओं, आजीवन विकलांगता और मृत्यु का कारण बन सकता है। यह फेफड़ों और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकता है। निमोनिया, मेनिनजाइटिस, अंधापन और दौरे का कारण बन सकता है। ब्रिटेन में भी चिकित्सक मानते हैं कि स्वास्थ्य की अवहेलना हुई है और सबकुछ बहुत खराब होने की राह पर है। लोग भूल गए हैं, यह कितनी गंभीर बीमारी है। साल 2021 में दुनिया भर में खसरे से अनुमानित 1,28,000 मौतें हुई थीं, जिनमें से ज्यादातर पांच साल से कम उम्र के बच्चे थे।

यह दुखद आश्चर्य है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पूरे यूरोप में खसरे के मामलों में खतरनाक 30 गुना वृद्धि की बात कही है। टीकाकरण की गिरती दर को जिम्मेदार ठहराया है, पर यह भी कहा है कि कोविड-19 के बाद अधिक लोग विदेश यात्रा कर रहे हैं, जिससे सीमा पार बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। पिछले वर्ष के आंकड़ों को देखें, तो रूस और कजाकिस्तान में खसरे की स्थिति सबसे बुरी रही है। एमएमआर वैक्सीन की पहली खुराक के लिए टीकाकरण दर, जो खसरे से बचाती है, पूरे यूरोप में 2019 में 96 प्रतिशत से घटकर 2022 में 93 प्रतिशत हो गई। इसी अवधि में दूसरी खुराक का उठाव 92 प्रतिशत से गिरकर 91 प्रतिशत हो गया। कथित विकसित देशों में जब ऐसी अवहेलना हुई है, तो बाकी देशों की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। इशारा स्पष्ट है कि समग्र टीकाकरण अभियान को फिर चाक-चौबंद किया जाए।

# अमूल : भारत की डेयरी क्रांति की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में गुजरात कोऑप मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेते हुए कहा, "50 साल पहले गुजरात के गांवों ने सामूहिक रूप से जो पौधा लगाया था, वह अब बरगद का भव्य पेड़ बन गया है। आज इस विशाल बरगद के पेड़ की शाखाएं देश-विदेश तक फैल गयीं हैं।" जीसीएमएमएफ एक सहकारी दिग्गज कंपनी है, जो प्रतिष्ठित डेयरी ब्रांड- अमूल की मालिक है। भारत की स्वतंत्रता-प्राप्ति से एक साल पहले, गुजरात के मध्य क्षेत्र में, एक क्रांति का जन्म हुआ, जो पोल्सन डेयरी की अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ एक छोटे विरोध के रूप में शुरू हुई और एक विशाल आंदोलन में बदल गई, जिसने भारत के डेयरी परिदृश्य को नया स्वरुप प्रदान किया। कैरा (अब खेड़ा) जिले के किसानों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के मार्गदर्शन में एक सहकारी समिति- कैरा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ




लिमिटेड का गठन किया। अमूल मॉडल का पालन करने के मूल उद्देश्य के साथ, 1965 में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की स्थापना की गई थी, जिसके बाद 1973 में डॉ. वर्गीज कुरियन उर्फ मिल्क मैन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में जीसीएमएमएफ का गठन हुआ। जीसीएमएमएफ, किसानों को लाभकारी रिटर्न और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने के मिशन के साथ गुजरात की डेयरी सहकारी समितियों के अग्रणी संगठन के रूप में उभरा। गुजरात में शुरू हुआ सहकारी आंदोलन न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए एक मॉडल बन गया। 1970 में, इस सहकारी समिति ने "श्वेत क्रांति" का नेतृत्व किया, जिसने अंततः भारत को दुनिया में दूध के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में स्थापित कर दिया। देश का महिला-कार्यबल 10 ट्रिलियन रुपये के कारोबार के साथ भारत के डेयरी क्षेत्र की अभूतपूर्व वृद्धि के पीछे की प्रेरक शक्ति है। आज अमूल को जो उल्लेखनीय सफलता मिली है, उसका श्रेय काफी हद तक महिला कार्यबल की भागीदारी को जाता है। अमूल, आत्मनिर्भर भारत की प्रेरणा है। दुनिया भर के 50 से अधिक देशों में अमूल के उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। 18,000 से अधिक दुग्ध सहकारी समितियों और 36,000 किसानों के विशाल नेटवर्क के समर्थन से, अमूल प्रतिदिन 3.5 करोड़ लीटर से अधिक दूध का प्रसंस्करण करता है। इस मॉडल के मूल में त्रिस्तरीय सहकारी संरचना है। ग्राम-स्तरीय डेयरी समितियां स्थानीय किसानों से दूध एकत्र करती हैं। बदले में, ये समितियां जिला-स्तरीय दुग्ध संघों को दूध की आपूर्ति करती हैं। अंत में, राज्य-स्तरीय दुग्ध संघ आपूर्ति को समेकित करते हैं और इसे विभिन्न बाजारों में वितरित करते हैं। किसानों को उनके दूध के लिए उचित मूल्य की पेशकश की जाती है और उपभोक्ताओं को ताजा व मिलावट-रहित उत्पाद प्राप्त होते हैं। संचालन को विकेंद्रीकृत करके और स्थानीय समुदायों को शामिल करके, अमूल न केवल एक स्थिर आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। आज, अमूल भारत का सबसे बड़ा एफएमसीजी ब्रांड है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, इसका वार्षिक बिक्री कारोबार 72,000 करोड़ रुपये का रहा है। यूनाइटेड किंगडम स्थित ब्रांड फाइनेंस ने अपनी 'ब्रांड फाइनेंस फूड एंड ड्रिंक्स रिपोर्ट 2023' में अमूल को न केवल वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया है, बल्कि इसे अमेरिकी चॉकलेट ब्रांड हर्षे के बाद दुनिया भर में दूसरा सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड भी माना है। अमूल की विपणन संबंधी रणनीति के केन्द्र में एक ऐसा बहुआयामी दृष्टिकोण है, जहां 'अमूल गर्ल' एक एकीकृत करने वाले सूत्र के रूप में कार्य करती है। अपनी उत्पाद श्रृंखला में एक सुसंगत नामकरण का उपयोग करके, अमूल ने विपणन से जुड़े प्रयासों को सरल बनाया है और लागत प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया है। अमूल की संचार रणनीति भी बेहद महत्वपूर्ण रही है। वर्ष 1966 में सिल्वेस्टर दाकुन्हा द्वारा प्रस्तुत, अमूल मोपेट के मजाकिया एवं आत्मीय लगने वाले विज्ञापन कई पीढ़ियों को लुभा चुके हैं और सबसे लंबे समय तक चलने वाले अभियान के तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बना चुके हैं।

'बटर गर्ल' की इतनी सराहना की गई है कि एक ब्रिटिश कंपनी ने 2019 में एक मक्खन लॉन्च किया और इसका नाम 'अटरली बटरली' रखा। राजनीति से लेकर पॉप संस्कृति तक हर चीज पर टिप्पणी करते 'अमूल गर्ल' के मजाकिया बिलबोर्ड और प्रिंट विज्ञापन, इस ब्रांड को सार्वजानिक चर्चाओं की सुर्ख़ियों में बनाए रखने में सफल रहे हैं। अब जबकि जीसीएमएमएफ अपनी स्वर्ण जयंती मना रहा है, यह न केवल इस संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि उन लाखों डेयरी किसानों के लिए भी एक सफलता है जिनके जीवन में बेहतर बदलाव आया है।

अमूल की यात्रा वास्तव में सहकारी समितियों और सरकार के बीच समन्वय का एक बढ़िया उदाहरण है, जो यह दर्शाती है कि जब विभिन्न समुदायों के लोग एक साझे उद्देश्य के लिए एकजुट होते हैं तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। सरकार पशुपालन से संबंधित बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण में रिकॉर्ड स्तर पर निवेश कर रही है। इस उद्देश्य के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का विशेष कोष स्थापित किया गया है। आज अमूल ब्रांड केवल एक उत्पाद ही नहीं, बल्कि एक आंदोलन भी है। यह एक तरह से किसानों की आर्थिक आजादी का प्रतीक है। इसने किसानों को सपने देखने, आशावादी बने रहने और जीने का हौसला दिया है।

# क्षेत्रीय दलों के आए दिन मिलने और लड़ने से उपजते सवाल

(राजेश बादल)

भारतीय लोकतंत्र एक अजीब सी दुविधा के दौर से गुजर रहा है। प्रतिपक्षी पार्टियां अपनी मजबूत सकारात्मक उपस्थिति दर्ज नहीं करा पा रही हैं। कभी वे गठबंधन के सहारे आगे बढ़ती दिखाई देती हैं, तो कभी स्वतंत्र अस्तित्व को लेकर इतनी संवेदनशील हो जाती हैं कि कोई समझौता नहीं करना चाहतीं। जाहिर है, वे एक-दूसरे से भयभीत या असुरक्षित अनुभव करती हैं, इसलिए यह कालखंड भारतीय राजनीति का संक्रमण-काल भी कहा जा सकता है। किसी भी लोकतंत्र में यह अस्वाभाविक प्रक्रिया नहीं है। कालखंड के हिसाब से समाज और देश अपने आपको बदलता है, तो उसकी शासन-प्रणाली में भी क्यों परिवर्तन नहीं होना चाहिए? अभी तक बहुदलीय व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की खास बात रही है।

किसी भी लोकतंत्र की बुनियादी शर्त सामूहिक नेतृत्व ही है। यह तभी संभव है, जब विविध संस्कृतियों और धर्मों की कोख से नेतृत्व की तमाम समान धाराएं निकलें और राष्ट्र की मुख्य प्रशासनिक गंगा में समा जाएं। हिन्दुस्तान में बीते 75 साल में ऐसा हुआ है। इसी कारण अलग-अलग सभ्यतागत चरित्र, सामाजिक संरचना, आस्था और अपनी विभिन्न मान्यताओं-धारणाओं को स्वीकार करते हुए भारत दुनिया में अपने लोकतंत्र की साख कायम कर चुका है। ऐसा कोई भी देश नहीं है, जहां संस्कृति का इतना मिश्रित स्वरूप देखने को मिलता हो। इसलिए बहुदलीय लोकतंत्र यहां के लिए सर्वाधिक अनुकूल प्रणाली है। हालांकि, हाल के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों, सियासत के बदलते चरित्र और प्रादेशिक व क्षेत्रीय पार्टियों की भूमिका के मद्देनजर नए सिरे से यह बहस अनिवार्य लगने लगी है कि तेजी से भाग रही दुनिया में क्या भारत के लिए अपनी राजनीतिक संरचना में परिवर्तन आवश्यक हो गया है?

वैसे तो पश्चिम और यूरोप के अनेक विकसित देशों में दो दलों की प्रधानता वाली प्रणाली भी कामयाबी से चल रही है। वहां साक्षर समाज ने इस तथ्य को स्वीकार कर लिया है कि आज के संपन्न संसार में अनेक वैचारिक धाराओं की वैसी जरूरत नहीं रही है, जैसी पचास-साठ साल पहले होती थी। व्यावहारिक तौर पर देखें, तो आज समाजवाद की अवधारणा उपयोगी होते हुए भी बासी पड़ चुकी है। जिस दौर में पूंजी का इतना बोलबाला हो, उसमें सभी वर्गों के लिए समानता की बात करना अव्यावहारिक है। यही हाल वामपंथी विचारधारा का है। अधिकारों और अपने हक के लिए लड़ाई लड़ने को कितने लोग सड़कों पर उतरना चाहते हैं? नई पीढ़ी तो आंदोलन और हड़ताल करने से बिदकती है। मानव श्रम का शोषण रोकने के लिए बनाए गए कानून बेमानी हो गए हैं। आज जम्हूरियत के नाम पर कमोबेश सारे बड़े देशों में एक लचीली व व्यावहारिक दक्षिणपंथी धारा दिखाई देती है। कमोबेश सारे राष्ट्र अब एक ताकतवर चेहरे को पसंद करते दिखाई देते हैं। लोकतंत्र का यही आधुनिकतम संस्करण है, जिससे अधिनायकवादी गंध भी आती है। वर्तमान उपभोक्तावादी समाज में इसे बहुत आपत्तिजनक नहीं माना जा रहा है। यही कारण है कि सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण समाज को सिद्धांतों की चिंता नहीं रह गई है।

भारतीय संदर्भ में भी यह बात समझी जा सकती है। यहां दो दल- भाजपा व कांग्रेस ही अपना अस्तित्व राष्ट्रीय स्तर पर बचाकर रखे हुए हैं। यहां राजनीतिक अस्थिरता ने अधिकतर प्रादेशिक दलों को जन्म दिया है। गठबंधन सरकारों का सिलसिला भी इसी दौर की उपज है। इन छोटे, मंझोले और क्षेत्रीय दलों को देखें, तो पाते हैं कि वे अपने आप में संपूर्ण दल नहीं बन पाए हैं। उनकी आंतरिक संरचना में जाति और परिवार ही प्रधान हैं। यह स्थिति लोकतांत्रिक भावना के अनुरूप नहीं है। ऐसी पार्टियों का वैचारिक आधार नहीं होने से वे अपने स्वार्थों के आधार पर सत्ताधारी राष्ट्रीय दल के साथ गठबंधन करने लगती हैं। उन्हें गठबंधन से कोई रोक नहीं सकता, पर यदि सिद्धांतविहीन राजनीति पर देश चल पड़ा हो, तो जम्हूरियत भी कमजोर होती है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5295

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5294

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5295

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | ■ | 5 |
| 6 | | | ■ | | ■ | 7 | |
| 8 | | ■ | 9 | | | | ■ |
| | ■ | 10 | | | ■ | ■ | 11 |
| ■ | 12 | | | ■ | 13 | | |
| 14 | | ■ | 15 | 16 | ■ | ■ | |
| 17 | | | ■ | 18 | 19 | | |
| 20 | | ■ | 21 | ■ | | ■ | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. परमवीर चक्र से सम्मानित प्रथम भारतीय सैनिक जो मेजर के पद पर कार्यरत थे (6)
6. भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म, रनिवास, अंतपुर (3)
7. शाखा, टहनी (2)
8. शरीर का एक संवेदी अंग, नासिका, घ्राणेन्द्रिय (2)
9. अंगूठे से तीसरी उंगली, उपकनिष्ठिका (4)
10. वह धन जो श्रमादि करके उपार्जित किया गया हो (3)
12. मनुज, मुनष्य, इंसान (3)
13. अनुलाप, तानयुक्त स्वरों में आरंभिक धुन प्रदर्शन (3)
14. क्रिकेट में बल्लेबाजों का मापदंड (2)
15. थाईलेंड देश का पुराना नाम (2)
17. घूमना, क्रीड़ा उपवन, विलास (3)
18. प्रदर्शननी, मेला बाजार, दिखावा (4)
20. सौर मंडल का सबसे बड़ा ग्रह जिसके 21 उपग्रह है (2)
21. उत्तम पुरूष एक वचन सर्वनाम सूचक शब्द (1)

**ऊपर से नीचे**

1. द्वादश ज्योतिर्लिंगों मे से एक जो काठियावाड़ के पश्चिम तट प्रभास क्षेत्र में स्थित है (4)
2. खुशबू, सुगंध, गमक (3)
3. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)
4. बिस्मिल्लाह खां नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा है (4)
5. कार्य या शक्ति की इकाई (2)
7. लुटेरों द्वारा किया गया धावा या छापा (2)
9. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
10. अपकीर्ति, कुख्याति (4)
12. अवमानना, आबवरेजी (4)
14. तौर-तरीका, रंगढंग (3)
16. ब्रहा के मानक पुत्र और मनुष्यों के मूल पुरूष (3)
19. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु वस्तु (3)

## वर्ग पहेली 5294 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | ज | पा | ■ | ■ | ए | थें | स |
| ग | ल | त | ■ | ■ | क | ■ | फ |
| फ | ■ | क | ब | ■ | ता | मी | र |
| ल | य | ■ | क | न | क | ■ | ना |
| ■ | क | मा | ना | ■ | पू | र्णि | मा |
| भ | र | ता | ■ | दौ | र | ■ | ■ |
| ■ | की | म | ती | ■ | ■ | पा | ना |
| सु | ब | ह | ■ | ब | ह | री | न |

# आज का राशिफल

### मेष
आज आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। मन में प्रसन्नता रहेगी और सभी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। आप अपनी तरफ से धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सहयोग करेंगे। आप यदि कोई व्यापार कर रहे हैं तो उसमें कुछ सकारात्क बदलाव आपके लिए हो सकते हैं। आज भाग्य आर्थिक मामलों में साथ देगा।

### वृष
आज भाग्य साथ देगा और आपके जीवन में तरक्की होगी। सांसारिक सुख भोग और नौकर चाकरों के असहयोग से परेशानी रहेगी। परिवार की तरफ से भी वांछित समाचार आपको मिलेगा और आपके कार्य पूर्ण होंगे। पड़ोसी सहयोग करेंगे और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं पूर्ण रूप से सफल होंगी। बचत कोष में वृद्धि होगी।

### मिथुन
आज का दिन आपको सफलता प्रदान करने वाला माना जा रहा है। ग्रहों की शुभ दशा से आपको लाभ होगा। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात तक आपके सामने कई फालतू खर्च आ सकते हैं जो आपको न चाहकर भी करने पड़ेंगे।

### तुला
आज आर्थिक लाभ होगा और आपको परिश्रम करने से लाभ होगा। आपको अच्छे काम में समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा और आपको शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ेगा। लोग आपके साहस और पराक्रम की प्रसंशा करेंगे और आपके धन में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज का दिन मिलाजुला रहेगा और आपको अच्छे के साथ ही बुरी खबरें भी मिल सकती हैं। आपको पेट एवं वायु से संबंधित कष्ट होने की संभावना है। ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो आपकी खिन्नता को बढ़ा देंगे। शाम के वक्त कोई खुशखबरी मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

### धनु
आज लाभ होगा और आपको करियर कारोबार में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। समय सामाजिक क्रियाकलापों में भी आपका मन लगेगा। आपके भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और आपको लाभ होगा।

### कर्क
रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। आप किसी काम में धन का निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो कर सकते हैं। शाम के वक्त वाहन अचानक से खराब होने से आपका काम बढ़ सकता है। आप इस समय में धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य से आप परेशान हो सकते हैं।

### सिंह
आज लाभ होगा और आपकी रुचि धार्मिक कार्य में बढ़ेगी। ज्ञान की वृद्धि होगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आप दूसरों की कमियां ढूंढ़ना छोड़ दें तो आज आपकी शान में चार चांद लग सकता है। आपके धन में वृद्धि के साथ ही योजनाएं भी सफल होंगी और आपको लाभ होगा।

### कन्या
अपनी शान शौकत के लिए धन का व्यय करेंगे और गरीबों की सहायता करने में भी खर्च होगा। अपनी कार्य कुशलता से दूसरे व्यक्तियों को अपनी ओर आकर्षित कर पाएंगे। शाम से लेकर देर रात्रि तक आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म में रहेगी। आप दान पुण्य में खर्च करेंगे।

### मकर
आज लाभ होगा और आज आपको निर्णय लेने की क्षमता का लाभ मिलेगा। यदि आपका कोई विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। धन का लाभ होगा। शाम से लेकर देर रात्रि तक का समय ईश्वर भक्ति, तप, यज्ञ, पुण्य कार्यों में लगेगा। आपके मन में सुकून रहेगा और आप तनाव से खुद को दूर रख पाएंगे।

### कुंभ
आज भाग्य साथ देर रहा है और आज का दिन आपके लिए भविष्य की नवीन संभावनाओं को लेकर आ रहा है। आपकी रुचि आध्यात्मिक कार्य में रहेगी। आपके अच्छे कर्मों से आपके खानदान का नाम ऊंचा होगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्य में सफलता मिलेगी। सायंकाल का समय गाने बजाने संगीत और सैर सपाटे में बीतेगा।

### मीन
आज आपको धन संबंधी योजनाओं में लाभ होगा। मानसिक अशांति खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। आपका संतान और पत्नी के प्रति प्रेम बढ़ेगा। आपको आकस्मिक चिन्ता के कारण परेशानी हो सकती है। दूसरे व्यक्तियों व आगन्तुकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब हो जायेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे ट्रैक पर मिले प्रेमी युगल के क्षत विक्षत शव, नहीं हो सकी पहचान

**लखनऊ , एजेंसी।** रायबरेली के जगतपुर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार की सुबह रेल ट्रैक पर एक युवक और युवती के क्षत विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक और युवती प्रेमी युगल बताए जा रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

रायबरेली-प्रयागराज रेलखंड पर जगतपुर क्षेत्र के पूरे त्रिलोक गांव के पास सुबह करीब 7.35 बजे रेल ट्रैक पर युवक और युवती के शव क्षत विक्षत अवस्था में पाए गए। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने नौचंदी एक्सप्रेस के आगे कूदकर खुदकुशी की है।

युवक और युवती की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी बबिता पटेल का कहना है कि युवक और युवती की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। मामला खुदकुशी का लग रहा है।

### सात फेरों के बाद दूल्हे की करतूत देख दुल्हन ने साथ जाने से किया इनकार, पंचायत के बाद भी नहीं बनी बात

**भदोही , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिले के ऊंज थाना क्षेत्र के नवधन गांव में सात फेरों के बाद नशे में धुत शराबी दूल्हे के साथ जाने से दुल्हन ने इनकार कर दिया। पहले डीजे पर नाचने को लेकर बरातियों और घरातियों के बीच जमकर विवाद हुआ। किसी तरह मान मन्नौव्वल के बाद शादी संपन्न कराया गया, लेकिन मंडप में भी नशे में धुत रहे दूल्हे को देखकर दुल्हन ने उसके साथ जाने से इनकार कर दिया। बताया जा रहा है कि बरातियों को बंधक भी बना लिया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात नवधन गांव की वनवासी बस्ती के एक परिवार में प्रयागराज जिले से बरात आई थी। जनवासे से बारात उठाने के बाद बराती नाचते-गाते दुल्हन के घर पहुंचे। इस दौरान डीजे पर डांस को लेकर घरातियों और बरातियों के बीच विवाद हुआ और देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगा। हालांकि जिम्मेदारों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। जिसके बाद शादी संपन्न हुई। शादी के दौरान मंडप में भी नशे में धुत होकर बैठे दूल्हे को देखकर दुल्हन ने उसके साथ जाने से इनकार कर दिया। जिसके बाद घराती और बराती पक्ष हैरान रह गए। काफी देर तक दुल्हन को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह किसी भी हाल में दूल्हे के साथ जाने को राजी नहीं हुई। इसके बाद घराती पक्ष के लोगों ने बरातियों को बंधक बना लिया। मामला बढ़ने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने में जुटी रही।

### मुंबई में छिपकर रह रहा था 50 हजार का इनामी बदमाश, पुलिस कस्टडी से हुआ था फरार, गिरफ्तार

**वाराणसी , एजेंसी।** देवरिया से न्यायिक अभिरक्षा से एक वर्ष तीन माह पहले फरार 50 हजार के इनामी बदमाश प्रवीन पाल उर्फ प्रदीप पाल को एसटीएफ की वाराणसी यूनिट ने पनवेल रेलवे स्टेशन के पास, नवी मुंबई (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया है। प्रवीन अयोध्या जिले के इनायत नगर थाना के गहनो खिहारन, बारून बाजार का रहने वाला है। उसे ट्रांजिट रिमांड पर महाराष्ट्र से एसटीएफ की टीम देवरिया लाएगी। एसटीएफ की वाराणसी इकाई के एडिशनल एसपी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पूर्वांचल के पुरस्कार घोषित बदमाशों के प्रदेश से बाहर सक्रिय होने की सूचना मिली थी। डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह के निर्देशन में अभिसूचना संकलन के दौरान पता लगा कि देवरिया जेल का बंदी प्रवीन पाल दो नवंबर 2022 को न्यायिक अभिरक्षा से फरार हो गया था। वर्तमान में वह पनवेल में छिप कर रह रहा है। सूचना को पुख्ता कर इंस्पेक्टर अमित श्रीवास्तव व इंस्पेक्टर राघवेंद्र मिश्र के नेतृत्व में दरोगा शहजादा खां, हेड कांस्टेबल दिलीप कश्यप व सत्यपाल सिंह और सिपाही रविशंकर सिंह की टीम पनवेल पहुंची। एसटीएफ की पूछताछ में प्रवीन पाल ने बताया कि कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र में पूजा अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। उसके पति की मृत्यु पहले ही हो चुकी थी। जमीन के लालच में उसने पूजा की हत्या कर दी थी। उसे कुशीनगर की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसे देवरिया जेल में रखा गया था। देवरिया जेल से उपचार के लिए वह अस्पताल गया था। अस्पताल में पुलिस कर्मियों को चकमा देकर वह फरार हो गया था।

# सपा में फूट: विधानसभा चुनाव में ही अखिलेश-मनोज के रिश्तों में पड़ गई थी दरार, तब भी भाजपा से बढ़ी थीं करीबियां



**रायबरेली , एजेंसी।** राजनीतिक पकड़। समीकरण साधने में माहिर। मतदाताओं की नब्ज टटोलने में पारंगत। ऊंचाहार से विधायक डॉ. मनोज पांडेय राजनीतिक रूप से बेहद समृद्ध हैं, खासकर ब्राह्मण मतदाताओं में तो और। यही कारण है कि सपा के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफे को पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, लेकिन सही मायने में वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में ही सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और मनोज के रिश्तों में दरार पड़ गई थी।

स्वामी प्रसाद मौर्य के सपा में शामिल होते ही ऊंचाहार विधानसभा सीट से टिकट को लेकर बड़ा घमासान हुआ था। टिकट कटता देख मनोज के भाजपा में शामिल होने की अटकलों से घबराकर सपा हाईकमान ने अंतिम समय में उनका टिकट फाइनल किया था। चर्चा तो यहां तक रही कि दिल्ली में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के भरोसे को तोड़ने के कारण ही भाजपा ने मनोज की ऊंचाहार में मजबूत घेराबंदी की। वोटरों में सीधी पकड़ के कारण मनोज अपनी सीट बचाने में सफल रहे।

वर्ष 2004 में मुलायम सरकार में राज्यमंत्री बनने के बाद विधायक डॉ. मनोज पांडेय ने 2007 में सपा के टिकट पर पहली बार सुल्तानपुर जिले की चांदा विधानसभा से चुनाव लड़ा। हालांकि वह बसपा के विनोद सिंह से हार गए थे। वर्ष 2012 में सपा के टिकट पर ही ऊंचाहार सीट से चुनाव लड़े और जीत दर्ज की। 2017 में भी पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के बेटे उत्कृष्ट मौर्य को चुनाव में करारी शिकस्त दी।

2022 के विधानसभा चुनाव से पहले ही स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा छोड़ सपा में शामिल हुए और ऊंचाहार सीट से बेटे के टिकट को लेकर अड़ गए। मनोज ने भी सीट छोड़ने से इंकार कर दिया। टिकट को लेकर लंबा घमासान चला।

**पहली बार भाजपा से बने थे नगर पालिका अध्यक्ष:** भाई राकेश पांडेय की हत्या के बाद मनोज पांडेय राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए मैदान में उतरे। वर्ष 2000 में भाजपा के टिकट पर नगर पालिका रायबरेली के अध्यक्ष का चुनाव लड़े और जीते। हालांकि वर्ष 2004 में वे सपा में शामिल हो गए, उन्हें राज्यमंत्री भी बनाया गया।

**सपा के साथ कांग्रेस के लिए बड़ा झटका:** राजनीतिक जानकारों के अनुसार मनोज पांडेय का मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देना सपा के लिए ही नहीं, बल्कि कांग्रेस के लिए भी बड़ा झटका है। ऊंचाहार सीट पर दलित के अलावा सवर्ण वोटरों में मनोज की अच्छी पकड़ है। ऐसे में मनोज जिस दल से मैदान में उतरेंगे, वहां खासा प्रभाव छोड़ेंगे। कांग्रेस के जानकारों के अनुसार यदि गांधी परिवार से कोई उम्मीदवार उतरता है तो मनोज पांडेय की कमी अखरेगी, क्योंकि गांधी परिवार के खिलाफ सपा प्रत्याशी नहीं उतारती थी।

### सपा में शामिल हुए गुड्डू जमाली, अखिलेश बोले- पीडीए परिवार बढ़ने के साथ ही भाजपा का डर बढ़ रहा है

**लखनऊ , एजेंसी।** राज्यसभा चुनाव में झटका खाने के बाद सपा फिर से आजमगढ़ के किले को मजबूत करने में जुट गई है। बुधवार को बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली सपा में शामिल हो गए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैंने किसी लोभ-लालच में यह फैसला नहीं लिया है। मैंने सोच समझकर यह निर्णय लिया है। आज देश के जो हालात हैं उसके लिए यह एक जरूरी निर्णय है। उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर हिंदू समाज के लोगों का अहसान है। मेरे 90 फीसदी दोस्त हिंदू हैं। मैं सोच भी नहीं सकता है कि हिंदू-मुसलमान को लड़ाया जा सकता है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से कहा कि मैं जिंदगी भर सपा में ही रहूंगा और पीडीए को मजबूत करने का काम करूंगा।
इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार बढ़ता जा रहा है। लोग सपा में आ रहे हैं। 2024 के चुनाव में एक तरफ वो लोग है जो संविधान को खत्म कर रहे हैं और दूसरी तरफ वो हैं जो संविधान बचाने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कभी समुद्र मंथन हुआ था अब संविधान मंथन होगा।
**पीडीए परिवार बढ़ने से भाजपा का डर बढ़ रहा है :** इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार बढ़ता जा रहा है। लोग सपा में आ रहे हैं। 2024 के चुनाव में एक तरफ वो लोग है जो संविधान को खत्म कर रहे हैं और दूसरी तरफ वो हैं जो संविधान बचाने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कभी समुद्र मंथन हुआ था अब संविधान मंथन होगा। राज्यसभा चुनाव में भाजपा को वोट करने वालों विधायकों पर अखिलेश यादव ने कहा कि अंतरात्मा वालों का अंतरखात्मा हो गया है। वो लोग जनता का कैसे सामना करेंगे जो भाजपा को हराकर आए हैं। सपा विधायक मनोज पांडेय के बारे में उन्होंने कहा कि वो तो हमें भाजपा-आरएसएस के बारे में सूचनाएं देते थे। मुझे दुख है कि अब मुझे वो सूचनाएं कौन देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को वोट करने वाले विधायकों पर नियम के अनुसार कार्रवाई होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि उनको क्या पैकेज मिलेगा। इसका मुझे इंतजार है। उन्होंने कहा कि भाजपा को एक ग्रुप सिद्धांतहीन भाजपा का बना लेना चाहिए जिसमें दूसरे दलों से तोड़कर लाए गए लोगों को रखा जाए। उन्होंने कहा कि पीडीए का परिवार बढ़ते जाने से भाजपा का डर बढ़ता जा रहा है।
**भाजपा राज में किसान, नौजवान और मुसलमान सब परेशान हैं :** सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा राज में किसान, नौजवान और मुसलमान सब परेशान हैं। ये लोग भगवान राम का नाम लेकर बेईमानी करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने इतनी सरकारें देखी हैं पर भाजपा से ज्यादा बेईमान कोई नहीं है।

### बदमाशों ने चाय बनवाई, फिर सपा नेता के प्रॉपर्टी डीलर भाई पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं

**बागपत , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बागपत में बदमाशों ने दिन निकलते ही हत्या की वारदात को अंजाम दिया। यहां निरोजपुर के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर युसुफ की बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया गया कि बदमाशों ने युसुफ को तीन गोली मारीं। एक गोली युसुफ के सिर पर लगी, जबकि दो गोलियां उसके सीने पर लगीं। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। बताया गया कि सपा के युवा जिलाध्यक्ष काला विधुड़ी का भाई युसुफ निवाड़ा गांव मे प्रॉपर्टी का काम करता था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि बदमाशों ने पहले चाय बनवाई, फिर प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाश घटना को अंजाम देकर हाईवे की तरफ फरार हो गए। हत्या से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि प्रॉपर्टी की विवाद में हत्या करने की बात सामने आई है।

**परिवार में सबसे बड़ा था युसुफ:** युसुफ परिवार में सबसे बड़ा था। उसके बाद काला और कोकब हैं। युसुफ की चार बेटी और एक बेटा है। बताया गया कि युसुफ घर पर कहकर गया था कि आज एक प्लॉट का सौदा होना है। इसके कुछ ही घंटे बाद उसकी हत्या हो गई। अभी तक की जांच में सामने आया कि दो वर्ष पहले क्षेत्र में भट्टे पर गोली चल गई थी। मामले में अज्ञात में मुकदमा दर्ज हुआ था। उस समय कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी। बताया कि युसुफ की गांव में प्रधानी को लेकर भी रंजिश चल रही थी। इसके अलावा पाबला में भी झगड़ा हुआ था। पुलिस मामले में पूरी तरह जांच-पड़ताल कर रही है।

# 79 साल के बुजुर्ग को बनाया छेड़छाड़ और हत्या का आरोपी

### किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत का है मामला

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर के काकादेव में किशोरी की संदिग्ध हालात में हुई मौत के मामले में पुलिस ने बिना जांच के ही 79 साल के बीमार बुजुर्ग को भी नामजद कर दिया। मुकदमे में आरोपी बनाए गए बुजुर्ग समेत अन्य लोग मंगलवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला पर ही मकान कब्जाने और पुलिस पर बिना जांच के मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया है।

16 फरवरी को काकादेव के विजयनगर निवासी किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। चार दिन बाद किशोरी के माता-पिता ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर इलाके के कमल मिश्रा, 79 साल के रामकेवल गुप्ता, राकेश गुप्ता, हरीशचद्र, विनेश गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर काकादेव पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या, छेड़छाड़, पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

मंगलवार को कमल मिश्रा को छोड़ सभी आरोपी पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एफआईआर कराने वाली महिला पर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। उनका नाम हटाकर महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। डीसीपी सेंट्रल आरके गौतम ने कहा कि बिसरा रिपोर्ट आने के बाद जांच की जाएगी। मुख्य आरोपी कमल मिश्रा है जिसकी तलाश की जा रही है। बाकी आरोपियों की भी भूमिका देखी जाएगी।

**नामजद आरोपियों ने तहरीर पर उठाए सवाल:** पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे आरोपियों ने कहा कि खुद पीड़िता लिख रही है कि घटना वाले दिन कमल मिश्रा साथ थे। वह बेटी को मार रही थी तो कमल ने रोका और बेटी कमरे में चली गई। कमल कमरे में गया था। इसके बाद बेटी को कोई दवा दी और उसकी हालत बिगड़ गई। इस दौरान मोहल्ले के लोग भी पहुंचे थे। तब किशोरी बेहोशी की हालत में थी, लेकिन उसने किसी का नाम नहीं लिया।

**मकान कब्जेदारी के विरोध में रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप:** आरोपियों ने कहा कि उनकी आज तक कमल से बात नहीं हुई और न ही उसे जानते हैं। कमल मिश्रा आरोप लगाने वाली महिला की सहेली के पति हैं। खुद को पीड़ित बताने वाली महिला ने उनके मकान पर कब्जा किया है, जिसका मुकदमा चल रहा है। इसी मुकदमे की खुन्नस में फर्जी आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करा दी। आशंका जताई है कि बेटी को मां और पिता ने पीटा होगा, इसके बाद उसने सुसाइड कर ली।

### मुख्तार अंसारी के फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी, 12 मार्च को आएगा फैसला

**वाराणसी, एजेंसी।** फर्जीवाड़ा कर गाजीपुर जिले से दोनाली बंदूक का लाइसेंस प्राप्त करने के मुख्तार अंसारी के मामले में मंगलवार को विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश कुमार गौतम की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस और रूलिंग से संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद फैसले के लिए 12 मार्च की तिथि नियत कर दी।



कोर्ट में आरोपी मुख्तार अंसारी की ओर से अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी पहले ही लिखित बहस के साथ सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की कुछ रूलिंग भी दाखिल कर चुके हैं। मंगलवार को अभियोजन की ओर से अभियोजन अधिकारी उदय राज शुक्ला और एडीजीसी विनय सिंह ने रूलिंग दाखिल की।

प्रकरण के अनुसार, मुख्तार अंसारी पर आरोप है कि 1997 में गाजीपुर के तत्कालीन असलहा बाबू के साथ साजिश रचकर उसने फर्जी तरीके से असलहा का लाइसेंस लिया था। मामले में आरोपी असलहा बाबू की पहले ही मौत हो चुकी है। सिर्फ मुख्तार अंसारी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला विचाराधीन है।

### रेल बाजार में युवक की नृशंस हत्या, लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**कानपुर ।** कानपुर के रेल बाजार थाना क्षेत्र में देर रात खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, युवक के सिर पर लोहे की रॉड से कई बार हमला किया गया है। रेल बाजार निवासी मोहम्मद सुलेमान का छोटा बेटा इमरान (38) मंगलवार रात अपने दोस्त अफ्फान कुरैशी के साथ शादी समारोह में जाने के लिए निकला था। देर रात खून से लथपथ इमरान का शव उसके चाचा मोहम्मद असलम के घर के पास पड़ा मिला। परिजन आनन फानन कांशीराम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे एडीसीपी लाखन यादव ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**पिंटू सेंगर की हत्या में शामिल आरोपी का भाई है अफ्फान:** इमरान के बड़े भाई मोहम्मद चांद ने बताया कि अफ्फान पिंटू सेंगर हत्याकांड में शामिल आरोपी फैजल का छोटा भाई है, जो जेल में बंद है। मंगलवार देर रात अफ्फान ही अपनी लाल रंग की कार से इमरान को लेकर गया था। परिजनों ने अफ्फान और साथियों के खिलाफ तहरीर दी है। बताया जा रहा है कि इमरान के परिवार में पत्नी शबनम के अलावा तीन बेटियां आफरीन, मायरा और अकिफा हैं।

### बिजली निगम का कारनामा, पांच साल पहले कटा कनेक्शन, भेज दिया 1.85 लाख का बिजली बिल

**वाराणसी , एजेंसी।** बिजली निगम अजब-गजब कारनामों को लेकर आए दिन सुर्खियों में रहता है। इस बार ऐसे उपभोक्ता के नाम से 1.85 लाख का बिजली बिल भेजकर निगम चर्चा में आया है, जिसकी पांच वर्ष पूर्व मौत हो चुकी थी और उसी समय यह कनेक्शन स्थायी रूप से कटवा (पीडी) भी दिया गया था। बिल देखकर मृतक के परिजन हैरान-परेशान हैं। राजातालाब क्षेत्र के कचनार गांव निवासी बाबूलाल गुप्ता का करीब पांच वर्ष पूर्व निधन हो गया था। बेटे राजकुमार का कहना है कि पिता के नाम जो बिजली कनेक्शन था, उसका संपूर्ण बकाया पांच साल पूर्व जमा कर कनेक्शन को स्थायी रूप से कटवा दिया गया था। अब इतने दिनों बाद बिजली निगम ने उनके नाम एक लाख 85 हजार 269 रुपये का बिल भेज दिया है। राजकुमार ने बिजली निगम के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया। बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ग्रामीण विजयराज सिंह ने कहा कि ऐसी शिकायत नहीं आई है। उसे देखकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।



### थाने का नहीं मिला चार्ज, पूर्व इंस्पेक्टर ने दाखिल की अवमानना याचिका, पूर्व सीपी को बनाया पार्टी

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर में नवाबगंज के तत्कालीन इंस्पेक्टर को धमकी देने वाले काकादेव के इंस्पेक्टर रहे विनय शर्मा ने काकादेव थाने का चार्ज न मिलने पर हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है। इसमें पूर्व पुलिस कमिश्नर डॉ. आरके स्वर्णकार को पार्टी बनाया है। नोटिस मिलने के बाद पुलिस ने भी जवाब दाखिल कर दिया है।



अक्तूबर 2023 में नवाबगंज इंस्पेक्टर रहे रोहित तिवारी ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया था। गांजा तस्कर का परिवार पूर्व काकादेव इंस्पेक्टर विनय शर्मा के पास पहुंच गया। पूर्व इंस्पेक्टर ने परिजनों से तहरीर लेकर नवाबगंज के पूर्व इंस्पेक्टर को फोन कर धमकी दी थी कि तुम्हारे खिलाफ अपहरण की धारा में मुकदमा लिख दूंगा।

इस मामले में अधिकारियों ने विनय शर्मा को निलंबित कर दिया था। पूर्व इंस्पेक्टर को मिसकंडक्ट दिया गया था। इस पर वह हाईकोर्ट चले गए थे। वहां से बहाली का आदेश भी ले आए। हाईकोर्ट के आदेश पर उन्हें बहाल कर दिया गया था। वह पुलिस लाइन में हैं।

**काकादेव थाने का ही इंस्पेक्टर बनाकर बहाल किया जाए:** विनय शर्मा का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें काकादेव थाने का चार्ज दिया जाए, जबकि सिर्फ बहाल किया गया है। इस मामले में हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल कर दी है। इसमें पूर्व पुलिस कमिश्नर डॉ. आरके स्वर्णकार को पार्टी बनाया है। उन्होंने कहा कि उन्हें काकादेव थाने का ही इंस्पेक्टर बनाकर बहाल किया जाए।

# संगीता बलवंत की जीत से भाजपाइयों में जश्न, देर रात तक छोड़े पटाखे और बांटी मिठाइयां

**गाजीपुर , एजेंसी।** यूपी के गाजीपुर जिले की सदर विधानसभा की पूर्व विधायक, पूर्व सहकारिता राज्यमंत्री डॉ. संगीता बलवंत को राज्यसभा सदस्य चुने जाने की खबर से जनपद में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर पटाखे छोड़े और मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया।

डॉ. संगीता बलवंत की साहित्य में अभिरुचि के साथ साथ छात्र जीवन से ही राजनैतिक लगाव रहा है। उनकी दर्जनों साहित्यिक रचनाएं प्रकाशित है। वह पूर्व में गाजीपुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्र संघ उपाध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य चुनी गई थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर 2017 के विधानसभा चुनाव में विधायक और अब राज्य सभा के लिए चुनी गई है।




भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मान भारतीय जनता पार्टी की कार्य पद्धति है। भारतीय जनता पार्टी ने सर्व समाज को प्रतिनिधित्व देने का काम किया है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि समाज के हर वर्ग के सम्मान और समृद्धि के लिए भारतीय जनता पार्टी सदैव से प्रयासरत रही है। आज डॉ. संगीता बलवंत को प्रतिनिधित्व देकर पार्टी ने यह साबित कर दिया है। जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा राजनैतिक दल है जहां जाति और धर्म, अमीर गरीब से परे समाज के हर वर्ग को यहां तक की कमजोर से कमजोर को भी नेतृत्व प्राप्त है।

**लोकसभा चुनाव के पहले शुभ संकेत है ये जीत: विजय मिश्रा:** पूर्व मंत्री विजय मिश्रा ने कहा कि डॉ. संगीता बलवंत के साथ भाजपा के नव निर्वाचित राज्यसभा के सांसदों को बधाई। ये जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास के दिए हुए नारे की जीत है। इस चुनाव में जिस प्रकार से भाजपा की जीत हुई है यह लोकसभा चुनाव के लिए शुभ संकेत है। इसी तरह पार्टी प्रदेश की सभी 80 सीटों के जीत सुनिश्चत करेगी।

### हेलो बेटी का पता चाहिए... पैसे भेजो, उम्मीद जगाकर दंपती से कर ली हजारों की ठगी; एक वर्ष से लापता है पुत्री

**एटा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के एटा में एक युवक ने अपहृत बेटी का पता बताने के नाम पर पीड़ित दंपती से हजारों की ठगी कर ली। दंपती ने जब बेटी का पता बताने के लिए उससे संपर्क किया तो उसका फोन बंद आने लगा। उन्हें ठगी का अहसास हुआ तो वह थाने पहुंचे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच कर रही है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां दंपती ने थाने में तहरीर दी। बताया कि उनकी बेटी एक वर्ष से लापता है। वह उसे ढूंढ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई पता नहीं चला है। इसके लिए उन्होंने पोस्टर छपवाकर कई जगह चस्पा कराए थे। बेटी का पता बताने वाले को 20 हजार रुपये देने की बात लिखी थी।

**पहले ले लिए पैसे :** बताया कि एक दिन उनके पास फोन आया। सामने वाले ने कहा कि उसका नाम राजू बाबा है। वह उनकी बेटी का पता जानता है। इस पर उन्हें कुछ आस जगी और उस पर भरोसा कर लिया। उसने पता बताने से पहले इनाम की राशि मांगी। उन्होंने उसे 20 हजार रुपये दे दिए।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी:** इसके बाद जब बेटी का पता पूछने के लिए उसे दोबारा फोन किया, तो उसने पैसा न वापस करने की बात कही। बार-बार फोन करके परेशान करने पर जान से मारने की दमकी दी। इसके बाद उन्होंने कई बार कोशिश की लेकिन उससे संपर्क नहीं हो सका।

## संक्षिप्त समाचार

### तिरुवनंतपुरम से कासरगोड जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के शौचालय से अचानक निकलने लगा धुंआ

**कोच्चि।** तिरुवनंतपुरम से कासरगोड जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को बुधवार सुबह एक तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, उसके एक शौचालय से अचानक धुआं निकलने लगा और पास के यात्री केबिन में फैल गया। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि धुआं शौचालय में इनबिल्ट अग्निशामक यंत्र के सक्रिय होने के कारण निकला था। अधिकारी ने कहा कि क्या यह शौचालय के अंदर धूम्रपान करने वाले किसी व्यक्ति के कारण हुआ है या फिर किसी तकनीकी खराबी के कारण हुआ, यह अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा, परिणामस्वरूप, समस्या का समाधान होने तक ट्रेन को यहां के पास अलुवा में लगभग 20 मिनट तक रोका गया और फिर सुबह करीब 9.24 बजे ट्रेन ने अपनी यात्रा फिर से शुरू की। अधिकारी ने कहा कि धुएं के कारण किसी भी यात्री को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं हुई, अलुवा में रुकने के कारण होने वाली देरी को भी कवर किया जाएगा।

### केरल में कम्युनिस्ट नेता की हत्या मामले में 12 को उम्रकैद

**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने 2012 में कम्युनिस्ट नेता टीपी चंद्रशेखरन की सनसनीखेज हत्या मामले में मंगलवार को 12 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक हत्याओं पर गंभीर कार्रवाई का यही अवसर है, क्योंकि ये लोकतांत्रिक सिद्धांतों को हाशिए पर ले जाती हैं। रिवोल्यूशनरी मा?र्क्सवादी पार्टी (आरएमपी) नेता चंद्रशेखरन की चार मई, 2012 को कोझिकोड के ओंचियाम में हत्या कर दी गई थी। जस्टिस एके जयसंकरण नांबियार और जस्टिस कौसेर एडाप्पागत ने हत्या के लिए दोषी करार दिए गए 11 में से 10 लोगों को सुनाई गई उम्रकैद की सजा को बरकार रखा। हाई कोर्ट ने दो अन्य केके कृष्णन और जेओथी बाबू को भी उम्रकैद की सजा सुनाई। निचली अदालत ने दोनों को बरी कर दिया था। इसके अतिरिक्त हाईकोर्ट ने प्रमाण नष्ट करने के दोषी ठहराए गए और तीन वर्ष जेल की सजा पाए लांबू प्रदीप की सजा भी बरकरार रखी। कोर्ट की राजनीतिक हत्याओं पर गंभीर टिप्पणी निचली अदालत से उम्रकैद की सजा पाए कुन्हानंदन की अपील लंबित रहने के दौरान मौत हो गई। राजनीतिक हत्याओं पर गंभीर टिप्पणी करते हुए पीठ ने कहा, अभिव्यक्ति की संवैधानिक गारंटी का उपयोग करने से रोकने वाले ऐसे अपराधों से कठोरता से निपटा जाना चाहिए।

### लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस में फिर भगदड़

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस में फिर से उथल-पुथल नजर आ रही है। राज्य के पूर्व मंत्री बसवराज पाटिल मुरुमकर ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पाटिल 1999 से 2004 के बीच महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे थे। वह ओमेरगा-लोहारा और औसा विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के अभिमन्यु पवार से हार गए थे। कांग्रेस का दावा है कि पाटिल के हाथ का साथ छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। पार्टी नेता अभय सालुंके ने बताया कि उनके साथ छोड़ने से कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि वह 2019 के चुनाव में हारने के बाद से जनता के साथ संपर्क में नहीं थे। बसवराज पाटिल मुरुमकर को लेकर अब यह चर्चा है कि वो भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर अभी तक उनकी ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। मालूम हो कि हाल के दिनों में महाराष्ट्र कांग्रेस के कई सीनियर नेताओं ने पार्टी छोड़ी है। इनमें अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा और बाबा सिद्दीकी जैसे प्रमुख चेहरे शामिल हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद चव्हाण बीजेपी में शामिल हुए हैं। वहीं, देवड़ा अब एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि इन दोनों नेताओं को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। दूसरी ओर, बाबा सिद्दीकी उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ गए हैं। गुजरात में भी कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री नारण राठवा अपने बेटे और कई समर्थकों के साथ मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गए।

भारत का पहला स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग पोत लॉन्च

# प्रधानमंत्री ने 17,300 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

- वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की रखी गई आधारशिला
- 10 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 75 प्रकाशस्तंभों में पर्यटक सुविधाएं समर्पित
- विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाएं समर्पित कीं
- केंद्र सरकार के 'कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के प्रयासों से ईज़ ऑफ लिविंग में हो रही हैं' वृद्धि
- 'समुद्री क्षेत्र के विकास का मतलब तमिलनाडु जैसे राज्य का विकास है'

एजेंसी



**थूथुकुडी (तमिलनाडु)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में 17,300 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने हरित नौका पहल के तहत भारत का पहला स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग पोत भी लॉन्च किया। उन्होंने 10 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 75 प्रकाशस्तंभों में पर्यटक सुविधाएं समर्पित कीं। उन्होंने वांची मनियाच्ची-नागरकोइल रेल लाइन के दोहरीकरण की रेल परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं, जिसमें वांची मनियाच्ची-तिरुनेलवेली खंड और मेलाप्पलायम-अरलवायमोली खंड भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में लगभग 4,586 करोड़ रुपये की कुल लागत से विकसित चार सड़क परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु थूथुकुडी में विकास का एक नया अध्याय लिख रहा है क्योंकि विकसित भारत के रोड मैप की दिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज की विकास परियोजनाओं में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना देखी जा सकती है, भले ही ये परियोजनाएं थूथुकुडी में हों लेकिन इनसे पूरे भारत में कई स्थानों पर विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत की यात्रा और उसमें तमिलनाडु की भूमिका को दोहराया। उन्होंने दो साल पहले की अपनी यात्रा का स्मरण किया, जब उन्होंने चिदंबरनार बंदरगाह की क्षमता के विस्तार के लिए कई परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई थी और इसे शिपिंग का एक प्रमुख केंद्र बनाने का वादा किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, ''वह गारंटी आज पूरी हो रही है।''

वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि इस परियोजना में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। आज 900 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है और 13 बंदरगाहों पर 2500 करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाओं की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा, इन परियोजनाओं से तमिलनाडु को लाभ मिलेगा और राज्य में रोजगार के अवसर जुटाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि वर्तमान सरकार द्वारा लाई जा रही आज की विकास परियोजनाओं की मांग लोगों ने की है लेकिन पिछली सरकारों ने कभी इस बारे में ध्यान नहीं दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैं इस भूमि की सेवा के लिए और इसका भाग्य बदलने के लिए तमिलनाडु आया हूँ।'' हरित नौका पहल के तहत भारत के पहले हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग जहाज के बारे में बात करते हुए, पीएम मोदी ने इसे काशी के लिए तमिलनाडु के लोगों का उपहार बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने काशी तमिल संगमम में तमिलनाडु के लोगों का उत्साह और स्नेह देखा है। प्रधानमंत्री ने वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह को देश का पहला हरित हाइड्रोजन हब बंदरगाह बनाने के उद्देश्य से कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में डिसेलिनेशन प्लांट, हाइड्रोजन उत्पादन और बंकरिंग सुविधा शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''आज दुनिया जिन विकल्पों की तलाश कर रही है, उनमें तमिलनाडु बहुत आगे जाएगा।'' प्रधानमंत्री ने आज की रेल और सड़क विकास परियोजनाओं पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि रेल लाइनों के विद्युतीकरण और दोहरीकरण से दक्षिण तमिलनाडु और केरल के बीच कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। इसके साथ-साथ तिरुनेलवेली और नागरकोइल क्षेत्रों में भीड़ कम होगी। उन्होंने आज तमिलनाडु में रोडवेज के आधुनिकीकरण के लिए 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की चार प्रमुख परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, यात्रा का समय कम होगा और राज्य में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। नए भारत के संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि रोडवेज, राजमार्ग और जलमार्ग विभाग तमिलनाडु में बेहतर कनेक्टिविटी और बेहतर अवसर पैदा करने के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए, रेल, सड़क और समुद्री परियोजनाएं एक साथ शुरू की जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मल्टी-मॉडल दृष्टिकोण से राज्य के विकास को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने मन की बात के एक एपिसोड के दौरान देश के प्रमुख प्रकाशस्तंभों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के अपने सुझाव को याद किया और 10 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 75 प्रकाशस्तंभों में पर्यटक सुविधाएं समर्पित करते हुए गर्व व्यक्त किया। पीएम मोदी ने कहा, ''एक साथ 75 जगहों पर विकास, ये नया भारत है।'' उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में ये 75 स्थल बहुत बड़े पर्यटन केंद्र बन जाएंगे। केंद्र सरकार की पहलों को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में तमिलनाडु में 1300 किलोमीटर लंबी रेल परियोजनाएं शुरू की गईं। 2000 किलोमीटर रेलवे का विद्युतीकरण किया गया, फ्लाईओवर और अंडरपास का निर्माण किया गया और कई रेलवे स्टेशनों का उन्नयन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने वाली 5 वंदे भारत ट्रेनें राज्य में दौड़ रही हैं। भारत सरकार तमिलनाडु के सड़क बुनियादी ढांचे में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। उन्होंने कहा, ''कनेक्टिविटी में सुधार के केंद्र सरकार के प्रयासों से ईज़ ऑफ लिविंग बढ़ रही है।''

प्रधानमंत्री ने दशकों से भारत के जलमार्ग और समुद्री क्षेत्र से बड़ी उम्मीदों को रेखांकित करते हुए कहा कि ये क्षेत्र आज विकसित भारत की आधारशिला बन रहे हैं और पूरे दक्षिण भारत के साथ तमिलनाडु इसका सबसे बड़ा लाभार्थी है। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में तीन प्रमुख बंदरगाहों और 12 से अधिक छोटे बंदरगाहों पर प्रकाश डालते हुए सभी दक्षिणी राज्यों के लिए इसकी संभावनाओं को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने पिछले दशक में वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह पर यातायात में 35 प्रतिशत की वृद्धि के बारे में जानकारी देते हुए बताया, ''समुद्री क्षेत्र के विकास का मतलब तमिलनाडु जैसे राज्य का विकास है।'' उन्होंने यह भी बताया कि इस बंदरगाह ने पिछले साल 11 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए 38 मिलियन टन माल का रखरखाव किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सागरमाला जैसी परियोजनाओं की भूमिका को श्रेय देते हुए कहा कि इसी तरह के परिणाम देश के अन्य प्रमुख बंदरगाहों में भी देखे जा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत जलमार्ग और समुद्री क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक में भारत 38वें स्थान पर पहुंच गया है और एक दशक में बंदरगाह क्षमता दोगुनी हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि इस समयावधि के दौरान राष्ट्रीय जलमार्गों में आठ गुना वृद्धि हुई है और क्रूज यात्रियों की संख्या चार गुना बढ़ गई है और नाविकों की संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रगति से तमिलनाडु और हमारे युवाओं को निश्चित रूप से लाभ होगा। ''मुझे विश्वास है कि तमिलनाडु विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेगा और मैं आपको गारंटी देता हूं कि जब देश हमें तीसरी बार सेवा करने का अवसर देगा तो मैं नए उत्साह के साथ आप सबकी सेवा करूंगा।'' अपनी तमिलनाडु की वर्तमान यात्रा के दौरान के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिले प्यार, स्नेह, उत्साह और आशीर्वाद के बारे में जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और कहा कि वह राज्य के विकास के साथ लोगों के हर स्नेह का मिलान करेंगे। अंत में, प्रधानमंत्री ने सभी से अपने फोन की लाइट चालू करने और यह संकेत देने के लिए कहा कि तमिलनाडु और भारत सरकार विकास का त्योहार मना रहे हैं। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री, डॉ एल मुरुगन और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखी। यह कंटेनर टर्मिनल वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह को पूर्वी तट के लिए एक ट्रांसशिपमेंट हब में बदलने की दिशा में एक कदम है। इस परियोजना का उद्देश्य भारत की लंबी तटरेखा और अनुकूल भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाना और वैश्विक व्यापार क्षेत्र में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करना है। यह परियोजना प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना क्षेत्र में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में भी योगदान देगी। प्रधानमंत्री ने वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह को देश का पहला हरित हाइड्रोजन हब बंदरगाह बनाने के उद्देश्य से कई अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में डिसेलिनेशन प्लांट, हाइड्रोजन उत्पादन और बंकरिंग सुविधा आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने हरित नौका पहल के तहत भारत का पहला स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग पोत भी लॉन्च किया। इस पोत का निर्माण कोचीन शिपयार्ड द्वारा किया गया है और यह स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपनाने तथा देश की नेट-शून्य प्रतिबद्धताओं के अनुरूप बढ़ाये गये एक अग्रणी कदम को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री ने 10 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 75 प्रकाशस्तंभों में पर्यटक सुविधाएं भी समर्पित कीं। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने वांची मनियाच्ची-नागरकोइल रेल लाइन के दोहरीकरण के लिए वांची मनियाच्ची-तिरुनेलवेली खंड और मेलाप्पलायम-अरलवायमोली खंड सहित रेल परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। लगभग 1,477 करोड़ रुपये की लागत से विकसित, दोहरीकरण परियोजना कन्याकुमारी, नागरकोइल और तिरुनेलवेली से चेन्नई की ओर जाने वाली ट्रेनों के लिए यात्रा में लगने वाले समय को कम करने में मदद करेगी।

प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में लगभग 4,586 करोड़ रुपये की लागत से विकसित चार सड़क परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग-844 के जित्तंदहल्ली-धर्मपुरी खंड को चार लेन का बनाना, राष्ट्रीय राजमार्ग-81 के मीनसुरुट्टी-चिदंबरम खंड को दो लेन का बनाना, राष्ट्रीय राजमार्ग-83 के ओड्डनचत्रम-मदाथुकुलम खंड को चार लेन का बनाना तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-83 के नागपट्टिनम-तंजावुर खंड को पेव्ड सोल्डर्स के साथ दो लेन का बनाना शामिल है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य कनेक्टिविटी में सुधार करना, यात्रा के समय को कम करना, सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ाना और क्षेत्र में तीर्थ यात्राओं को सुविधाजनक बनाना है।

## अफसरों पर योजना को रोकने का दबाव, आप के मंत्री ने पानी बिल के मुद्दे पर केंद्र और एलजी को घेरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि जल बोर्ड की वन टाइम सेंटलमेंट योजना केंद्र सरकार और एलजी के दबाव में रोकी जा रही है। मुख्य सचिव को तीन बार निर्देश जारी करने के बाद भी अधिकारी इस योजना का प्रस्ताव कैबिनेट में लाने को तैयार नहीं हैं। अब सरकार ने मुख्य सचिव को बता दिया है कि इस सप्ताह के अंत में कैबिनेट बैठक बुलाई जा रही है। वित्त विभाग के अधिकारी या तो फाइल पर अपनी टिप्पणी दें या फिर सीधे कैबिनेट बैठक में आकर प्रस्तुत करें।

मंगलवार को सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में 40 फीसदी पानी उपभोक्ता गलत बिल से परेशान हैं। दिल्ली में कुल 27 लाख उपभोक्ता हैं,लेकिन बिल में गड़बड़ी के चलते 10.5 लाख उपभोक्ता पानी का बिल जमा नहीं कर रहे हैं। दिल्ली सरकार इसके समाधान के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना लाने की कोशिश कर रही है, लेकिन अधिकारी दबाव में इस योजना को कैबिनेट में लाने को तैयार नहीं हैं। भारद्वाज ने कहा कि बीते साल 23 जनवरी को दिल्ली जल बोर्ड की बोर्ड बैठक में योजना को मंजूरी दी गई। बीच-बीच में बैठकें होती रहीं। 25 जनवरी 2024 को यह प्रस्ताव वित्त विभाग को टिप्पणी के लिए भेजा गया। उस पर टिप्पणी देने के बजाय 5 फरवरी को वित्त विभाग ने प्रस्ताव से संबंधित वास्तविक फाइल मांगी। उसकी जरूरत नहीं थी, फिर भी प्रस्ताव की वास्तविक फाइल 9 फरवरी को वित्त विभाग को भेज दी गई। वित्त विभाग ने कुछ सवाल पूछा तो उसका भी जवाब दे दिया गया। साथ ही कहा गया कि 12 फरवरी तक विभाग अपनी टिप्पणी देकर 14 फरवरी को प्रस्ताव को कैबिनेट में रखे। मंत्री ने कहा कि शहरी विकास विभाग के अधिकारी ने वित्त मंत्री की टिप्पणी को अस्वीकार करते हुए कहा कि सिर्फ वित्त विभाग के प्रमुख सचिव की टिप्पणी मान्य होगी। फिर 15 फरवरी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मैं और जल मंत्री आतिशी ने विधानसभा में एलजी से मिलकर उनके समक्ष पूरा मामला रखा। उसके बाद उन्होंने कहा कि हम मुख्य सचिव को निर्देश दें।

## विवाह अधिनियम निरस्त होने से तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को मिलेगा न्याय, सीएम हिमंत ने की घोषणा

**गुवाहाटी।**
असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को दावा किया कि असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 के तहत तलाक लेने वाली महिलाएं गुजारा भत्ते की हकदार नहीं हैं। अधिनियम को निरस्त करने के राज्य मंत्रिमंडल के फैसले के बाद मुस्लिम महिलाओं पर अत्याचार समाप्त हो जाएगा और वे अदालत के आदेश के अनुसार गुजारा भत्ता प्राप्त कर सकेंगी।

सरमा ने कहा कि अधिनियम के तहत काजी को शादी को पंजीकृत करने का अधिकार था और वह तलाक भी दिला सकता था। हालांकि अब काजी तलाक की अनुमति देता है तो महिला को कुछ नहीं मिलता है लेकिन यदि कोर्ट तलाक की अनुमति देती है तो तो पूर्व पति को महिला को गुजारा भत्ता देना होगा।

### माताओं पर हो रहा अत्याचार अब बंद होगा-सीएम

उन्होंने अधिनियम को रद्द करने के राज्य मंत्रिमंडल के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी माताओं पर हो रहा अत्याचार अब बंद हो जाएगा। सरमा ने कहा कि यह कानून खत्म होने पर तलाक मुश्किल हो जाएगा और कम उम्र की लड़कियों के विवाह का पंजीकरण नहीं हो सकेगा। मुख्यमंत्री सरमा ने मंगलवार को विश्वास जताया कि आगामी चुनाव में भाजपा 14 लोकसभा सीटों में से 11 पर जीतेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में 12वीं सीट सुरक्षित करने का प्रयास करेगी। माजुली में आयोजित कार्यक्रम से इतर सरमा ने कहा कि मैं उम्मीदवारों के नाम जानने का इच्छुक नहीं हूं। लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए मतदान करेंगे। सिकंदर, नुरुल हुदा जैसे चंद मुस्लिम विधायक ही रह जाएंगे। हाल ही में कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर सरमा ने कहा कि वह कांग्रेस के शक्तिशाली नेता हैं और भाजपा में शामिल होने पर मैं उनका स्वागत करूंगा।

आर्थिक सर्वेक्षण में दिखी राज्य के विकास की झलक

# सीएम धामी ने कहा : यह सुशासन और वित्तीय अनुशासन का है प्रमाण

सुनील तिवारी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की अर्थव्यस्था ने बड़ी छलांग लगाई है यह तथ्य आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट वर्ष 2023-24 में सामने आया है, जिसमें स्पष्ट है कि प्रदेश की विकास दर 7.58 फीसदी रही है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था का आकार बढ़कर 346.20 हजार करोड़ पहुंच गया है, जबकि 2022-23 में इसका आकार 303.78 हजार करोड़ था। उत्तराखंड में प्रति व्यक्ति आय में भी 12.64 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 2 लाख 60 हजार 201 रुपये पहुंच गई है। वर्ष 2022-23 में यही आय 2 लाख 30 हजार 994 थी। आर्थिक सर्वेक्षण से स्पष्ट है कि राज्य की अर्थव्यवस्था में सेकेंडरी सेक्टर का सबसे अधिक 46.84 प्रतिशत का योगदान रहा है। दूसरे नंबर पर टर्सरी सेक्टर यानी की सर्विस सेक्टर रहा है। सर्विस सेक्टर का अर्थव्यवस्था में 43.17 प्रतिशत योगदान रहा है। वहीं प्राइमरी सेक्टर यानी एग्रीकल्चर का अर्थव्यवस्था में 9.99 प्रतिशत योगदान रहा है। दिनांक 09 नवम्बर, 2000 को राज्य के अस्तित्व में आने के पश्चात वर्ष 2000-2001 में प्राप्त कर संग्रह 233 करोड़ था, जो कि वर्ष 2022-23 तक लगभग 52 गुना बढ़कर 12,028.68 करोड़ (2,135.60 करोड़ प्रतिकर धनराशि सहित) हो गया है। वर्ष 2023-24 में माह दिसम्बर, 2023 तक कुल राजस्व संग्रह 8,496.82 करोड़ (476.62 करोड़ प्रतिकर धनराशि सहित) रहा है। उत्तराखंड में बेरोजगारी दर में भी भारी कमी देखने को मिली है। 2021- 22 में उत्तराखंड में 8.4 फ़ीसदी बेरोजगारी दर थी, जो 2022-23 में घटकर 4.9 फ़ीसदी रह गई। वहीं बहुआयामी गरीबी में भी भारी गिरावट आई है। वर्ष 2015-16 में उत्तराखंड में बहुआयामी गरीबी की दर 17.67 थी जो साल 2019-21 में घटकर 9.67 फ़ीसदी रह गई। इन पांच साल के अंतराल में राज्य के कुल 9,17,299 लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। यही नहीं राज्य में बहुआयामी गरीबी की तीव्रता 2015-16 में 44.35 प्रतिशत थी जो 2019-21 में घटकर 41.99 प्रतिशत रह गई है। उत्तराखंड में 125000 लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। इसके विपरीत अभी तक 68 हजार 579 लखपति दीदी बनाई जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य की वित्तीय स्थिति एवं विकास की प्रगति को आर्थिक सर्वेक्षण में दर्शायी गई प्रगति राज्य के समग्र विकास की झलक प्रस्तुत करती है। यह सुशासन एवं वित्तीय अनुशासन का भी स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के हमारे प्रयासों में भी इससे गति मिलेगी। सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि के मूल मंत्र से जन समस्याओं के समाधान एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की राह आसान हुई है। यह हमारे विकसित एवं आदर्श उत्तराखण्ड के निर्माण के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में भी प्रेरणादायी होगा।

# नोएडा में बिना रजिस्ट्री के फ्लैटों पर कब्जा देने वाले बिल्डरों पर होगा एक्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गौतम बौद्ध नगर प्रशासन ने फ्लैटों की रजिस्ट्री में लापरवाही बरतने और बिना रजिस्ट्री के फ्लैटों पर कब्जा देने वाले बिल्डरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश स्टांप विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिलाधिकारी ने जिले में फ्लैटों की रजिस्ट्री को तेज कराने के लिए बिल्डर और स्टांप विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। गौतम बौद्ध नगर प्रशासन ने फ्लैट खरीदारों की शिकायतों पर महागुन, अजनारा और मिगसन समेत कई रियल एस्टेट डेवलपर्स को नोटिस जारी करने का फैसला किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को बिल्डर प्रतिनिधियों और स्टांप विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य फ्लैट खरीदादरों की समस्याओं का समाधान कराना और फ्लैटों की रजिस्ट्री में तेजी लाने का था। बैठक के दौरान फ्लैट खरीदारों ने अपनी समस्याएं जिला प्रशासन के सामने रखीं। इसमें फ्लैट खरीदारों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि फ्लैट की पूरी धनराशि भुगतान करने के बावजूद भी बिल्डर फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं कर रहे। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित बिल्डर से जवाब मांगा। बिल्डर की ओर से बताया गया कि



प्राधिकरण से ओसी न मिल पाने के कारण फ्लैटों की रजिस्ट्री करने में विलंब हो रहा है। जिलाधिकारी ने सभी बिल्डरों को कहा कि प्राधिकरण के माध्यम से जिन फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए ओसी प्राप्त हो गई है, उनकी शीघ्र रजिस्ट्री कराई जाए। जिनकी अभी ओसी प्राप्त नहीं हुई है, उनकी ओसी प्राप्त करते हुए सभी फ्लैट खरीदारों की फ्लैटों की रजिस्ट्री कराएं। साथ ही बिल्डर्स को निर्देश दिए कि फ्लैट खरीदारों का अनावश्यक रूप से शोषण न किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के स्टांप राजस्व में अधिक से अधिक वृद्धि करने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आ रहा है कि बहुत से बिल्डरों के द्वारा बिना रजिस्ट्री कराये ही फ्लैट बायर्स को कब्जा दे दिया गया है। इससे काफी स्टांप राजस्व की हानि हो रही है। स्टांप विभाग के अधिकारी अभियान चलाकर ऐसे बिल्डर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं। ताकि, ऐसे सभी बायर्स के फ्लेटों की रजिस्ट्री कराते हुए स्टांप राजस्व में वृद्धि की जा सके।

प्रत्येक महीने बैठक होगी

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बिल्डर्स एवं फ्लैट बायर्स की समस्याओं को लेकर प्रत्येक माह बैठक प्राधिकरण वार कराई जाए एवं संबंधित बिल्डर्स की उपस्थिति भी सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रथम बीएस वर्मा, सहायक महानिरीक्षक निबंधन द्वितीय शशि भानू मिश्र, समस्त उपनिबंधक, तीनों प्राधिकरणों के अधिकारी व फ्लैट खरीददार मौजूद रहे।

## जिम्मेदार लोगों को ऐसे बचकाने बयान देते नहीं देखा, जारांगे पर फडणवीस के दावों से भड़के शरद पवार

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार ने प्रदेश के डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस और बीजेपी नेताओं द्वारा अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को बचकाना कहा है। फडणवीस ने कहा था कि महाराष्ट्र आरक्षण को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जारांगे पवार की स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। शरद पवार का कहना है कि मैंने ज़िम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को ऐसे बचकाने बयान देते कभी नहीं देखा। उधर, इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जांच की घोषणा कर दी है। प्रवीण दरेकर ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की टिप्पणी का समर्थन करते हुए मनोज जारांगे पाटिल की गिरफ्तारी की मांग की और दावा किया कि शरद पवार ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता के साथ अशांति पैदा करने की साजिश रची थी। एकनाथ शिंदे ने राज्य विधानसभा में कहा, एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन किया जाएगा और वह अपनी जांच करेगी और सभी चीजें सामने आएंगी। ऐसे आरोप हैं कि पाटिल के आंदोलन के पीछे शरद पवार थे। दरेकर ने दावा किया कि इस साजिश में कांग्रेस विधायक राजेश टोपे और एनसीपी विधायक रोहित पवार भी शामिल थे।

भारत के धुरंधर खिलाड़ियों के क्लब में होंगे शामिल

# टेस्ट क्रिकेट में स्पेशल सेंचुरी बनाएंगे अश्विन



अश्विन से पहले सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, अनिल कुंबले, कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर, सौरव गांगुली, विराट कोहली, ईशांत शर्मा, वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह और चेतेश्वर पुजारा 100 या इससे ज्यादा टेस्ट मैच देश के लिए खेल चुके हैं। भारत के लिए सबसे पहले 100 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी सुनील गावस्कर थे। उनके बाद कपिल देव और दिलीप वेंगसरकर का नाम आता है।

देश के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने की बात आती है तो सबसे ऊपर नाम सचिन तेंदुलकर का आता है। वह भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 200 टेस्ट मैच खेले हैं। अश्विन की बात करें तो वे दुनिया के 76वें खिलाड़ी बन जाएंगे, जिन्होंने 100 या इससे ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं। अगर जॉनी बेयरेस्टो को मौका मिलता है तो वह भी धर्मशाला में 100वां टेस्ट मैच खेल सकते हैं। उनकी फॉर्म इस दौरे पर खराब रही है। अश्विन ने अब तक खेले 99 टेस्ट मैचों में भारत के लिए 507 विकेट निकाल चुके हैं।

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक खास क्लब में शामिल होने जा रहे हैं। धर्मशाला में 7 मार्च 2024 को जब अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले में उतरेंगे तो वे देश के उन धुरंधर खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो जाएंगे, जिन्होंने भारतीय टेस्ट टीम के लिए 100 या इससे ज्यादा मैच खेले हैं। आर अश्विन इस उपलब्धि को हासिल करने वाले देश के 14वें खिलाड़ी बनने जाएंगे।

35 बार उन्होंने टेस्ट में फाइव विकेट हॉल प्राप्त किया है और 8 बार मैच में 10 या इससे ज्यादा विकेट निकालने में सफल हुए हैं। 24 बार वे फोर विकेट हॉल प्राप्त कर चुके हैं। बल्लेबाज के तौर पर 99 मैचों की 1400 पारियों में अश्विन ने 5 शतक और 14 अर्धशतकों के साथ 3309 रन बनाए हैं। अश्विन देश के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट चटकाने वाले दूसरे गेंदबाज हैं।



# ऋषभ पंत के कमबैक को लेकर फैंस उत्साहित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले अपने शरीर को बेहतर बनाने और बेहतरीन फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और जिम में पसीना बहा रहे हैं। दिसंबर 2022 के बाद पहली बार क्रिकेट के मैदान पर उतरने की तैयारी कर रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज ने प्रशंसकों को अपने कठोर जिम सत्र की एक झलक दिखाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।

पंत 30 दिसंबर, 2022 को एक घातक कार दुर्घटना में बच गए। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में व्यापक पुनर्वास किया है और उनकी रिकवरी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले कहा था कि पंत आईपीएल 2024 में हर मैच खेलने को लेकर बहुत आश्वस्त हैं।

फ्रेंचाइजी के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने भी आशा व्यक्त की कि पंत आईपीएल के लिए पूरी तरह से फिट होंगे और इस बात पर जोर दिया कि वह शुरू से ही टीम का नेतृत्व करेंगे लेकिन टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में पूरी तरह से बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करेंगे।



# न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने घोषित की प्लेइंग इलेवन

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ 29 फरवरी से वेलिंग्टन में शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने वार्नर के संन्यास लेने के बाद स्टीव स्मिथ पर ही फिर से भरोसा कायम रखा है।

स्टीव स्मिथ ही उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। इसके साथ ही पैट कमिंस ने उसी बॉलिंग यूनिट को बरकरार रखा है जो पिछले 5 टेस्ट से खेलती आ रही है।

## पेस बॉलिंग अटैक में कोई चेंज नहीं

न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पेस बॉलिंग अटैक की जिम्मेदारी मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस के कंधों पर रहेगी। ऑस्ट्रेलिया की यह पेस तिकड़ी पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट और उसके बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार दो टेस्ट में खेली थी।

स्मिथ और उस्मान ख्वाजा की जोड़ी पारी का आगाज करेगी। वहीं मार्नस लाबुशेन, ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श मध्य क्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

वेलिंग्टन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड ने अभी प्लेइंग इलेवन की घोषणा नहीं की है, लेकिन इतना माना जा रहा है कि कीवी टीम को प्लेइंग इलेवन में बदलाव करने होंगे, क्योंकि सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उन्हें टी20 सीरीज के दौरान चोट लगी थी। कॉनवे के बाहर होने के बाद माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड को टॉप ऑर्डर में बदलाव करना ही होगा। माना जा रहा है कि कॉनवे की जगह विल यंग को टीम में शामिल किया जा सकता है।

## पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन

स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

## न्यूजीलैंड की संभावित प्लेइंग इलेवन


टॉम लैथम, विल यंग, केन विलियमसन, रचिन रविंद्र, डैरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सेंटनर, मैट हेनरी, टिम साउदी (कप्तान), विल ओ'रूर्के

## डेवोन कॉनवे चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर



न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे टी20 सीरीज के दौरान अंगूठे में लगी चोट के कारण गुरुवार से यहां सेलो बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बल्लेबाज हेनरी निकोल्स को बल्लेबाजी कवर के रूप में टीम में बुलाया गया है और वह आज सुबह प्रशिक्षण के लिए वेलिंगटन में टीम में शामिल होंगे। कॉनवे को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी।

दुबई चैंपियनशिप में शापोवालोव को हराया



दुबई ओपन

# एंडी मरे की हार्डकोर्ट पर 500वीं जीत

**दुबई, एजेंसी।** ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने यहां दुबई ड्यूटी फ्री टूर्नामेंट में कनाडा के डेनिस शापोवालोव को तीन सेटों में 4-6, 7-6, 6-3 से हरा दिया। यह हार्डकोर्ट पर उनकी टूर स्तर की 500वीं जीत रही। ओपन युग (1968) में वह ऐसा करने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं।

उनके अलावा स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर (783), सर्बिया के नोवाक जोकोविच (700), अमेरिका के आंद्रे अगासी (592) और स्पेन के राफेल नडाल (518) ऐसा कर चुके हैं। हालांकि, पहले दौर में यहां मिली जीत साल में उनकी केवल दूसरी जीत है। पिछले महीने मरे को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में थामस मार्टिन से पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा था।

दुबई में मरे ने अपना जीत-हार का रिकॉर्ड बेहतर करते हुए 18-5 कर दिया है। उन्होंने यहां 2017 में ट्रॉफी जीती थी। अब उनकी टक्कर फ्रांस के पांचवीं वरीयता के उगो हमबर्ट या हमवतन वाइल्ड कार्डधारी गेइल मोनफिलिस से होगी।

## 36 साल के खिलाड़ी ने दिए संन्यास के संकेत

एंडी मरे ने संकेत दिए हैं कि यह उनके लंबे कॅरिअर के अंतिम कुछ माह हो सकते हैं। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के समय भी 36 साल के खिलाड़ी ने कहा था कि यह उनका अंतिम ग्रैंडस्लैम हो सकता है।

दुबई में शापोवालोव को हराने के बाद उन्होंने कहा कि मैं अभी प्रतियोगी टेनिस में हिस्सा लेना चाहता हूं लेकिन उम्र के लिहाज से अब युवा खिलाड़ियों के साथ खेलना और अपने आपको फिट बनाए रखना आसान नहीं रहा। मेरे लिए अब ज्यादा लंबे समय तक टेनिस खेलना मुश्किल है।

## पहला सेट हारने के बाद की रूबलेव ने वापसी

इस बीच आंद्रे रूबलेव ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए लगातार पांचवें साल दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। पहले दौर में उन्होंने झांग झिझझेन को एक घंटा 51 तक चले मैच में 6-7(4), 6-2, 6-4 से हराया।

रूबलेव ने 18 ऐस लगाए और दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी रूबलेव ने 2022 में दुबई में खिताब जीता था। इसके अलावा पिछले साल वह फाइनल में पहुंचे थे। वह सत्र में अपनी दूसरी ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# धर्मशाला टेस्ट में बुमराह की होगी वापसी?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में 7 मार्च से खेले जाने वाले आखिरी टेस्ट मैच में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी हो सकती है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, सभी भारतीय खिलाड़ी मंगलवार को रांची से रवाना हो गए हैं।

बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को 2 मार्च तक चंडीगढ़ में इकट्ठा होने के निर्देश दिए हैं। बुमराह भी टीम के साथ चंडीगढ़ में ही जुड़ेंगे। इसके बाद पूरी टीम 3 मार्च को चार्टेड फ्लाइट के जरिए धर्मशाला पहुंचेगी।

## रांची में नहीं खेले थे बुमराह

बता दें कि जसप्रीत बुमराह रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे। उन्हें टीम मैनेजमेंट ने वर्कलोड के चलते आराम दिया था। रांची टेस्ट में बुमराह की जगह आकाशदीप का डेब्यू हुआ था। आकाशदीप पहली बार भारतीय टीम में चुने गए थे। उन्होंने डेब्यू मैच में ही 3 विकेट अपने नाम किए थे। वहीं बुमराह का भी इस सीरीज में अब तक प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 3 मैचों में 13.65 की औसत से 17 विकेट अपने नाम किए हैं।

## रोहित करेंगे दो बदलाव

धर्मशाला में पांचवें टेस्ट मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा प्लेइंग इलेवन में भी दो बदलाव कर सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित रांची टेस्ट में खेले 11 खिलाड़ियों में से रोहित एक बल्लेबाज और गेंदबाज को आराम दे सकते हैं।

बात अगर आराम दिए जाने की आएगी तो यशस्वी जायसवाल को रेस्ट दिया जा सकता है, क्योंकि यशस्वी ने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं अगर किसी को ड्रॉप किए जाने पर विचार हुआ तो रजत पाटीदार पर भी गाज गिर सकती है।

# पाकिस्तानी स्पिनर ने पीएसएल में रचा इतिहास

- मुल्तान सुल्तांस के खिलाफ लगातार छठा मैच हार गई शाहीन अफरीदी की टीम



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सुपर लीग के 14वें मुकाबले में मंगलवार को शाहीन अफरीदी की कप्तानी वाली लाहौर कलंदर्स सीजन का लगातार छठा मैच हार गई। मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली मुल्तान सुल्तांस ने लाहौर कलंदर्स को 60 रन से हरा दिया। मुल्तान की इस जीत में उस्मान खान का बल्ले से और उसामा मीर का गेंद से बहुमूल्य योगदान रहा। उस्मान खान ने 55 गेंद में 96 रन की विस्फोटक पारी खेली थी तो वहीं उसामा मीर ने गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लेकर इतिहास रचने का काम किया।

उसामा मीर ने इस मुकाबले में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 40 रन देकर 6 विकेट अपने नाम किए। मीर का यह पीएसएल में बेस्ट बॉलिंग फिगर तो था ही साथ ही वह पीएसएल में 6 विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज भी बने। उसामा ने मैच में रासी वैन डैर दुसैन (30), शाहीन अफरीदी (9), जॉर्ज लिंडे (5), कार्लोस ब्रेथवेट (14) जहांदाद खान (0), सलमान फयाज (8) और जमान खान (1) का विकेट चटकाया।

# सिर्फ आईपीएल ही खेल पाते हैं ये 5 क्रिकेटर्स



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक है। सवा सौ करोड़ से ज्यादा की आबादी में क्रिकेट का खेल यहां धर्म माना जाता है और क्रिकेटर्स भगवान की तरह पूजे जाते हैं। इस खेल में इतनी दौलत-शोहरत आ चुकी है कि छोटे बच्चे को भी उसके पिता बचपन में ही क्रिकेट बैट पकड़ा देते हैं। गली-मोहल्ले और मैदान पर टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलते बड़ा हो रहा बच्चा भी भारतीय टीम से खेलने का सपना संजोता है।

ऐसे में कॉम्पिटनशन कितना तगड़ा होगा आप समझ ही सकते हैं। सीनियर भारतीय मेंस टीम में जगह बनाने से ज्यादा मुश्किल है, जगह बरकरार रखना। इस आर्टिकल में हम आपको ऐसे ही पांच खिलाड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक वक्त टीम की जान हुआ करते थे, लेकिन बढ़ती उम्र, खराब फॉर्म और दूसरे वजहों के चलते आज टीम से बाहर हैं। अब उनके पास क्रिकेट के नाम पर सिर्फ आईपीएल ही बच गया है।

**शिखर धवन:** 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी-20 इंटरनेशनल में 25 शतक और 55 अर्धशतक, ये आंकड़े किसी साधारण खिलाड़ी के तो हो ही नहीं सकते। दिसंबर 2022 में आखिरी वनडे मैच खेलने वाले शिखर धवन लगभग डेढ़ साल से टीम इंडिया से बाहर हैं। मौजूदा हालातों को देखकर लगता भी नहीं कि अब दोबारा वह ब्लू जर्सी में नजर आ सकते हैं। बाएं हाथ का आक्रामक ओपनर भी मान चुका है कि उनका वक्त गुजर गया। आईपीएल में पंजाब किंग्स की कप्तानी करने वाले शिखर धवन का अब एक ही सपना होगा कि अपनी टीम को टूर्नामेंट का पहला खिताब दिलाए।

**ईशांत शर्मा:** 2007 में अपने करियर की शुरुआत करने वाले ईशांत शर्मा ने भारत को कई मैच जिताए।ऊंचे-लंबे कद के चलते उन्हें अच्छा बाउंस मिलता था, जिससे वह विदेशी दौरे पर कारगर साबित हुए। उम्र ढलने के साथ स्पीड जरूर कम हुई, लेकिन फिर ईशांत टेस्ट क्रिकेट में भारत के अहम हथियार बन गए। क्रिकेट के सबसे पुराने फॉर्मेट में उनके नाम 311 विकेट दर्ज हैं। टी-20 और वनडे टीम से पहले ही दरकिनार किए जा चुके ईशांत 2021 के बाद से कोई टेस्ट मैच भी नहीं खेले हैं। बुमराह, शमी, सिराज, मुकेश कुमार, आकाशदीप सरीखे युवा पेसर्स के चलते अब उनके रास्ते लगभग बंद ही हो चुके हैं। ईशांत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हैं।

**अजिंक्य रहाणे:** चार महीने बाद अजिंक्य रहाणे अपना 36वां जन्मदिन मनाएंगे। एक वक्त था, जब वह भारतीय बैटिंग ऑर्डर की जान माने जाते थे। अपनी जुझारू बल्लेबाजी से उन्होंने भारत को कई मैच जिताए, लेकिन विराट कोहली ने अपनी कप्तानी में उन्हें सिर्फ टेस्ट क्रिकेट तक ही सीमित करके रख दिया था। टी-20 और वनडे टीम में उन्हें चुना ही नहीं जाता था। अब तो रहाणे खराब फॉर्म के चलते टेस्ट टीम से भी बाहर हैं। मौजूद फॉर्म के मद्देनजर तो वह मुंबई की रणजी टीम में भी जगह के हकदार नहीं लगते। रहाणे आईपीएल में धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपरकिंग्स का हिस्सा हैं।

**उमेश यादव:** आईपीएल 2024 के लिए हुए ऑक्शन से ठीक पहले कोलकाता नाइटराइडर्स ने इस तेज गेंदबाज को रीलिज कर दिया था।

मगर उमेश यादव की किस्मत ऐसी चमकी कि गुजरात टाइटंस ने उन्हें उनके बेस प्राइस 2 करोड़ से लगभग तिगुनी रकम 5.8 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ लिया। वैसे उमेश यादव इस वक्त जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं, रणजी ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम विदर्भ को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में उन्होंने जबरदस्त भूमिका निभाई है। दाएं हाथ का पेसर छह मैच में 24 विकेट ले चुका है।

**पृथ्वी शॉ:** जी हां! लिस्ट का आखिरी नाम आपको जरूर हैरान कर सकता है क्योंकि इस युवा खिलाड़ी के भीतर अब भी काफी क्रिकेट बाकी है। टैलेंट की कोई कमी नहीं है, लेकिन सच्चाई यही है कि अब कोई करिश्मा ही उन्हें भारतीय टीम में जगह दिला सकता है।

हमेशा गलत वजहों के चलते सुर्खियों में रहने वाले पृथ्वी शॉ की इमेज बेहद खराब हो चुकी है। कहा जाता है कि समय से पहले मिली दौलत-शोहरत ने उनके पैर जमीन में नहीं रहने दिए। विवादों में रहने वाले पृथ्वी कभी खराब फॉर्म में होते हैं तो कभी इंजरी के चलते अपनी जगह गंवा देते हैं। शॉ ने तीन साल से भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## एक नजर

### कई महीनों से फरार शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में पुलिस ने छापेमारी करते हुए कई महीनो से फरार शराब के धंधेबाज को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि शेखपुरा गांव निवासी लक्ष्मण साव के घर से कई महीनो पूर्व महुआ शराब बरामद की गई थी। तब से वह फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर उसके घर में छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया गया जिसे जेल भेज दिया गया है।

### गांधी मैदान से पटना जंक्शन तक चार नये नालों का निर्माण शुरू

**पटना (नि.सं.)।** पटना जंक्शन से गांधी मैदान तक 50 साल पुराने नाले की जगह चार नये भूमिगत नालों का निर्माण कार्य बुधवार से शुरू हो गया। जमाल रोड में 12 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। लंबे समय से इस क्षेत्र में नए नाले के निर्माण की मांग थी जो अब पूरी होनेवाली है। वार्ड 28 के पार्षद विनय कुमार पप्पू ने निर्माण करने वाली एजेंसी के साथ निर्माण कार्य की शुरुआत की। चारों नाला के बनने से पटना नगर निगम क्षेत्र में फ्रेजर रोड, डाकबंगला रोड, स्टेशन रोड, पटना जंक्शन, जमाल रोड, एक्जीबिशन रोड, एसपी वर्मा रोड, गोरियाटोली, बनपर टोला, सालिमपुर आहरा गली नम्बर-1 आदि इलाकों में जलजमाव की समस्या बिल्कुल समाप्त हो जाएगी। भारी बारिश होने पर इस क्षेत्र से जलनिकासी में काफी समय लगता है। आबादी बढ़ने के बाद जलनिकासी की क्षमता में बढ़ोतरी नहीं की गई थी, जिससे पटना जंक्शन गोलंबर पर जलजमाव की स्थिति बन जाती थी। वार्ड 28 के पार्षद विनय कुमार पप्पू ने बताया कि सभी योजनाएं बुडको की ओर से कराया जा रहा है। इन योजनाओं पर 12 करोड़ 69 लाख रुपये लागत आएगी। उन्होंने योजनाओं की स्वीकृत करने के लिए राज्य सरकार, नगर निगम और बुडको के प्रति आभार जताया।

### जिले के 23 प्रखंडों से बैटरी चालित ट्राई साइकिल के लिए आए 464 आवेदन

**पटना (नि.सं.)।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण कोषांग, समाज कल्याण विभाग की ओर से निःशुल्क बैटरी चालित ट्राई साइकिल के लिए जिले के 23 प्रखंडों में शिविर लगाया गया। शिविर 8 से 12 फरवरी के बीच लगाया गया। इसमें विभिन्न प्रखंडों से 464 आवेदन आए। शिविर पटना सदर, दानापुर, मोकामा, संपतचक समेत अन्य प्रखंडों में लगाया गया। सबसे अधिक 48 आवेदन मोकामा प्रखंड से आए। बता दें कि 2023 में बैटरी चालित ट्राई साइकिल योजना की शुरुआत की गई। इससे पहले दिव्यांगजनों को हाथ से चलाने वाली ट्राई साइकिल दी जाती थी। शिक्षा और रोजगार में दिव्यांगता बाधा न बने इसके लिए बैटरी चालित ट्राई साइकिल की पहल की गई। विभाग की ओर से आवेदन के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू हो गई। जल्द ही साइकिल उपलब्ध करा दी जाएगी।

### बाल कल्याण : शिक्षा विभाग 43 हजार 364 करोड़ खर्च करेगा

**पटना (नि.सं.)।** आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में बच्चों के समग्र विकास पर लगभग 55 हजार करोड़ खर्च होंगे। जिन विभागों की ओर से पैसे खर्च किये जाएंगे, उनमें सबसे अधिक राशि शिक्षा विभाग की ओर से 43 हजार 364 करोड़ 70 लाख खर्च की जाएगी। पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण की ओर से 1644 करोड़ 67 लाख, पंचायती राज की ओर से 43 सौ करोड़ 86 लाख, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से 20 करोड़ 77 लाख खर्च किया जाएगा।

### नए डीईओ संजय कुमार ने संभाला पद

**पटना (नि.सं.)।** नए जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बुधवार को पदभार संभाला लिया। पहले दिन उन्होंने जिला शिक्षा कार्यालय के सभी कोषांग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली। कार्यालय के सभी फ्लोर और कोषांग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों की उत्कृष्ट करने के साथ ही अध्यापकों को भी बेहतर ढंग से बच्चों को पढ़ाने के लिये प्रेरित करना प्राथमिकता है। बच्चों की उपस्थिति 60 प्रतिशत से कम न हो इसके लिए भी सभी बीईओ के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की जायेगी। निरीक्षण के दौरान सभी फाइलों और कागजात को बेहतर ढंग से रखने का निर्देश दिया। कार्यालय के पुराने फर्नीचर को बदलने की बात कही।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों के साथ सचिव ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आगामी 09 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्राधिकार के सचिव श्री सुकुल राम द्वारा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया जिसमें जिले में पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारियों, बिजली विभाग एवं दूरभाष विभाग के पदाधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में जिले में पदास्थापित विभिन्न कार्यपालक पदाधिकारीगण, मापतौल निरीक्षक, एवं विद्युत विभाग के पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सम्बन्धित विभागों से जुड़े विभिन्न मामलों के निष्पादन हेतु दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही अपने-अपने विभागों के वादों के निष्पादन में होने वाली कठिनाईयों को दूर करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार का सहयोग प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया ताकि उन्हें पक्षकारों से सम्पर्क कर एवं प्रि-कॉन्सेलिंग की प्रक्रिया का फायदा विभाग को एवं पक्षकारों को उपलब्ध हो सके और अधिक से अधिक कार्यपालिका से जुड़े मामलों का निष्पादन हो सके। प्राधिकार ने आगामी 09 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु तैयारियाँ को धार देते हुए कई विभागों के साथ बैठकों का आयोजन की कार्रवाई की जा रही है।

# पोक्सो कोर्ट ने दिया आरोपी को दोषी करार




**औरंगाबाद (का.सं.)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट जज सुनील कुमार सिंह ने माली थाना कांड संख्या-90/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी नितीश चौधरी पनवारा मदनपुर को दोषी ठहराया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि काराधीन बंदी अभियुक्त नितीश चौधरी को पोक्सो एक्ट की धारा-4(1) में दोषी करार दिया गया है। अभियुक्त को ट्रायल के दौरान हाईकोर्ट से भी जमानत नहीं मिली। अभियुक्त को 02 मार्च को सज़ा सुनाई जाएगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता की मां के प्राथमिकी के आवेदन पर 15 नवंबर 2019 को आरक्षी अधीक्षक कार्यालय से अग्रसारित किया गया था। तत्पश्चात 25 नवंबर 2019 को अभियुक्त के खिलाफ भादंवि धारा-366ए में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिवक्ता ने बताया कि पीड़िता को स्कूल जाते समय अभियुक्त ने अपहरण कर शादी कर ली थी। शादी के चौदह माह बाद अभियुक्त दुसरी शादी करने के लिए पीड़िता का हत्या करना चाहता था। इसकी भनक लगते ही पीड़िता ने परिवारवालों को खबर की और प्राथमिकी दर्ज कराई । 02 मार्च को पोक्सो एक्ट में दोषी को सज़ा सुनाई जाएगी।

बिहार विभूति के प्रतिमा का पूर्व राज्यपाल ने किया लोकार्पण

# सच्चिदानंद सिंहा महाविद्यालय के भूमि दाताओं को मिलेगा सम्मान : कुलपति

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिंहा महाविद्यालय परिसर में बुधवार को राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, सांसद सुशील कुमार सिंह, मगध विश्वविद्यालय के कुलपति शशि प्रताप शाही और प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्र ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने कहा कि जब भारत की स्वाधीनता की लड़ाई चल रही थी तो, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह ऐसे वीर सपूत थे जो भारत की आजादी के लिए मर मिटने को तैयार थे। वे आधुनिक बिहार के निर्माताओं में से एक थे। लोकप्रियता के कारण उन्हें बिहार विभूति के रूप में जाना गया। उन्होंने बिहार के हित में काफी काम किया। उनके बताए मार्ग पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है।

कुलपति शशि प्रताप शाही ने कहा कि अनुग्रह बाबू राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अनन्य सहयोगी थे। बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय परिसर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा की प्रतिमा भी शीघ्र स्थापित की जाएगी। श्री शाही ने कहा कि अनुग्रह बाबू एक राजनेता के साथ संत थे, वे एक पवित्र आत्मा थे। उन्हें जनता के द्वारा बिहार विभूति कहा गया। बिहार के विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता हैं।

श्री शाही ने कहा कि महाविद्यालय के लिए भूमि दाताओं का योगदान सराहनीय कार्य हैं। यह एक पुनीत कार्य हैं। यदि किसी कारण वश आज तक भूमि दाताओं को महाविद्यालय के किसी कार्यक्रम में सम्मानित नहीं किया गया या बुलाया नहीं गया तो प्राचार्य से चाहूंगा कि आगे से जो भी महाविद्यालय में कार्यक्रम में उन्हें ससम्मान बुलाया जाए और यथोचित सम्मान दिया जाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर डॉ रमेश यादव, जिला पार्षद अनिल यादव, संजय यादव, प्रो. अनिल कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह, मनोज सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में 14 वर्षीय छात्र की मौत, सड़क जाम



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज मुख्य पथ के खैरी मुडिला मोड के पास कार के चपेट में आने से खैरी मुडिला गांव निवासी अरुण ठाकुर के 14 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार की मौत हो गयी। मृतक वार उच्च विद्यालय के नवम वर्ग का छात्र था जो बुधवार की सुबह घर से रफीगंज टयूशन पढ़ने गया था। ट्यूशन पढ़कर वापस बस से घर आ रहा था। बस से उतरकर सड़क पार करने के दौरान शिवगंज की तरफ से तेज गति आ रही कार गाड़ी टक्कर मार कर भाग गया।जिससे छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटनास्थल पर मां रूबी देवी-पिता अरूण ठाकुर का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी अवधेश सिंह, थानाध्यक्ष गुफरान अली, एस आई कविता कुमारी,परमजीत मंडल, मुखिया प्रतिनिधी बिरजा ठाकुर, जिला पार्षद विकास कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की यादव, पैक्स अध्यक्ष मोहन यादव सहित कई अन्य लोग पहूंचे। अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष द्वारा सरकारी नियमानुसार शीघ्र ही मुआवजा दिलाने की आश्वासन पर लगभग ढाई घंटा के बाद जाम हटा। मृतक दो भाई, तीन बहन में सबसे बडा भाई था।

# प्रधानमंत्री के औरंगाबाद आगमन को लेकर सांसद ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के औरंगाबाद आगमन को लेकर सांसद सुशील कुमार सिंह कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण एवं तैयारियों का जायजा लिया। सांसद ने जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी एवं कई जिला प्रशासन के पदाधिकारियों से कार्यक्रम को लेकर सभी चीजों के बारे में बारिकी से चर्चा किया।सांसद ने इस निरीक्षण के दौरान कहा कि सभी तैयारियां तेज गति से शुरू हो गया है। इस विशाल जनसभा में आने वाले सभी लोगों को पार्किंग स्थल से लेकर कार्यक्रम स्थल तक आने जाने के लिए प्रयाप्त व्यवस्था किया जाए। इस मौके पर विधान पार्षद दिलीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, पूर्व जिला महामंत्री सह पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, आशु अभिनव, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, जितेन्द्र गुप्ता, विनय शर्मा, मंटू सिंह, प्रो.नागेन्द्र सिंह, सोनू सिंह, अक्षय पांडेय, टनटन सिंह, विवेक सिंह, दीपक कुमार एवं भाजपा कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

# 75 लीटर महुआ शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर महुआ शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि सूचना मिली कि बाइक पर शराब लेकर दो युवक जा रहे है। सत्यापन को लेकर जब पुलिस गश्ती टीम निकली तो पौथू के तरफ से आ रहे बाइक से जा रहे दो युवक को बम्बई कुट्टी व घेजना के बीच रास्ते में रोककर तलाशी ली गई तो दोनों बाइक पर रखकर बोरा में बंधा हुआ दो बड़ा जार में 75 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। वही दोनो धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पहला युवक की पहचान अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी अमित कुमार के रूप में की गई है। वहीं दूसरे युवक की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के कोईलवा गांव निवासी चंदन कुमार के रूप में हुई है। मामले में एसआई अजय कुमार सिंह के बयान पर कांड संख्या 40/ 24 दर्ज किया गया है, जिसमें गिरफ्तार अमित कुमार, चंदन कुमार सहित दोनों बाइक मलिक को आरोपी बनाते हुए पुलिस दोनो बाइक को जब्त कर मामले के अनुसंधान में जुट गई है।

# रास्ता को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में मारपीट, प्राथमिकी दर

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह थाना मुख्यालय में मकान निर्माण के दौरान रास्ता को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है। थाना में दिए गए आवेदन में पीड़ित युवक गोह निवासी पंकज कुमार गुप्ता ने बताया है कि मेरा घर का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान रास्ता को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। आरोप है कि गांव के ही मुकेश प्रजापत, राजेश प्रजापत सहित अन्य लोग आये और मारपीट करने लगे। जब बीच बचाव करने मेरी मां बेबी देवी वहां पहुंची तो इन लोगों ने मेरी मां के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार करने लगे। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पंकज कुमार गुप्ता के बयान पर कांड संख्या 41/ 23 दर्ज किया गया है जिसमें मुकेश प्रजापत, राजेश प्रजापत सहित चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

# नवीनगर में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक संपन्न

निज संवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर के महाराणा प्रताप चौक के समीप राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सभी प्रकोष्ठ के जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड के पदाधिकारी के साथ बैठक किया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष समरेश कुमार उर्फ पप्पू पांडेय ने की जबकि संचालन नगर अध्यक्ष विंध्याचल सोनी ने किया। बूथ जीते चुनाव जीते संकल्प के साथ सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ने अपने बूथ को प्राथमिकता के आधार पर जितने का संकल्प लिया और प्रधानमंत्री के औरंगाबाद में आगमन पर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी से आग्रह किया। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ पटेल, अभियान समिति के अध्यक्ष सुभाष सिंह कुशवाहा, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लव सिंह, रूबी देवी, बबिता देवी, रालोमो के नेता सुजीत सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष बिमलेश सिंह, दीनबंधु धर्मराज, पंकज सिंह, गुड्डु दुबे, राकेश सिंह, सेक्टर प्रभारी नितीश कुशवाहा, रविंद्र सिंह, गोपाल ठाकुर, ललन सिंह, अशोक सिंह, कृष्णमोहन मिश्रा, सुरेश सोनी, दूधनाथ सिंह, भारत तिवारी, जयशंकर दुबे, बिपुल पांडेय, संजीव तिवारी, संजय साव, दिलीप मेहता समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# सेवानृवित शिक्षक का आकस्मिक निधन, शोक की लहर

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह के देवकुंड थाना क्षेत्र के श्री सिंह उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक दीप नारायण सिंह का आकस्मिक निधन मंगलवार को अहले सुबह हो गया। वे 75 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर मिलते ही शिक्षाविदों में शोक की लहर व्याप्त है। बुधवार को विद्यालय में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं, शिक्षक व शिक्षकेतर परिवार ने उनकी आत्मा की शान्ति को लेकर दो मिन्ट का मौन धारण किया।उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कपिलदेव सिंह ने कहा कि स्व। सिंह जबतक विद्यालय में रहे, सच्ची ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ बच्चो के बीच शिक्षा का अलख जगाते हुए विद्यालय को अग्रसारित किया। वे जब सेवानिवृत्त हुए, उसके बाद भी बच्चो के बीच हमेशा शिक्षा देते रहे। शोकसभा में प्रधानाध्यापक आलोक कुमार, पूर्व प्रधानाध्यापक कपिलदेव सिंह, रामजन्म सिंह, सफदर इमाम खा, शाहबाज हैदर खा, बृजनंदन सिंह सहित सभी छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# 48 लाख 67 हजार गबन के मामले में वितेक्षक गिरफ्तार

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र में ठाकुरबाड़ी के पास सिन्हा जनता महाविद्यालय, अकौना में पिछले वर्ष हुए गबन के मामले के आरोपी वित वितेक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि गोह थाना कांड संख्या 303/22 में 48 लाख 67 हजार रुपये गबन के मामले में आरोपी सुधीर कुमार सिंह उर्फ ब्रजेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। जब उन्हें गिरफ्तार कर थाना लाया गया तो उन्होंने अपने स्वास्थ्य को खराब बताया। इसके बाद पुलिस अभिरक्षा में उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज गया में इलाज कराया जा रहा है। गौरतलब है कि 2019 से लेकर अगस्त 2023 तक सुधीर कुमार सिंह उर्फ ब्रजेश ठाकुर बीड़ी सिन्हा महाविद्यालय अकौना में वितेक्षक के पद पर तैनात थे।आरोप था कि काउंटर से जो पैसा कलेक्शन हुआ था, उसे साजिश के तहत सभी पैसा अपने घर ले गए थे।उसके बाद कई कर्मियों की मिलीभगत से सारे पैसा गबन कर दिया था।इसके बाद प्राचार्य डॉ. भोलानाथ सिंह के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।

# सभी प्रतिष्ठानों में लगेंगे सीसीटीवी

**पटना (नि.सं.)।** राज्य में अब सभी तरह के प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए उनमें सीसीटीवी लगाए जाएंगे। बिहार राज्य में प्रतिष्ठानों के लोक सुरक्षा से संबंधित उपायों के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। इसको लेकर सरकार सदन में विधेयक ला रही है। प्रतिष्ठानों के मालिकों की तरफ से अपनी लागत पर लोक निगरानी प्रणाली जैसे सीसीटीवी की स्थापना करेंगे। किसी मामले की जांच में आवश्यकता पड़ने पर संबंधित पुलिस पदाधिकारी या जांच एजेंसी को कम से कम 30 दिनों की वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। वीडियो फुटेज को रखने और इसके मेंटेनेंस का दायित्व प्रतिष्ठान का होगा।

# श्रवण नक्षत्र के सर्वार्थ सिद्ध व शिव योग में 8 मार्च को मनेगी महाशिवरात्रि

निज संवाददाता | पटना

फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी (8 मार्च) को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इसके लिए शहर में तैयारियां शुरू हो गई है। पटना के मंदिरों में महाशिवरात्रि के मौके पर जागरण और शिव बारात निकालने की परंपरा रही है। शास्त्रों में महाशिवरात्रि का वर्णन शिव को समाधि से जाग्रत होकर सृष्टि लीला में प्रवृत होने तथा शिव पार्वती के विवाह दिवस के रूप में मनाने के रूप में मिलता है। ज्योतिषाचार्य पीके युग बताते हैं कि शास्त्रों के अनुसार इस व्रत के करने से उन्हें एक हजार अश्वमेध यज्ञ एवं सौ वाजपेय यज्ञ के पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इस बार महाशिवरात्रि सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव योग, सिद्ध योग जैसा शुभ योग मनाया जाएगा। इस दिन भी सभी ग्रहों के चार भावों में रहने से केदार योग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि महाशिवरात्रि के दिन गंगा स्नान एवं गंगाजल से शिवलिंग को अभिषेक करने से पुण्यफल की प्राप्ति होती है। इस दिन शिव पंचाक्षर स्रोत और शिव सहस्त्रनाम, महामृत्युंजय पाठ करना काफी शुभ दायक होता है। भगवान शिव की विशेष पूजा के लिए पहचाने जाने वाले अध्यात्मिक गुरु आर्ट ऑफ लिविंग के श्रीश्री रविशंकर और ईशा फाउंडेशन के सद्गुरु के शिष्यों द्वारा पटना में विशेष पूजन कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। ईशा योग केन्द्र के बिहार प्रभारी नवनीत कुमार बताते हैं कि महाशिवरात्रि के मौके पर कोयम्बटूर में सद्गुरु के नेतृत्व में होने वाले महाशिवरात्रि के विशेष पूजन, रूद्राक्ष पूजन और ध्यान आदि का सीधा प्रसारण पटना के भागवत नगर स्थित सुगंध विहार कॉलोनी में बिहार उत्सव पैलेस में पूरी रात दिखाया जाएगा। वहीं आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों का जुटान महाशिवरात्रि के मौके पर बैंकरोड स्थित दादीजी मंदिर में होगा।

# इंदल चंद्रवंशी भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रदेश प्रभारी बने

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी इंदल चंद्रवंशी को मनोनीत किए जाने पर औरंगाबाद के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। गौरतलब है कि इंदल चंद्रवंशी जिले के विभिन्न संस्थानों से जुड़े हुए हैं। इनके मनोनयन पर बधाई का तांता लगा हुआ है। इंदल चंद्रवंशी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को धन्यवाद दिया और कहा कि पार्टी ने जिस काम का हमे भार दिया है, उसे ईमानदारी पूर्वक निभाएंगे।

# साहित्यकार डॉ. अभिषेक की कीर्ति विश्व कीर्तिमान की पुस्तक में हुई दर्ज

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** राष्ट्र लेखक पुरस्कार से सम्मानित औरंगाबाद के साहित्यकार डॉ. अभिषेक कुमार द्वारा लिखित नेपाली और अंग्रेजी सहित कुल 26 भारतीय भाषाओं में एक साथ प्रकाशित 'आधुनिक भारत के निर्माण में सद्गुरु कबीर का योगदान' नामक पुस्तक विश्व कीर्तिमान की किताब में दर्ज हुई है। पुस्तक का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, थाईलैंड में दर्ज हुआ है। वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज होने का प्रमाण पत्र वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, थाईलैंड के प्रतिनिधि प्रेम प्रकाश, कल्कि पीठाधीश्वर संभल के आचार्य प्रमोद कृष्णन जी महाराज, हरियाणा के स्वामी संपूर्णानंद सरस्वती जी महाराज और सौहार्द शिरोमणि डॉ सौरभ जी महाराज द्वारा संयुक्त रूप से नई दिल्ली के जनपथ रोड स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हॉल में आयोजित कबीर कोहिनूर सम्मान समारोह में पुस्तक के लेखक डॉ. अभिषेक कुमार को संयुक्त रूप से प्रदान किया। गौरतलब है कि डॉ. अभिषेक कुमार ने भारत भूषण महंत डॉ. नानक दास जी महाराज के मार्गदर्शन में 'आधुनिक भारत के निर्माण में सद्गुरु कबीर का योगदान' पुस्तक की रचना की है। इस पुस्तक का लोक मंगल हित में प्रासंगिकता को देखते हुए भारत के लगभग समस्त भाषाओं के भाषाविदो ने अपनी अपनी क्षेत्रीय भाषा में इस पुस्तक अनुवाद किया है, जिसका पिछले वर्ष 05 फरवरी 2023 को नई दिल्ली में आयोजित कबीर कोहिनूर सम्मान समारोह में नेपाली और अंग्रेजी सहित कुल 26 भारतीय भाषाओं में एक साथ विमोचन हुआ था जो दिव्य प्रेरक कहानियां के वेबसाइट पर दृष्टव्य है। ऐसा कारनामा करने वाले डॉ. अभिषेक कुमार दुनियां में अकेले लेखक हैं। भारत सहित विश्व साहित्य के इतिहास में कोई पुस्तक एक साथ इतनी भाषाओं में विमोचित नहीं हुई है। इस अद्वितीय कार्य के लिए उन्हें इसके पूर्व भी राष्ट्र लेखक की उपाधि और साहित्य में डॉक्टरेट की मानद उपाधि भी मिल चुकी है। साहित्यकार डॉ. अभिषेक कुमार द्वारा समाज में नैतिकता, मानवीय मूल्यों को प्रगाढ़ करने के लिए दिव्य प्रेरक कहानियाँ मानवता अनुसंधान केंद्र की स्थापना की गई है। इस शोध संस्थान में अब तक देश भर से 86 शोधार्थियों का पंजीकरण हो गया है जो व्यहवहार जगत मानवता के भिन्न भिन्न विषयों पर अनुसंधान कर रहे हैं। इस प्रकार की शोध परिकल्पना भी अपने आप में अनोखी तथा जन कल्याणकारी है।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433